CMYK

सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-98 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 15 सितम्बर 2023
28 सफ़र, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

G20



Ideal Wedding Destination
LALBAGH
LAWN & BANQUET
Next To Nishat Hospital, Lalbagh, Lucknow
Bookings Open
Also Contact For Catering With Muqim Price & Service Gaurantee
+91- 8004208938, 9161111102

# सीएम ने एनएसजी व यूपी पुलिस का देखा शौर्य

## विधानभवन और लोकभवन पर हुआ था आपरेशन गांडीव

- लखनऊ एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर भी आतंकी हमले की स्थति पर एनएसजी से संभाला मोर्चा

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय में एनएसजी कमांडो ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष आतंकी हमले के दौरान बचाव की कार्रवाई का प्रदर्शन किया। माक ड्रिल के बाद मुख्यमंत्री को एनएसजी व यूपी पुलिस के संयुक्त अभ्यास गांडीव-5 कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई।

आतंकी घटना की स्थिति में पुलिस बल द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्रवाई से लेकर सुरक्षा प्रबंधों को परखा गया। आपात स्थिति से निपटने के लिए यूपी पुलिस अपनी तैयारियों को और पुख्ता कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हर जानकारी को बारीकी से समझते हुए नजर आए। गांडीव-5 के तहत लोक भवन पर बुधवार रात हुए आतंकी हमले की मॉक ड्रिल में जहां एटीएस ने मोर्चा लिया वहीं दूसरे दिन गुरुवार को एनएसजी कमांडो ने एक्शन लिया। एम आई 17 और चौपर हेलीकॉप्टर से कमांडो सुबह ठीक 7.35 बजे लोक भवन पर उतरे थे और आतंकी हमले को नाकाम किया था। 26/11 की तरह भीतर कई वीआइपी के साथ बड़ी संख्या में अधिकारियों और नागरिकों के आतंकियों के कब्जे में होने की सूचना पर एक्शन शुरू हुआ। हेलीकॉप्टर से विधान भवन पर कूदने के बाद कमांडो अलग अलग दिशा में फैल गए। कमांडो को छोड़कर हेलीकॉप्टर वहां से चला जाता है। दरअसल मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले के बाद एनएसजी कमांडो ने मोर्चा संभाला था। इस आतंकी हमले के बाद से देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को आतंकी हमले के समय सुरक्षित रखने के लिए यह माकड्रिल होती है।





### एडवांस वेपन्स का प्रयोग कर हमला किया नाकाम

माकड्रिल के दौरान एनएसजी कमांडो ने आधुनिक हथियार वाल रडार, रोडो सर्विलांस कैमरा और मिनी ड्रोन का इस्तेमाल किया। आइईडी लगाकर धमाके के साथ एक दरवाज़े को तोड़ते हुए दुश्मन के ऊपर धावा बोल देते हैं। इन सारे एक्शन को कैमरे के जरिए दूसरी टीम भी देखती है।

# आजम खां के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी जारी

- अधिकारियों को मिले अहम दस्तावेज
- आजम की मुंह बोली बेटी हैं एकता



**गाजियाबाद।** सपा नेता आजम खां की करीबी एकता कौशिक के राजनगर सेक्टर - नौ स्थित कोठी में दूसरे दिन भी आयकर विभाग का छापा जारी रहा। इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी आयकर विभाग के अधिकारियों को मिले हैं, जिनको जांच के लिए कब्जे में लिया गया है।

राजनगर सेक्टर नौ में एकता कौशिक परिवार के साथ रहती हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व सपा के कद्दावर नेता आजम खां से उनके व उनके परिवार के अच्छे संबंध हैं। बुधवार सुबह छह बजे आयकर विभाग की टीम ने एकता कौशिक की कोठी में छापेमारी की। इस दौरान मुख्य दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया गया था, किसी को भी बाहर नहीं जाने दिया गया। दूसरे दिन भी लगातार आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा कोठी में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान बाहर से खाना भी मंगाया गया, दोपहर के वक्त एक व्यक्ति को खाना लेकर अंदर जाते हुए देखा गया। दोपहर पौने तीन बजे कोठी के अंदर से दो व्यक्ति कुछ दस्तावेज लेकर बाहर आते दिखे। उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। ये दोनों व्यक्ति आयकर विभाग की टीम के सदस्य बताए जा रहे हैं। उनके जाने के बाद भी कोठी के अंदर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी थी, जिससे यह स्पष्ट है कि कोठी में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है।

## न्यूज डायरी

### अनंतनाग में एनकाउंटर

**जम्मू।** कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों का एनकाउंटर गुरुवार 14 सितंबर को भी जारी रहा। पूरे दिन गोलीबारी की आवाजें सुनाई देती रहीं। बीच-बीच में धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं। पूरे इलाके पर नजर रखने के लिए सुरक्षा बलों ने क्वाडकॉप्टर (छोटे हेलिकॉप्टर) और ड्रोन की मदद ली। सेना के एक अफसर के अनुसार माना जा रहा है कि आतंकवादी गडोले के जंगल में पहाड़ की एक प्राकृतिक गुफा में छिपे हुए हैं। सेना और पुलिस कर्मियों ने इलाके की चारों ओर से कड़ी घेराबंदी कर रखी है।

### बढ़ रहा निपाह वायरस

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोझिकोड में लगातार निपाह वायरस के केस सामने आने के बाद हालत चिंताजनक हो गई है। अब तक यहां निपाह वायरस के पांच केस सामने आ चुके हैं। हाल ही में एक हेल्थ वर्कर की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। जबकि, 9 साल के बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। इस वायरस के चलते अब तक कोझिकोड में दो लोगों की जान भी जा चुकी है। फिलहाल तीन मरीज संक्रमित हैं। हाल-फिलहाल में 24 साल के एक हेल्थ वर्कर के संक्रमित होने की बात सामने आई है।

### नरेश की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने गुरुवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने इसी के साथ गोयल को दक्षिण मुंबई की आर्थर रोड जेल भेजने का उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में लंबी पूछताछ के बाद 1 सितंबर को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गोयल को गिरफ्तार किया।

## मप्र में पीएम मोदी ने बीना रिफाइनरी में पेट्रो केमिकल प्लांट की आधारशिला रखी

# घमंडिया गठबंधन सनातन को करना चाहता है समाप्तः मोदी

- जी-20 की सफलता का श्रेय मोदी को नहीं, आप सभी लोगों को जाता हैः मोदी
- हमने मध्य प्रदेश को भय से मुक्ति दिलाई



**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और राज्य भर में दस नई औद्योगिक परियोजनाओं सहित 50,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उनके आगमन पर बीना में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में 50,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं और इससे राज्य के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं शिवराज सिंह चौहान और उनकी सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे आने और राज्य के लोगों से मिलने का अवसर दिया। आज हम 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। हमारे देश में कई राज्यों का बजट भी 50,000 करोड़ रुपये नहीं है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने मध्य प्रदेश को भय से मुक्ति दिलाई, क़ानून व्यवस्था को स्थापित किया। विपक्षी गुट इंडिया पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी घमंडिया कहा। मोदी ने कहा कि इस इंडिया गठबंधन के पास कोई नेता नहीं है। उन्होंने भारत की संस्कृति पर हमला करने के लिए एक छिपे हुए एजेंडे पर भी फैसला किया है। इंडिया गठबंधन सनातन संस्कृति को खत्म करने के संकल्प के साथ आया है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ कुछ ऐसे दल भी हैं, जो देश और समाज को विभाजित करने में जुटे हैं। इन्होंने मिलकर एक इंडिया गठबंधन बनाया है, जिसे कुछ लोग घमंडिया गठबंधन भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आस्था पर चोट करना इनकी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इनका नेता तय नहीं है, नेतृत्व पर भ्रम है। लेकिन इन्होंने अपनी मुंबई मीटिंग में ये घमंडिया गठबंधन कैसे काम करेगा इसकी नीति और रणनीति बना दी है।

### छत्तीसगढ़ देश का विकास है पावर हाउस की तरहः पीएम

- छत्तीसगढ़ को 6350 करोड़ की रेल परियोजनाओं की सौगात दी

**रायपुर।** रायपुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ के कोड़ातराई में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में एक और बड़ा कदम उठा रहा है। आज छत्तीसगढ़ को 6400 करोड़ से भी अधिक रेल परियोजनाओं का उपहार मिल रहा है। छत्तीसगढ़ का सामर्थ्य ऊर्जा उत्पादन में बढ़ाने के लिए और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए आज अनेक नई योजनाओं का शुभारंभ हुआ है। आज यहां सिकलसेल काउंसिलिंग कार्ड भी बांटे गए। पीएम मोदी ने कहा, आधुनिक विकास की तेज रफ्तार के साथ ही गरीब कल्याण की भी तेज रफ्तार का भारतीय मॉडल, आज पूरी दुनिया देख रही है। उसकी सराहना हो रही है। आप सभी ने देखा है कुछ दिन पहले जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान बड़े-बड़े देशों के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली आए थे। सभी भारत के विकास और गरीब कल्याण के प्रयासों से प्रभावित हुए हैं। आज दुनिया की बड़ी-बड़ी संस्थाएं भारत की सफलता से सीखने की बात कर रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज विकास में देश के हर राज्य को हर इलाके को बराबर की प्राथमिकता मिल रही है। जैसा कि उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने कहा कि हमें मिलकर देश को आगे बढ़ाना है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ का यह इलाका भी इसका गवाह है। पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ हमारे लिए देश के विकास में पावर हाउस की तरह है। देश को भी आगे बढ़ाने की ऊर्जा तभी मिलेगी जब उसके पावर हाउस अपनी पूरी ताकत से काम करेंगे। इसी सोच के साथ बीते 9 वर्षों में हमने छत्तीसगढ़ के बहुमुखी विकास के लिए निरंतर काम किया है। उस विजन का उन नीतियों का परिणाम आज हमें देखने को मिल रहा है। आज छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की ओर से हर क्षेत्र में बड़ी योजनाएं पूरी की जा रही हैं।

# टीवी एंकरों का बायकाट करेगा 'इंडिया'

- नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे, हमारा मकसद नफरत मुक्त भारतः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' ने 10 चैनल्स के 14 टीवी एंकर्स का बायकॉट करने का फैसला किया है।

उन्होंने इसके लिए न्यूज एंकर्स की लिस्ट भी जारी की है। इन एंकर्स के नाम अदिति त्यागी, अमन चोपड़ा, अमीश देवगन, आनंद नरसिम्हा, अर्णब गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, चित्रा त्रिपाठी, गौरव सावंत, नविका कुमार, प्राची पाराशर, रुबिका लियाकत, शिव अरूर, सुधीर चौधरी और सुशांत सिन्हा हैं। सभी अलग-अलग टीवी चैनल में शो होस्ट करते हैं। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर स्टेटमेंट जारी करके कहा- हर रोज शाम 5 बजे कुछ टीवी चैनल्स पर नफरत का एक बाजार सजाया जाता है।

ऐसे में इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि हम नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे हमारा उद्देश्य है 'नफरत मुक्त भारत' जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक हुई थी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत 28 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में कोऑर्डिनेशन और कैंपेन समेत 5 कमेटियां बनाई गई।

### संसद सत्र के लिए बनी रणनीति

5 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में दिल्ली में इंडिया के कैंपेन कमेटी की पहली बैठक हुई थी। इसमें मध्य प्रदेश समेत 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कैंपेन की तैयारी पर चर्चा हुई। साथ ही 18 से 22 सितंबर तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलमेंटल इनक्लूसिव अलायंस की चौथी बैठक दिल्ली में होगी। हालांकि इस बैठक के भोपाल में भी होने की चर्चा है।

# थर्मन शनमुगरत्नम ने सिंगापुर के राष्ट्रपति पद की ली शपथ

- हलीमा याकूब का लिया स्थान
- 70.4 फीसदी वोट हासिल किए



**सिंगापुर।** भारतवंशी अर्थशास्त्री थर्मन शनमुगरत्नम ने गुरुवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। थर्मन शनमुगरत्नम सिंगापुर के नौवें राष्ट्रपति बन गए।

बता दें कि 154 साल पुराने महल इस्ताना में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतवंशी मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन ने इस्ताना में थर्मन शनमुगरत्नम को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। इस्ताना राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास और कार्यालय है। इस्ताना में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री ली सीन लूंग, मंत्रिमंडल के सदस्य सहित कई अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। 66 वर्षीय थर्मन शनमुगरत्नम ने हलीमा याकूब का स्थान लिया। हलीमा याकूब सिंगापुर की पहली महिला राष्ट्रपति थीं और 13 सितंबर को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। साल 2001 में राजनीति में कदम रखने वाले थर्मन शनमुगरत्नम ने एक सितंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में सबसे ज्यादा 70.4 फीसदी वोट हासिल किए। इस चुनाव में उन्होंने चीनी मूल के एनजी कोक सॉन्ग और टैन किन लियान को मात दी थी। एनजी कोक सॉन्ग को महज 15.72 फीसदी, जबकि टैन किन लियान को 13.88 फीसदी वोट मिले।

# बच्ची को पीटने वाली बाल अधीक्षिका गिरफ्तार

- बाल सुधार गृह नहीं टॉर्चर होम मामला
- मिली एक सप्ताह की अंतरिम जमानत



**आगरा।** आगरा के राजकीय बालगृह (शिशु) में बच्ची की चप्पल से पिटाई के मामले में आरोपी निलंबित की गई अधीक्षिका पूनम पाल को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से अंतरिम जमानत मिल गई। मुकदमे में अन्य कर्मचारी भी आरोपी बनाए गए हैं। उनकी भी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है।

मंगलवार को पूनम पाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वह राजकीय बालगृह में आवासित बच्ची की चप्पल से पिटाई कर रही थीं। यह 4 सितंबर का था। दूसरा वीडियो एक बच्चे के हाथ-पैर बंधे होने का था। वह फर्श पर जमीन पर लेटा हुआ था। मामले में बालगृह की आयाओं ने डीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) अजयपाल सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट आनंद कुमार को जांच के आदेश किए थे। अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद अधीक्षिका पूनम पाल को निलंबित किया गया था। बुधवार को बालगृह के प्रभारी अधीक्षक शिव कुमार ने थाना शाहगंज में पूनम पाल के खिलाफ किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम 2015) की धारा 75 में मुकदमा दर्ज कराया। इसमें मारपीट की धारा की भी वृद्धि की गई।

### मुंबई हवाई अड्डे के रनवे पर फिसला चार्टर्ड विमान

**मुंबई।** मुंबई हवाईअड्डे पर गुरुवार को एक चार्टर्ड विमान लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गया। विमान में आठ लोग सवार थे। सभी घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की गंभरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रनवे से फिसलने के बाद विमान दो टुकड़ों में बंट गया। रनवे पर हादसे के बाद सभी परिचालन बंद कर दिया गया। हालांकि, थोड़ी देर के बाद परिचालन फिर से बहाल भी कर दिया गया। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बताया कि विमान में सवार सभी आठ लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बताया कि विशाखापत्तनम से मुंबई आया वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 विमान वीटी-डीबीएल विमान मुंबई हवाई अड्डे के रनवे 27 पर उतरते समय फिसल (वेर ऑफ) गया। विमान में छह यात्री और दो चालक दल के सदस्य सवार थे।

# एएसआई सर्वे में मिले साक्ष्य सुरक्षित रखे जाएंगे

## जिला अदालत का आदेश, मसाजिद कमेटी ने जताई आपत्ति

- ज्ञानवापी परिसर में सर्वे का 40वां दिन
- सर्वे का शांतिपूर्ण तरीके हुआ काम



**वाराणसी।** वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी मामले में वादिनी राखी सिंह के आवेदन पर गुरुवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत का आदेश आ गया। ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर जारी सर्वे में मिले साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए टीम बनाकर निगरानी की बात भी कही।

अदालत ने यह एएसआई से यह भी कहा है कि सर्वे में मिले अब तक साक्ष्यों की एक सूची बनाकर जिला मजिस्ट्रेट और कोर्ट को सौंपे। जिला जज की अदालत ने आदेश में कहा कि एएसआई सर्वे में मिले सभी साक्ष्य और अवशेषों को पूरी तरह से सुरक्षित रखा जाए ताकि जांच में पारदर्शिता रहे और आवश्यकता पड़ने पर इन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जा सके। जिला जज ने यह आदेश मां श्रृंगार गौरी वाद की वादिनी राखी सिंह के आवेदन पर उनका और विपक्षी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी का पक्ष सुनने के बाद दिया है। मसाजिद कमेटी ने राखी सिंह के आवेदन पर आपत्ति दाखिल की थी। इसी के साथ जिला जज ने चार अन्य महिला वादिनियों और अन्य लंबित आवेदनों पर सुनवाई के लिए 21 सितंबर की तिथि नियत कर दी। सर्वे में वाराणसी, पटना, कानपुर, दिल्ली और हैदराबाद की टीमें शामिल हैं। एएसआई को छह अक्तूबर तक सर्वे कर रिपोर्ट अदालत में दाखिल करनी है। जिला जज की अदालत ने सभी पक्ष और अधिकारियों को इस मामले में बयानबाजी और टिप्पणी नहीं करने का आदेश दिया है। ज्ञानवापी में अधिवक्ता आयुक्त के कमीशन और एएसआई सर्वे के दौरान मिले हिंदू धर्म से संबंधित चिह्नों और प्रतीकों के संरक्षण का वाद बीते अगस्त माह में मां श्रृंगार गौरी की वादिनी राखी सिंह ने दाखिल की थी। वादिनी के अधिवक्ता सौरभ तिवारी और अनुपम द्विवेदी ने बताया कि यह आवेदन इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में दिया गया था।

> ज्ञानवापी में वजूस्थल को छोड़कर संपूर्ण परिसर का वैज्ञानिक सर्वे जारी है। गुरुवार को सर्वे का 40वां दिन है। वैज्ञानिक रूप से संरचनाओं की जांच करने के लिए कार्यशील फर्श के स्तर से ऊपर के मलबे आदि की सफाई जारी है। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के अनुसार दोनों पक्षों और उनके अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सर्वे का काम शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है।

CMYK

# गांव में कटान शुरू हुआ तो लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया

अवधनामा ब्यूरो

- माह के अंत में जब कटान थमा तो बाकी लोग गांव में ठहर गए
- लेकिन हारकर उन्हें भी घर छोड़कर जाना पड़ा
- अब गांव में सिर्फ पांच घर बचे हैं उनमें भी सन्नाटा है
- यहां कोई नजर नहीं आ रहा है

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला और ब्लॉक बिजुआ की ग्राम पंचायत करसौर के मजरा चकपुरवा में अब सिर्फ पांच घर बचे हैं। 55 घरों वाले इस मजरे का वजूद मिटने की कगार पर है। अगस्त माह से अब तक इस गांव के 50 घर कट कर नदी में समा गए हैं शारदा नदी का जलस्तर घटने से कटान तेज हो गया है। पिछले 24 घंटे में ग्रामीण कल्लू का एक घर और नदी में समा गया। अब गांव में जिन पांच लोगों के घर बचे हैं, उनमें वेद वेदप्रकाश, जगमोहनलाल, ओमप्रकाश, पूर्व प्रधान अजयकुमार, जितेंद्र कुमार के घर शामिल हैं। पूर्व प्रधान ओमप्रकाश का कहना है कि कटान का खतरा टला नहीं है। जिस तरह से उमस भरी गर्मी पड़ रही है और बादल छाए हुए हैं, उससे तेज बारिश होने के आसार हैं बारिश होने की दशा में शारदा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो चकपुरवा गांव जिले के नक्शे से गायब हो जाएगा। सिंचाई विभाग बाढ़ खंड गांव का कटान से बचाने का कोई इंतजाम नहीं कर पाया है अगस्त माह में जब गांव में कटान शुरू हुआ तो चकपुरवा गांव के लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया था। माह के अंत में जब कटान थमा तो बाकी लोग गांव में ठहर गए, लेकिन हारकर उन्हें भी घर छोड़कर जाना पड़ा। अब गांव में सिर्फ पांच घर बचे हैं, उनमें भी सन्नाटा है। यहां कोई नजर नहीं आ रहा है। उधर, चकपुरवा गांव में प्रशासन की तरफ से कोई सहायता भी नहीं पहुंची है। जबकि, कटान पीड़ित इधर-उधर कहीं रिश्तेदारी तो कहीं अन्य जगहों पर भटक रहे हैं।

## क्राइम ब्रांच ने दो सर्राफा व्यापारियों को उठाया

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ क्राइम ब्रांच ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके ऊपर लखनऊ में चेन स्नैचिंग कर लखीमपुर के दो सर्राफा व्यापारियों को बेचने का आरोप है। पुलिस ने दोनों व्यापारियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस तीनों को लेकर लखनऊ चली गई है। लखनऊ क्राइम ब्रांच के अनुसार उनके वहां पिछले काफी समय से लगातार चेन स्नैचिंग की घटनाएं हो रही थी। घटना को खोलने में लगी पुलिस को पता चला की घटनाओं को लखीमपुर शहर की गढ़ी रोड निवासी एक बदमाश अंजाम ले रहा है। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने कई घटनाओं को करना स्वीकार किया है। बदमाश ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने लूटी गई चेनों को लखीमपुर के दो सर्राफा व्यापारियों को बेचा है। लखनऊ पुलिस ने बदमाश की निशानदेही पर गुरुवार को लखीमपुर शहर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस शहर के दोनों व्यापारियों को उठा ले गई।

# ओबीसी के इण्टर पास बेरोजगार युवाओं को 'ओ' लेवल व सी.सी.सी. कम्प्यूटर ट्रेनिंग की समय सारिणी जारी

अवधनामा संवाददाता

**यह है योजना की अर्हता-शर्त**

इस योजना के तहत तहसीलदार द्वारा जारी रु. एक लाख मात्र तक का आय प्रमाण हो। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडियट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता जरूरी है। तहसीलदास द्वारा जारी पिछड़े वर्ग का जाति प्रमाण पत्र, आवेदक के आधार कार्ड की प्रति, प्रशिक्षणार्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो।

**लखीमपुर खीरी।** निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उप्र लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण शुरू कराये जाने के सम्बन्ध में संशोधित समय-सारणी निर्गत की। इसके तहत शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को ÷ओ÷ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु अर्हता / शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए। उक्त आशय की जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओ-लेवल/ सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उ0प्र0 की बेवसाइट http://backwardwelfare up.gov.in एवं http://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से जनसुविधा केन्द्रों, साईबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र द्वारा स्वयं आनलाइन आवेदन 14 सितम्बर से 20 सितम्बर तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के समय शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। आनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंटआउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों /औपचारिकओं (आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेख) को संलग्न करते हुए उसकी हार्डकापी कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, द्वितीय तल, विकास भवन, लखीमपुर खीरी में 21 सितम्बर की सायं 05 बजे तक जमा की जायेगी।

## जिलाबदर अभियुक्त को घर से किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा जिलाबदर अभियुक्त सनी यादव पुत्र जगदीश नि0 कस्बा व थाना मितौली जनपद खीरी को अभियुक्त के घर कस्बा मितौली से गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना मितौली पर मु0अ0सं0 415/2023 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## अधिवक्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



**लखीमपुर खीरी।** हापुड़ घटना के विरोध को लेकर मितौली तहसील के अधिवक्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला थाना अध्यक्ष मितौली बोले मुझे जानकारी ही नहीं है भगवा रंग की वेशभूषा पहनाकर फूंका गया मुख्यमंत्री का पुतला पुलिस रही नदारत, फूंक दिया गया मुख्यमंत्री का पुतला।

## वकीलों ने धरना प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश सरकार का जलाया पुतला



**लखीमपुर खीरी।** बार एसोसिएशन मोहम्मदी में वकीलों ने धरना प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला तहसील गेट के सामने जलाया मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह के चचेरे भाई फूंक रहे पुतला आलोक सिंह बार अध्यक्ष मोहम्मदी- मोहम्मदी विधायक के रिश्ते में है भाई।

# माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता


**गौतमबुद्धनगर/ जहांगीरपुर।** दयानातपुर के इंटर कॉलेज में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मंजीत सिंह ठाकुर के साथ भाजपा आईटी जिला संयोजक चन्द्रमणि भारद्वाज ने प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी जी के सानिध्य में छात्र छात्राओं को देशव्यापी मेरी माटी मेरा देश अभियान के बारे में जानकारी दी। और शहीदों को नमन कराते हुए घर घर से लाई माटी को ßअमृतß्कलश में एकत्रित कराया। मुख्यवक्ता चन्द्रमणि भारद्वाज ने बताया कि आजादी के स्वर्णकाल (शताब्दी वर्ष) में देश के गुमनाम अमर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए गांव गांव , घर घर से भी माटी को अमृत कलश में एकत्र कर उसे गांव में बनाए गई द्य अमृत वाटिका में रख कर पंच प्रणों की शपथ ली जा रही है। 7500 कलश में लाई जा रही मिट्टी को मिलाकर देश की राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नेशनल वार मेमोरियल के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। ये अमृत वाटिका' 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। हमें अपनी देश की माटी से जुड़ने का यह एक सुअवसर है। चंद्रमणि भारद्वाज जी ने सभी अध्यापकों, छात्र छात्राओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई। युवा नेता मंजीत ठाकुर जी ने बताया कि हमें अपने शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को यह अमृत वाटिका हमेशा याद दिलाएगी कि कैसे हमें आजादी मिली , जिन शहीदों ने हमें अपने प्राणों की आहुति दे कर स्वत्रंता दिलाई हमें उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए आज हम सभी उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**गाजियाबाद।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, गाजियाबाद द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रगति पुस्तिका सितम्बर-2023 के सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल द्वारा अपने कार्यालय, विकास भवन में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक श्री प्रदीप नारायण दीक्षित, उपायुक्त श्रम रोजगार श्री राम उदरेज यादव और जिला पंचायती राज अधिकारी श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को समीक्षा के मुख्य बिन्दुओं स्वच्छ भारत मिशन, केन्द्रीय वित्तीय आयोग, जिला ग्राम्य अभिकरण में कार्यरतों के कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना, क्लस्टर में सीजीएफ कार्य, सांसद आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# युवराज दत्त महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस, विचार गोष्ठी तथा कविता पाठ का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त महाविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया। इस पर अवसर मेहाविद्यालय में विचार गोष्ठी तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ.) हेमंत कुमार पाल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके पश्चात परास्नातक की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । तदुपरांत कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य महोदय तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करतल ध्वनि से किया गया।राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य सौरभ वर्मा ने संक्षेप में हिन्दी की सवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डाला।बी. ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र दुर्गेश चमन द्वारा हिन्दी भाषा के महत्व को दर्शाती हुई कविता प्रस्तुत की गयी। महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो नीलम त्रिवेदी ने राष्ट्र के विकास हेतु हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ-साथ स्वरचित कविता सुनायी। प्रो नूतन सिंह ने व्यक्तित्व निर्माण में साहित्य के प्रभाव को रेखांकित किया। सहायक आचार्य श्री धर्म नारायण ने हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए कार्य कर रही संस्थाओं के विषय के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इसी क्रम में बी. ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा काशिफा ने केदारनाथ अग्रवाल की कविता वसंती हवा का सस्वर वाचन करके सभी का मन मोह लिया। महाविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चंद्रा ने हिन्दी भाषा में हो रहे नवीन प्रयोगों की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम के अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि हिन्दी राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति है तथा महाविद्यालय हिन्दी के विकास के लिए कृतसंकल्प है।हिन्दी विभाग प्रभारी देशराज ने हिन्दी विभाग द्वारा वर्ष भर चलने वाली गतिविधियों का खाका प्रस्तुत करने के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य महोदय, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में प्रो. डी. के. सिंह, प्रो0 विशाल द्विवेदी, प्रो0 ज्योति पंत, डॉ डी. एन. मालपानी, डॉ. डॉ अमित ओ. पी. सिंह, डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार, मोहम्मद आमिर रचित कुमार सिंह, विनयतोष गौतम के साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अपराधियों को रोकने में नाकाम साबित हो रहे चौकी इंचार्ज

- फूलंडी चौकी इंचार्ज पर फरियादियों ने लगाया गंभीर आरोप
- फूलंडी चौकी इंचार्ज से नहीं संभल रही चौकी

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** रायबरेली में पुलिस प्रशासन के इतना अलर्ट होने के बावजूद भी अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं। अपराधियों पर लगाम लगाने से इतर सांठ गांठ करने में मशगूल चौकी इंचार्ज थुलेंडी शिव बाबू से फरियादी त्रस्त हैं, न्याय की आस में चौकी जाने वाले फरियादियों को बातों से संतुष्ट किया जा रहा है,और फरियादी के विपक्षी से सांठ गांठ कर संरक्षण प्रदान करने जैसे आरोप चौकी इंचार्ज पर लगातार लग रहे हैं, मामले उच्च अधिकारियों तक भी पहुंच रहे हैं, किंतु चौकी इंचार्ज की ऊंची पहुंच कहें या फिर और कुछ जैसा भी हो लेकिन पीड़ित फरियादियों के साथ लगातार हो रही ना इंसाफी और इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद भी चौकी इंचार्ज के कार्य व्यवहार में बदलाव ना होने से चौकी क्षेत्र के लोगों में रोष है,ताजा मामला थुलेंडी चौकी क्षेत्र के बल्दीखेड़ा मजरे पहनासा गांव का है, जहां के रहने वाले मनोज कुमार पुत्र राम बहादुर ने क्षेत्राधिकारी महराजगंज को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके घर को आने वाले रास्ते को अजीत पुत्र रामप्रकाश अनुराग पुत्र राम प्रकाश अजय पुत्र राम प्रकाश ने दीवाल बनाकर कांटा बांस आदि लगाकर बंद कर दिया गया है, जिसकी शिकायत उसने कई बार चौकी इंचार्ज थुलेंडी से की लेकिन चौकी इंचार्ज द्वारा सिर्फ 151 की कार्रवाई कर मामले में इति श्री कर ली गई वहीं पीड़ित मनोज कुमार ने चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाते हुए दिए गए शिकायती पत्र में कहा है, कि विपक्षियों द्वारा चौकी इंचार्ज की मिली भगत से रास्ते को बंद किया गया है, चौकी इंचार्ज का विपक्षियों पर संरक्षण है, जिससे विपक्षी दबंगई पर उतारू हैं, और रास्ता बंद होने से उसे अपने घर आने जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में सीओ इंद्र पाल सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## वन रेंजर केके जैन को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते पकड़ा

**हरदोई।** पेड़ काटने के लिए परमिट के बदले सुविधा शुल्क मांगना रेंजर को महंगा पड़ गया। पीड़ित ने एंटी करप्शन से सुविधा शुल्क मांगे जाने की शिकायत की थी। जिस पर एंटी करप्शन टीम ने रेंजर को रंगे हाथों पकड़ लिया।जानकारी के अनुसार बिलग्राम क्षेत्र में तैनात रेंजर केके जैन को एंटी करप्शन टीम ने सुविधा शुल्क लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। प्रकरण के संबंध में जानकारी मिली है कि एक व्यक्ति अपनी आवश्यकता के लिए पेड़ काटना चाहता था। जिसके लिए उसने परमिट के लिए आवेदन किया था। परमिट जारी करने के बदले में रेंजर ने सुविधा शुल्क की मांग की थी। पीड़ित व्यक्ति ने सुविधा शुल्क मांगे जाने से की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। उसकी शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने बुधवार की शाम रेंजर के के जैन को रंगे हाथों पकड़ लिया।

# जनपदीय ज्ञान विज्ञान मेला में बच्चों ने लहराया अपना परचम



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला खतराना स्थित श्री सीताराम सरस्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल बिलग्राम हरदोई में आयोजित जनपदीय ज्ञान विज्ञान गणित मेला एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन अनिल राठौर नगर पालिका अध्यक्ष, श्याम मनोहर शुक्ल संभाग निरीक्षक लखनऊ नीरज गुप्ता प्रबंधक तथा अनुज कुमार प्रधानाचार्य बाबा मंशा नाथ इंटर कॉलेज बिलग्राम ने किया। ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी गणित, सांस्कृतिक प्रश्न मंच, नवाचार, कचरा प्रबंधन, कथा कथन,मूर्ति कला निर्माण,वैदिक गणित की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे 14 शिशु मंदिर के कुल 209 बच्चों ने प्रतिभाग लिया।जिसमें 52 बच्चों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ , 37 को द्वितीय एवं 26 बच्चों को तृतीय स्थान प्राप्त हुए। जिसमे बिलग्राम कस्बे के श्री सीताराम सरस्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने वैदिक गणित में शिशु वर्ग एवम बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सांस्कृतिक प्रश्न मंच मे किशोर वर्ग को प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा माडल प्रतियोगिता में पली शिशु मंदिर के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रम्हचारी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए आगामी प्रांतीय प्रतियोगिताओं हेतु विजयी आशीर्वाद भी प्रदान किया।इसके साथ साथ प्रधानाचार्य ने बच्चों की सफलता के लिए विद्यालय में प्रतियोगिता की तैयारी कराने वाले सभी आचार्यो की प्रशंसा भी की।इस मौके पर श्याम मनोहर शुक्ल संभाग निरीक्षक लखनऊ,जिला प्रमुख देवेंद्र पाल सिंह,विद्यालय के प्रबंधक नीरज गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य ब्रम्हचारी सहित अन्य शिक्षक, शिक्षकाएं मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन के लिए राज्य कर्मचारी हुए लामबंद



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** पुरानी पेंसन बहाली के लिए राज्य कर्मचारी लामबंद हुए है। बिलग्राम में अटेवा संगठन का अधिवेशन हुआ। एक अक्टूबर को दिल्ली में पेंशन शंखनाद रैली में कर्मचारी सरकार को घेरेंगे।


बिलग्राम में आयोजित कार्यक्रम बाबा मनसा नाथ इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक अनुज यादव की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें में अटेवा संगठन के प्रदेश सलाहकार ओम प्रकाश कनॉजिया ने कहा कि जो सरकार शिक्षक और कर्मचारी की पुरानी पेंशन पर निर्णय नहीं लेगी। उसका विरोध करेंगे। शिक्षक कर्मचारियों ने एक सुर में कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को दिल्ली की पेंशन संखनाथ रैली में हुंकार भरेंगे। जिला अध्यक्ष डॉ जैनुल खान ने कहा की पुरानी पेंशन मुद्दे पर संघर्ष लगातार जारी है। इसका परिणाम भी आया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के बाद कर्नाटक सरकार को कर्मचारियों ने बदल दिया है। अगर पुरानी पेंशन नहीं दी गई तो केंद्र की सरकार भी बदल देंगे। डा आशीष वर्मा मंडल अध्यक्ष,सायुज्य मिश्र महामंत्री, सतीश चन्द्र प्रजापति कोषाध्यक्ष, सत्येंद्र विक्रम दिवाकर जिला उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

## बिलग्राम अटेवा पेंसन मंच का गठन

बिलग्राम ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया जिसमें राहुल शाक्य अध्यक्ष, संघ प्रिय विजय महामंत्री, संयोजक शालिनी मिश्रा, सुरेंद्र कुमार लोधी ,प्रवीण सिंह, आकाश यादव ,बृजमोहन सिंह उपाध्यक्ष, सौरभ सिंह ,महेंद्र राठौर, हिमांशी कुशवाहा, भावना सिंह संगठन मंत्री,गंगाराम संयुक्त मंत्री,शांति पाल,गजेंद्र प्रताप मंत्री,शिवशंकर शर्मा कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह, अमर सिंह और अखिलेश सिंह सलाहकार, वैभव शुक्ला , विशाल सिंह, सर्वेश कुमार, रजनीश कुमार, लाल जी यादव ,लक्ष्मी यादव ,पुष्पेंद्र दीक्षित, पूजा सिंह को सदस्य, अनुज यादव ,सुभाष चंद्र राधेश्याम और सुरेश चंद्र संरक्षक मनोनीत किए गए है। मीडिया प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह को बनाया गया है।

# विकास कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है, जिस के क्रम में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने सरकार की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को बचत भवन सभागार में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यो एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि अपने कार्यों में सुधार लाये। जनता के हित में कार्य करने के लिए अधिकारियों के पास जो भी पत्र आते हैं उसका समय अंतर्गत निस्तारण करें। पत्र को अपने पास ना रखा जाए। अधिकारियों को कार्य जनता के हित में जनता की भलाई लिए और सरकार की जन.कल्याणकारी योजनाओं से जनता को जोड़ने के लिए मिले हैं। इन कार्यो पर ही अधिकारी अपना ध्यान दें और मनोयोग से कार्य करें। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जो अधिकारी अपने कार्यो से बचने का प्रयास करेंगे या कार्यो के प्रति उत्तरदाई या गंभीरता प्रदर्शित नहीं करेंगे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ उनके उच्च अधिकारियों को भी लिखा जाएगा।


जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करे। उसमें गंभीरता दिखाये। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने का पूरा प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक हुई चोरी

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कजियारा पुराना सीतापुर निवासी मोहम्मद जुहैर पुत्र हसन ईमाम गत 11 सितंबर को मरीज को लेकर जिला महिला अस्पताल आए थे। जुहैर बताते हैं कि वे अपने मित्र शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला स्वरूप नगर निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव की बाइक मांग कर लाए थे। यहां गेट पर बाइक खड़ी करके वे मरीज को दिखाने अस्पताल में चले गए। इसी बीच चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ शहर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस जांच की बात कह रही है।

# स्वतंत्रता सेनानियों के घर पहुंचे भाजपाई

अवधनामा संवाददाता



**सीतापुर।** विकास खंड पिसावां से मेरी माटी मेरा देश के तहत ढोल नगाड़े के साथ कलश पद यात्रा निकाली गई। विकास खंड के शहीद स्मारक से शुरुआत कर पिसावां गांव के स्तंत्रता सग्राम सेनानियों के घर पहुंचे। वहां परिजनों से घरों से मिट्टी एकत्र की। कलश यात्रा पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष अमृत सरोवर पर पहुंच कर पौध रोंपण कार्यक्रम में परिवर्तित हो गई। इस मौके पर डीसीडीएफ के चेयरमैन रोहित सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी, अवनीश कुमार, मंडल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, मनोज मिश्रा, विनय कुमार ने कलश यात्रा का नेतृत्व किया। कलश यात्रा में शामिल नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र अशोक कुमार सिंह का सम्मान किया। घर से मिट्टी ली गयी, जिसके बाद कलश यात्रा स्तंत्रता संग्राम सेनानी राम चंद्र सिंह, राम सिंह, पहाडी सिंह के घरों पर पहुंची। यहां पर परिजनों को सम्मानित किया तथा घरों से मिट्टी एकत्र की। जिसके बाद कलश यात्रा पंडित दीन दयाल उपाध्याय अमृत सरोवर पर पहुंची। इस अवसर पर एडीओ पंचायत अमित कुमार, राम निवास राना, वीरेंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामू गुप्ता आादि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अवैध असलहों के साथ दो गिरफ्तार



**सीतापुर।** कोतवाली नगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सदर बाजार निवासी हसीब उर्फ अच्चा पूड़ी पुत्र हमीद निवासी मोहल्ला सदरबाजार थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। तालाशी लेने पर उसके पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। इधर कोतवाली देहात पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अमरीश पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम तेलीयानी थाना मिश्रित को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## पूर्व सैनिकों ने एकत्र की माटी



**सीतापुर।** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय राजवंशी के नेतृत्व में पूर्व सैनिक घर -घर पहुंचे और अमृत कलश में माटी एकत्र की परसेंडी विकास खंड के ग्राम पारा सरांय में पहुंचे पूर्व सैनिक व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय राजवंशी ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण मौका है। हर घर से ली जाने वाली माटी दिल्ली जाएगी। वहां कर्तव्य पथ पर बन रहीं अमृत वाटिका में इस मिट्टी का इस्तेमाल किया जाएगा। गौरव की बात तो यह है कि पूरे देश की माटी मिश्रित होकर वहां लगेगी। इससे देश की एकता व अखंडता को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि अमृत कलश जहां - जहां पहुंच रहा है, लोग उसे हाथों हाथ ले रहे हैं। इस मौके पर भाजपा नेता अतुल गुप्ता, प्रताप राजवंशी, रविंद्र यादव, राजकुमार पाल, हरि प्रसाद, मोहम्मद सलीम व मोहम्मद इस्लाम आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**सीतापुर।** समाजवादी छात्र सभा के नेता शुभम रस्तोगी ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को एक ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर का संचालन सुचार रूप से चालू नहीं हो सका है। उसे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। जिससे जनपद के लोगों को इसका लाभ मिल सके। वहीं जिला अस्पताल के अधिकांश रोगों की ओपीडी नहीं चल पा रही है। जिला अस्पताल में कई चिकित्सकों के पद रिक्त हैं।

अवधनामा



# युवा लें शिवा जी के जीवन से प्रेरणा: राजेश्वर

- लखनऊ में शिवा जी के महान व्यक्तित्व पर आधारित महानाट्य का मंचन हमारा सौभाग्य
- विधायक डॉ. राजेश्वर ने किया 'मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारम्भ'



**लखनऊ।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के तत्वाधान में आयोजित हिन्दवी साम्राज्य के 350 वर्ष पूरे होने पर महानाट्य जाणता राजा के सन्दर्भ में व्याख्यान सभा में सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की।

शिवा जी महाराज की युद्ध नीति, राज्य नीति पर चर्चा करते हुए सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि शिवा जी ने हिन्दवी सामराज्य की नींव ऐसे समय में रखी जब औरंगजेब और आदिलशाह जैसे मुग़ल शासकों का आतंक चरम पर था, सामूहिक धर्मान्तरण कराया जा रहा था, हिन्दू मंदिरों को तोड़ा जा रहा था, मथुरा का नाम बदल कर इस्लामाबाद कर दिया गया था, मुगलों के शासन काल में महिलाओं की अस्मिता सुरक्षित नहीं थी, किसानों पर भारी भरकम लगान का बोझ था, देश की स्वर्णिम धरोहर लूटी जा रही थी, मुग़ल शासकों के विरुद्ध आवाज उठाने वालों के सर कलम कर दिए जाते थे। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि शिवा जी ने 16 वर्ष की आयु में तोरण, रायगढ़, चाकन और पुरंदर जैसे दुर्ग जीते, उन्होंने अपने जीवन काल में 350 से अधिक दुर्ग जीते थे। डॉ. सिंह ने युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि शिवा जी का मानना था यदि आपके पास हौसला है तो पहाड़ भी मिट्टी के ढेर जैसा लगता है, शिवा जी के विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं, उनका कहना था सर्व प्रथम राष्ट्र, फिर गुरु, फिर माता- पिता, फिर परमेश्वर! अतः पहले खुद को नहीं राष्ट्र को देखना चाहिए। सरोजनी नगर विधायक ने कहा की हमारा सौभाग्य है जो शिवा जी के जीवन पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में हो रहा है, आज का युवा अपने महापुरुषों के बारे में जानना चाहता है लेकिन व्यस्त दिनचर्या और बढ़ते कम्पटीशन के कारण उसे समय नहीं मिल पाता, ऐसे समय में शिवा जी के जीवन पर आधारित जाड़ता राजा महानाट्य का मंचन महत्वपूर्ण है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने व्याखान में आगे कहा कि शिवा जी ने जमीदारी प्रथा को समाप्त किया, रैयतवाड़ी व्यवस्था को लागू किया, किसानों को जमीन का मालिक बनाया, सिचाई के लिए बाँध बनवाये। वर्तमान सरकार की स्वराज, सुशासन और रूल ऑफ़ लॉ की नीतियाँ शिवा जी से प्रेरित हैं, शिवा जी महाराज की दूरदर्शिता थी कि उन्होंने डचों, पुर्तगालियों और अंग्रेजों की भावी चुनितियों से निपटने वृहद नौसेना की नींव रखी थी। बता दें कि छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व के सबसे बड़े ऐतिहासिक महान महानाट्य जाणता राजा का मंचन 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन जनेश्वर मिश्र पार्क में होगा इस सम्बन्ध में दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठा के प्लूटो सभागार मेंव्याखान सभा का आयोजन किया गया था।

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत इकठ्ठा की मिट्टी

सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अपनी विधानसभा क्षेत्र में हिन्द नगर और विद्यावती द्वितीय वार्ड से कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. सिंह ने ने मातृभूमि के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले वीरों को नमन करते हुए लोगों से मिट्टी और अक्षत इकठ्ठा की, इस दौरान अमर शहीद अरुण कुमार त्रिपाठी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।
इस अभियान के अंतर्गत देश भर के 75,00 क्षेत्र पंचायतों व नगर निकायों से मिट्टी और पौधे एकत्रित कर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर नेशनल वार मेमोरियल के पास अमृत उद्यान की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम में हिन्द नगर वार्ड के पार्षद सौरभ सिंह 'मोनू' और हिन्द नगर वार्ड के पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## अंतिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित

**मैनपुरी।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रवि भूषण ने बताया कि परिषद से प्राप्त निर्देशों के क्रम में शैक्षिक सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मैनपुरी, करहल, भोगांव, किशनी में प्रवेश लेना चाहते हैं। उन्होने बताया कि जिनका चयन किसी व्यवसाय, चरण में नहीं हुआ है, उनकों अंतिम अवसर प्रदान किया गया है, चयन हेतु अभ्यर्थियों को पर आवेदन करना होगा। उन्होने बताया कि चतुर्थ चरण हेतु अभ्यर्थियों को बेवसाइट पर चौथे चरण के लिए रैंक पर क्लिक करने पर 02 विकल्प पंजीकृत अभ्यर्थियों की रैंक एवं नवीन आवेदन कर्ता की रैंक प्राप्त होंगे, अभ्यर्थी को उक्त विकल्प में से अपने ऑनलाइन आवेदन के अनुसार पंजीकृत संख्या, जन्मतिथि की प्रविष्टि करने पर रैंक प्रदर्शित होगी, जिसका प्रिंट आउट संस्थानों एवं व्यवसाय के विकल्प के सापेक्ष उपलब्ध रिक्त सीटों पर आवंटन हेतु किसी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं नोडल राजकीय आईटीआई में चतुर्थ चरण के प्रवेश की अंतिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित की गयी है।

## लखनऊ में बाढ़ प्रभावितों की मदद को आगे आए समाजसेवी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बाढ़ में अपना सब कुछ गंवा चुके परिवारों की मदद के लिए द मदद सहयोग गाइडेंस फ़ाउंडेशन की टीम आगे आई है। फाउंडेशन के फाउंडर मोहम्मद सादिक़ के नेतृत्व में बाढ़ त्रासदी से जूझ रहे पीड़ितों को राशन घर-घर तक पहुंचाई जा रही है।

लगभग 55 परिवारो को राशन मोहिया कराया गया। द एमएसजी फ़ाउण्डेशन लगातार बादशानगर के पास मालिन बस्ती मे शिक्षा सम्बंधित सहायता भी प्रदान कर रही है। इस समाजसेवा कार्य का प्रबंध एस हमीदुल हसन, लखनऊ डेंटिस एंड हेल्थ केयर, मीसम रिज़वी, तरन्नुम हसन, आबिद हुसैन, मेहक मिर्ज़ा, अमजद हैदर, फ़ातिमा ज़हीर, रूबा रिज़वी के अमूल्य योगदान से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर फाउंडेशन की तरफ से फाउंडर मोहम्मद सादिक़, डॉ सना फ़ातिमा, डॉ समीर गुप्ता, सैयद ताकि, मुंतज़िर, ख़लील अहमद और समाज के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

## लंपी के कहर ने गाय पशुपालकों के उड़ाए होश

- स्टाफ की कमी के चलते क्षेत्र में तेजी से फैल रहा लंपी बीमारी



अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** गायों में तेजी से फ़ैल रहे संक्रमण से जहां गाय पशुपालकों के होश उड़ गए हैं, वहीं पशु अस्पतालों पर पर्याप्त स्टाफ और संसाधन न होने से हालात बद से बद्तर होता जा रहा है। सरकार और विभाग किंकर्तव्यविमूढ़ बना हुआ है। इस जानलेवा बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण की कोई समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है।

बोदरवार बाजार में एक पशु अस्पताल है, लेकिन स्टाफ और संसाधनों का टोटा है। जिसके चलते पूरे परिक्षेत्र के पशुपालक काफी परेशान हैं। अस्पताल पर एक ही पशु चिकित्सक हैं डॉ ईशांत,और उनके पास तीन तीन ब्लाकों का चार्ज होने के साथ साथ पशुधन बीमा, सेक्सेस सीमन और एन ए आई पी विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त हैं, जिसके कारण काफी परेशान रहते हैं। फिर भी सीमित संसाधनों से जितना बेहतर कर सकते हैं, करने का प्रयास जारी रखें हुए हैं और पशुपालकों का हौसला अफजाई के साथ साथ उचित दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। बोदरवार के बगल में मथौली बाजार में भी एक पशु अस्पताल संचालित है, लेकिन वहां भी स्टाफ की कमी के चलते क्षेत्र में तेजी से फ़ैल रही लंपी नामक बीमारी बेकाबू होती जा रही है। अगर समय रहते पशुओं को चिकित्सकीय सुविधा सुलभ नहीं होती है तो स्थिति बद से बद्तर हो जायेगी। मोतीचक ब्लाक के पशुपालक नरसिंह, गौरी शंकर, साधु, रामकृपाल सिंह, बेचू, मेवाती, राजदेव सहित तमाम पशु पालकों ने बताया कि हमारे गायों के शरीर पर बड़े बड़े दाने निकले हैं। पूरा शरीर उन दानों से भर गया है। गाय चारा लेना बंद कर दी है। सूचना के बाद भी सरकारी चिकित्सा सुलभ नहीं हो रही है। मजबूरन झोलाछाप डॉक्टरों से हम इलाज कराने के लिए मजबूर हैं। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रवीन्द्र प्रसाद ने बताया कि इस समय पूरा जिला रेड जोन में है। पूरे परिक्षेत्र में बेहतर से बेहतर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पशु पालकों से अपील है कि संक्रमित पशु को अलग रखें और उनका उचित देखभाल करें। पशुओं का टीकाकरण कराया जा रहा है।

## सीडीओ ने निर्माण हो रहे चक मार्गों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत पतौजा एवं गदनपुर देवराजपुर विकास खण्ड कमालगंज में मनरेगा के तहत निर्माण कराए जा रहे चकमार्गों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय मनरेगा कार्यों पर सीआईबी बोर्ड नहीं लगा पाया गया, जिसे लगवाने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत पतौजा में जहानगंज मोहम्मदाबाद रोड से राठौरा सड़क मार्ग तक चकमार्ग का निरीक्षण करने पर मार्ग की ऊंचाई कुछ स्थान पर कम पाई गई, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया चकमार्ग की ऊंचाई बढ़ाऐं, तथा मार्ग पर बारिश से बने गड्ढों को ठीक कराने के निर्देश दिए गए। मार्ग का कार्य जल्द पूर्ण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत गदनपुर देवराजपुर में पवन के खेत से नवाब के खेत तक निर्माणाधीन चकमार्ग की चौड़ाई स्टीमेट पर 6 मीटर पाई गई।

## राम गंगा का जल स्तर बढ़ने से ग्रामीण भयभीत, कटान हुआ तेज



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलाददपुर भटौली में रामगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और वहां पर कटान भी हो रहा है जिससे कई मकान कटान की कगार पर है द्य उप जिलाधिकारी ने कानून और लेखपाल को जमीन खोजने के निर्देश दिए हैं द्य ग्रामीण बताते हैं कि राम गंगा नदी का जलस्तर ऐसे ही बढ़ता रहा तो जो मकान बच्चे हैं उनको काटने में समय नहीं लगेगा। ग्रामीण बालवीर पुत्र सियाराम बताते हैं कि पिछली बार भी ऐसे ही कटान हो रहा था तब यहां पर जिला अधिकारी के द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया था और संबंधित लेखपाल कानूनगो को दिशा निर्देश दिए गए थे कि जिन लोगों के मकान कटान की कगार पर है उनको रहने के लिए पटटे व आवास सूची में नाम अंकित किया जाए। अभी भी कटान की कगार पर रह रहे। लोगों को ना तो पट्टे मिले और ना ही आवास सूची में ग्रामीणों के नाम अंकित किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब हमारे पास रहने के लिए कोई जगह भी तो नहीं बची है तो हम कटान की स्थित में कहां पर रहे और हम लोगों के नन्हे मुन्ने भी कहां रहेंगे। उच्च अधिकारियों के दिए गए दिशा निर्देश को पलीता लगाते नजर आ रहे है। तहसील क्षेत्र के संबंधित अधिकारी ग्रामीण बलवीर पुत्र सियाराम अखिलेश पुत्र बलवीर, नीरज पुत्र बलवीर, कुलदीप पुत्र महेंद्र, संजीव पुत्र महेंद्र,सरोजा देवी सहित ऐसे कई लोग हैं जिनको अभी तक आवास व पटटे तक नहीं मिले है।

## किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने गुरुवार को दर्जनों पदाधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा है कि काश्तकार मदन सिंह ब विकलांग भाई कुलदीप को अवैध तरीके से कार्रवाई करके उसको घर से बेदखल कर दिया है। उन्होंने जिला अधिकारी से तत्काल रोके जाने की मांग की है। यदि कार्रवाई नहीं रोकी गई तो किसान यूनियन आंदोलन करने को मजबूर होगी उन्होंने कहा कि तहसील सदर के मौज गुड़गांव में 200 लोगों के मकान ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर बने हुए हैं किंतु लेखपाल और राजस्व कर्मियों द्वारा व्यक्तिगत रंजिश से काश्तकार को परेशान किया जा रहा है। इस मौके पर इस मौके पर प्रभाकांत मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष संजय कुमार सत्य राम राजपूत साहब सिंह नंदकिशोर विजय सिंह सहित यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में नवविवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के कस्बे के मियां टोला में एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस को हत्या किए जाने की तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा मियां टोला निवासी संदीप की 21 वर्षीय पत्नी स्मृति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। जिसकी जानकारी मायके वालों को हुई तो ससुरालीजनों के खिलाफपुलिस को हत्या किए जाने की तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पोस्टमार्टम हाउस में बांदा जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र के अमलौर गाँव निवासी पिता कामता दास ने बताया कि पुत्री की शादी छह माह पूर्व हुई थी। पुत्री का गला दबाकर उसकी हत्या की गई है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरीके से ध्वस्त

### मैरिज मृग मारीचिका की तरह भटकने को मजबूर




**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के पचपेड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति अत्यंत खराब है कहने को तो 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराती है पर कहानी ठीक इसके उल्टा है रात 8 बजे के बाद दूर दराज से आने वाले गंभीर मरीजों को बड़े प्रयास के बाद ही चिकित्सालय में लिया जाता है जबकि ज्यादातर मरीजों को सुबह ओपीडी में आने की बात कह कर टाल दिया जाता है। अगर चिकित्सालय में कोई मरीज भारती भी हो जाता है तो ज्यादातर दवाइयां उसे बाहर से लाना पड़ता है चिकित्सालय में स्वच्छता भी भगवान भरोसे है ऐसे में जनता को सरकार द्वारा दी जा रही तमाम योजनाओं की बात सिर्फ हवा हवाई है जिले के सक्षम अधिकारी भी ऐसे मामलों में कोई कार्यवाही नहीं करते ऐसे में मरीज कहां जाये और किस से बात करें सबसे ज्यादा खराब स्थिति गर्भवती और प्रसुताओं की होती है इस भीषण गर्मी के बावजूद वार्ड के पंखें बंद रहते हैं इस पर मुख्य चिकित्साअधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा विद्युत कटौती के कारण ऐसा होगा अब अगर यही स्थिति रहेगी तो कोई मरीज कैसे चिकित्सालय में जाने की हिम्मत करेगा यहां के पैथोलॉजी की स्थिति भी बहुत खराब है सुबह 10 बजे के बाद स्टॉप आना और समय से पैथोलॉजी बंद कर देना आम बात है।

## अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने आयुष्मान भव के अंतर्गत दि. 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े के सफल आयोजन के संबंध में अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, नगर विकास के अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान भव 3.0 भारत सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी, जनोपयोगी, सबसे बड़ी लाभार्थीपरक योजना है, इस योजना के अंतर्गत पात्र गोल्डन कार्ड धारक को पूरे वर्ष में असाध्य बीमारियों से ग्रसित होने पर रू. 05 लाख तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत सेवा पखवाड़े में पांच घटक आयोजित होने हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण घटक 17 सितंबर से प्रारंभ होगा, इसके तहत आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारी घर-घर जाकर गोल्डन कार्ड से वंचित पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगे, दि. 17 सितंबर से ही विशेष स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ होगा, प्रतिदिन रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। श्री सिंह ने खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, जिला पंचायत राज अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर सवाई अभियान संचालित कराया जाए। उन्होंने प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत सदस्यों, जन आरोग्य समिति, रोगी कल्याण समिति के सहयोग से स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई, बेहतर रख-रखाव, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें, आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने प्र. चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कल शाम तक आयुष्मान भव की कार्य योजना तैयार कराकर नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा को उपलब्ध कराना सुरक्षित करें, कार्य योजना के तहत प्रत्येक दिन की गतिविधि संचालित कर रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को उपलब्ध करायें, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यक्रमों की फीडबैक, योजना के सफल संचालन हेतु अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना कराना सुनिश्चित करें। उन्होने खंड विकास अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय, प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत, वार्ड में योजना के अन्तर्गत 05 घटकों का भलिभांति क्रियान्वयन कराकर सभी विन्दुओं से संतृप्त करायें, शत-प्रतिशत संतृप्त होने वाली ग्राम पंचायतों, वार्डों को आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान वार्ड चयनित कर पुरूस्कृत किया जायेगा।

## शराब ठेका में चोरी का खुलासा 11 पेटी शराब व बैट्रा बरामद

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुलखेड़ा गांव स्थित देशी शराब ठेका में एक सप्ताह पूर्व चुराई गई ग्यारह पेटी शराब व बैट्रा सहित एक चोर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि सात सितंबर की रात्रि थाना चांदपुर के अंतर्गत मदरी सरहन खुर्द सड़क मार्ग ग्राम कुलखेड़ा स्थित देशी शराब ठेका का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 25 पेटी शराब व 12 बोल्ट बैट्री चोरी कर ली थी। जिस पर विनीत कुमार मिश्रा पुत्र स्व. शेष कुमार मिश्रा निवासी ठकुरन गली कस्बा कोड़ा जहानाबाद ने थाने पर तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर 13 सितंबर को मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण के लिए चांदपुर थाना व इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीम को लगाया गया था। मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने हरकुंडी पुलिया पर चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक अभियुक्त को चोरी की दो पेटी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम सौरभ सोनकर पुत्र राम किशोर उर्फफौजी निवासी नसेनिया थाना जहानाबाद बताया। पूछताद में अभियुक्त ने चोरी की घटना में तीन अन्य साथियों की संलिप्तता भी बताई। उसकी निशादेही पर सह अभियुक्त आशीष उत्तम उर्फजग्गा के खाली मकान से चोरी की नौ और पेटियां व बैट्रा बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि फरार अभियुक्तों आशीष उत्तम उर्फजग्गा पुत्र स्व. मधुर, नितिन उर्फअनुरण पुत्र प्रवेश निवासीगण ग्राम नसेरिया थाना जहानाबाद व रज्जन उर्फबग्गड़ पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम डिघरूवा थाना जाफरगंज की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## हरिहरगंज सहकारी समिति में चला सदस्यता अभियान



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (वी पैक्स) कैम्पस लिमिटेड हरिहरगंज में गुरूवार को सदस्यता महाभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अलीक खां उर्फकल्लू समेत आधा सैकड़ा लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में अयाह-शाह विधानसभा के विधायक विकास गुप्ता उर्फबब्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन प्रभुदत्त दीक्षित, डीसीएफअध्यक्ष शीतला पांडेय, उपभोक्ता अध्यक्ष प्रताप भान, सहकारी समिति हरिहरगंज के अध्यक्ष ओम मिश्रा, उपाध्यक्ष बृजेश मौर्य, उपायुकत एवं उपनिबंधक सहकारिता प्रयागराज मंडल विनोद कुमार सिंह एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मोहसिन जमील ने हरिहरगंज समिति में अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अलीक खां उर्फ कल्लू समेत राजेश श्रीवास्तव, सतीचरन मौर्य, छेदीलाल मौर्य, राम, सीमा कक्कड़, मोबीना वारसी, वसीम, अजीज खां, आहत खां, रामखेलावन, रामभरोसे, इरफान बेग, मो. सिद्दीक खां, मो. नफीस अहमद, मो. इदरीस खां समेत आधा सैकड़ा लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

## हापुड़कांड को लेकर वकीलों ने फूंका पुतला

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** हापुड़ कांड को लेकर बेकसूर अधिवक्ता समाज पर हुए पुलिसिया बर्बरता और लाठीचार्ज के बाद निर्दोष अधिवक्ता लोगों पर दर्ज फर्जी मुकदमें को लेकर बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर तहसील कप्तानगंज के

- बेकसूर अधिवक्ता पर हुए पुलिसिया बर्बरता व लाठीचार्ज का किया निंदा

अधिवक्ताओं ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए गुरुवार को सरकार का पुतला फूंक कर प्रदर्शन व नारेबाजी कर रजिस्ट्री दफ्तर बंद करते हुए महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी कप्तानगंज व्यास नारायण उमराव को सौंपा।

उल्लेखनीय है कि उक्त घटना को लेकर बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सूबे के अधिवक्ता गण एकजुट होकर सड़क पर उतर गए हैं। उक्त घटनाओं ने अधिवक्ता समाज को जागृत कर दिया है। अब अधिवक्ता गण आर पार कर दोषियों को सजा दिलाने में एकजुट हो गए हैं। इसी क्रम में तहसील कप्तानगंज में गुरुवार को पुलिस व प्रशासन के विरुद्ध नारे बाजी व प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अधिवक्ता लोगों को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि हापुड़ कांड के दोषी डीएम व एसपी को तत्काल हटाया जावे पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि दोषी पुलिस वालों को निलंबित किया जावे। अधिवक्ता शैलेश प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा अधिवक्ता समाज को प्रताड़ित न किया जावे, पूर्व अध्यक्ष परमहंस ने कहा कि हापुड़ के अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जावे पूर्व अध्यक्ष हीरा पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता समाज पर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लिया जावे, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा बिल लाया जावे, अधिवक्ता जय प्रकाश नारायण पाण्डेय ने अधिवक्ताओं से आर पार कि लड़ाई लड़ने पर बल दिए। इस दौरान तेज बहादुर मिश्र, सुग्रीव सिंह, राजनन्दन लाल श्रीवास्तव, देवेंद्र लाल श्रीवास्तव, दीनानाथ शर्मा, नन्दलाल प्रसाद, दिनेश राव, आशुतोष कुमार, अमरनाथ शुक्ल, राजन पाण्डेय, इन्द्रेश यादव, दारा यादव, सहित अधिवक्ता गण भारी संख्या में उपस्थित रहे।



कप्तानगंज में सरकार का पुतला फूंकते वकील

## हम भारतीयों को एकरूपता के धाते में पिरोती हिंदी: रणंजय



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद न्यायालय में गुरूवार को हिंदी दिवस पर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं की उपस्थिति में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश ने हिंदी भाषा की महत्ता पर बल देते हुये कहा कि देश की आजादी के दो वर्ष बाद 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ। 14 सितंबर सन् 1953 को देश में पहली बार हिंदी दिवस मनाया गया। देश भर में हर साल 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन पूरे भारत वर्ष को जोडने वाली भाषा हिन्दी पर गर्व करने का दिन है। आज हिन्दी को पूरे विश्व में बेहद सम्मान दिया जाता है और यह हिंदी भाषा हम भारतीयों को एकरूपता के धागे में पिरोती है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के कई देशों में बोली जाती है और हिन्दी विश्व की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। यह दिन हिन्दी के सम्मान और उसे ज्यादा से ज्यादा प्रयोग किये जाने के लिए मनाया जाता है। उन्होने हिंदी भाषा के प्रयोग पर बल दिया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं अन्य अधिवक्ताओं ने हिन्दी भाषा के प्रयोग एवं महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किये।

# जमुरिया घटी पर छोड़ गई तबाही के निशान

- दर्द ऐसा कि कोई दवा नही कारगर
- पानी घटा अब नजर आ रही करोड़ों की तबाही, भरपाई नामुमकिन
- 96 घण्टे बाद भी पल्हरी पॉवर हाउस से नही सुचारू हुई बिजली आपूर्ति



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जमुरिया का रौद्ररूप फिलहाल शांत हुआ है। जलस्तर घटने से पीड़ित आबादी ने राहत की सांस तो ली पर तबाही के निशान साफ दिख रहे हैं। घर से गन्दा पानी साफ कर जब लोगों ने भीतर का नजारा देखा तो हालात द्रवित करने वाले थे, घर गृहस्थी का करोड़ो का सामान पानी की भेंट चढ़कर बर्बाद हो गया। उधर जलमग्न घरों की संख्या सैकड़ो में है वहां पानी जस का तस जमा हुआ है। बारिश थमने के बाद भीषण उमस का सामना कर रहे आधे शहर को 96 घण्टे बाद भी सुचारू बिजली नसीब नही हो सकी है। हालात बदतर बने हुए हैं।

जमुरिया का पानी भीषण बारिश का साथ पाकर ऐसा उफनाया कि जलस्तर घटने के बाद भी तबाही के निशान पीछे छोड़ गया। बारिश थमे आज चौथा दिन है पर शहर का जनजीवन पटरी पर नही आ सका है। मार्गो का पानी साफ हुआ, दुकानों में जमा पानी निकल गया लेकिन पानी मे पूरी तरह जलमग्न आबादी का फिलहाल वापस लौटना मुश्किल लग रहा है। जबकि जमुरिया के किनारे बसे मोहल्लों में पानी तो उतर गया लेकिन अब घर के भीतर का नजारा देख लोगबाग दंग और परेशान हैं। घर उपयोगी वस्तुएं, अनाज, बिजली उपकरण तो पानी की भेंट चढ़े ही साथ ही दोपहिया व चौपहिया वाहन पानी मे ऐसा डूबे कि उनका सही हो पाना न के बराबर है। एक अनुमान के मुताबिक लोगों ने करोड़ों का नुकसान सहा है जिसकी भरपाई नामुमकिन है। इसी तरह पल्हरी पॉवर हाउस से जुड़े उपभोक्ता 96 घण्टे बीत जाने के बाद भी बिजली को तरस रहे हैं। पीने के पानी का गम्भीर संकट बना हुआ है वही भीषण उमस के चलते लोगों की रातों की नींद गायब है। बताया जा रहा है कि उपकेन्द्र पर पानी भर जाने से आपूर्ति प्रभावित है लेकिन असल मे यह बिजली विभाग की हद दर्जे की लापरवाही और दशकों से की जा रही उपेक्षा का नतीजा है।

### बदहाली और उपेक्षा नगरवासियों का बन गया नसीब

शहरवासियों का नसीब ही खोटा है। बदहाली और उपेक्षा ही इनके हिस्से आती रही है। नगर पालिका जिला प्रशासन बिजली विभाग ने नगरवासियों को बेहद निराश किया है। नगर पालिका के अनियोजित विकास बेतरतीब निर्माण कार्य, जिला प्रशासन द्वारा लगातार उपेक्षा और समस्याओं के स्थाई निदान के प्रति उदासीनता के साथ ही बिजली विभाग की काम चलाऊ आदत का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ा है और आगे भी भुगतना पड़ेगा क्योंकि हालिया घटना और करोड़ो की तबाही से नगर पालिका व जिला प्रशासन कोई सबक लेता नही दिखता। जमुरिया में उफान कोई नई बात नही हर बार तेज बारिश के बाद पानी तेजी से फैला है और घरों के घेरा है। वह चाहे 2008 हो या फिर 2020 से अब तक हो। जमुरिया के रौद्ररूप ने सिर्फ तबाही ही मचाई है पर इस समस्या के स्थाई निराकरण की दिशा में कोई प्रयास नही हुआ हां जमुरिया को कागज पर सुंदर बनाने के नाम पर करोड़ों के वारे न्यारे के प्रयास होते जरूर दिखे।

# कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सीएम को भेजा ज्ञापन, बदहाल जनमानस को मुआवजे की मांग

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** भारी वारिश के जलभराव के कारण नगर क्षेत्र की जनता अपने घरो में कैद होकर रह गयी है। छोटे छोटे अबोध बच्चे बिस्कुट, दूध को तरस रहे है किसान की धान, सब्जी की फसल पूर्णतया नष्ट हो गयी। इस महा जलप्रलय में नगर कें व्यापारियो का अरबो रूपये का नुकसान हुआ है। आजादी के बाद कई बार इससे ज्यादा वारिश हुयी है लेकिन कभी इस तरह बरबादी नही हुयी है। आवाम को आशंका है कि यह वारिश का पानी नही है इस भीषण बरबादी का कोई अन्य कारण है जो चिन्ता का विषय है। इसकी उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता है। उक्त आशय की मांग उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तनुज पुनिया, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने आज कांग्रेसजनो के साथ जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर की। मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कांग्रेसजनो ने लिखा है कि या तो ये पानी बरसात का नही है और यदि यह पानी बरसात का था तो मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बाद राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को राहत व्यवस्था, रिलीफ कैम्प तथा बाढ पीडितो के रहने खाने पीने की समुचित व्यवस्था के निर्देश क्यो नही दिये जिसके चलते नगर क्षेत्र की जनता तीन दिनो तक अपने घरो में कैद होकर जिन्दगी मौत के बीच मजबूरी में जीवन व्यतीत कर रही है और उसी के आंखो के सामने उसके घर गृहस्थी का सामान बरबाद हो गया या बाढ के पानी में डूब गया यह एक बहुत बडा प्रकरण है जिसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिये इसलिये प्रदेश के मुख्यमंत्री इस भीषण बरबादी की हकीकत जनता के सामने आये इसकी उच्चस्तरीय जांच कराये और पीडितजनो एवं किसान की बरबाद हुयी फसल का आकलन कराकर मुआवजा दे।

# हिंदी दिवस पर हुए आयोजन में सम्मानित हुए हिन्दी सेवी

अवधनामा संवाददाता



**निन्दूरा बाराबंकी।** आदर्श विकास खण्ड क्षेत्र स्थित जगदगुरु श्री चन्द्र भगवान आदर्श उमा विद्यालय शान्तीनगर इटौंजा परिसर में हिन्दी दिवस का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अशोक कुमार वर्मा विश्वास की अध्यक्षता में ओडिशा राष्ट्रभाषा परिषद जगन्नाथ धाम उड़ीसा यूपी के प्रचार प्रसार अधिकारी व मुख्य अतिथि वाजिद अली द्वारा विभिन्न क्षेत्र के हिन्दी सेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनम नेता जी सुभाष सेवा संस्थान के सचिव व सी. आई डी. मासिक के सम्पादक डा. ओम प्रकाश %प्रकाश% विमल कुमार मनोज दीक्षित विजयप्रकाश वर्मा मीताश्री वर्मा पंचायत सहायक इस्माईलपुर, खुशी वर्षा सुधीर कुमार अर्पिता पटेल लालता सिंह गुड़िया देवी पंचायत सहायक आदि रहे। क्षेत्रवासियों में अशोक कुमार वर्मा विश्वाम (प्रधानाचार्य) कुंवर हिमांशु वर्मा, विजयलक्ष्मी, बाबूराम, नरेन्द्र कुमार अंशिका पादव, प्रियांशी, सिराजुद्दीन, सतीश कुमार, मोनिका वर्षा श्रीमती सन्तोष वर्मा पूनम वर्मा एवं अर्चना वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डा. ओम प्रकाश प्रकाश ने कहा कि भाषा अपनी संस्कृति की वाहक है इसलिए अपनी संस्कृति व सभ्यता से जुड़े रहने के लिए भाषा से जुड़े रहना आवश्यक है। वाजिद अली ने हिन्दी भाषा के लिए अपने संघर्ष के संस्मरण सुनाते हुए जीवन में भाषा के महत्व को समझाया। अध्यक्षीय सम्बोधन में अशोक कुमार विश्वाम ने विषम परिस्थिति में भी आयोजन की सफलता का श्रेय सबको दिया।

# अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

अवधनामा संवाददाता



- सरकार द्वारा पुलिस प्रशासन पर कोई कार्रवाई न किए जाने से अधिवक्ताओं में दिखा आक्रोश

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** हापुड़ की घटना के बाद से अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है बार एसोसिएशन मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं का हड़ताल 16 वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंक कर तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पैदल मार्च करते हुए पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सैकड़ो अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। विगत दिनों हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बरतापूर्वक किए गए लाठी चार्ज और अधिवक्ताओं पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमा से प्रदेश के सभी अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। हापुड़ की घटित घटना से अब तक सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में धरना प्रदर्शन के आज 16 वें दिन मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। अध्यक्ष पवन शुक्ला ने बताया कि बार काउंसिल के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश भर में हड़ताल जारी रखा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार हापुड़ पुलिस प्रशासन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा हैं, जब तक सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही व स्थानांतरण नहीं किया जाएगा तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इतना ही नहीं होना यह भी बताया कि सरकार के इशारे पर ही अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया और उल्टे अधिवक्ताओं पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। बार काउंसिल जो भी निर्णय लेगा इस पर हम अधिवक्ता लोग कायम भी करेंगे।सुबह 10-00 बजे से ही क्षेत्र के लोग अपने कार्यों को कराने के लिए तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे लेकिन अधिवक्ताओं के आक्रोश के चलते तहसील तथा रजिस्ट्री कार्यालय में कोई कार्य नहीं हुआ जिससे सरकार का काफी राजस्व का नुकसान भी हुआ वहीं क्षेत्र की जनता भी परेशान नजर आई।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष शिवराज तिवारी, बृजेश मिश्रा, राजेन्द्र चौरसिया, महेंद्र प्रताप सिंह, अमित मिश्रा, अमरजीत सिंह, लालू तिवारी, स्वामीनाथ उपाध्याय, दयानंद पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय ,खुशीराम पाण्डेय, अशोक श्रीवास्तव, दिनेशकांत यादव, पहलाद तिवारी, जितेंद्र सिंह, बृजेश पाण्डेय शंभू नाथ तिवारी, अभय शंकर त्रिवेदी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पोर्टल पर एक माह से लम्बित शिकायत का डीएम ने लिया संज्ञान

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आईजीआरएस प्रकरणों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने के क्रम में श्रीमती रूपा धीमान पत्नी स्व.मुकेश कुमार निवासी कुरडी तहसील देवबंद के पोर्टल पर अंतुष्ट प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए 02 दिन के अंदर निस्तारित कराकर संबंधित को उनका हक दिलाया। ज्ञातव्य है कि मुकेश कुमार भायला फीडर पर तैनात थे। उनकी 11 मई को असामयिक मृत्यु हो गयी थी। उनके परिवार को वित्तीय सहायता दिये जाने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती रूपा धीमान ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जो लगभग एक माह से लंबित थी। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक में प्रकरण संज्ञान आने पर प्रकरण का निस्तारण समय से न करने पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता को तीन दिन के अंदर पीडित को उसका हक दिलाने संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा मृतक के परिजन को पांच लाख की आर्थिक सहायता की स्वीकृति का पत्र दिया गया।

# आय बढ़ाने हेतु किये गये कार्यों से पढ़ाई न हो प्रभावित: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि विद्यालय में मान्यता के समय स्वीकृत मानक से अतिरिक्त खाली पडी भूमि का उपयोग विद्यार्थियों से संबंधित गतिविधियों खेल, सांस्कृतिक कार्य, प्रदर्शनी, बागवानी आदि के लिए किया जाएगा। विद्यालय की अतिरिक्त कृषि योग्य अथवा अन्य भूमि को पट्टे एवं बटाई आदि पर दिया जा सकेगा। विद्यालय में अवकाश दिवस पर वैवाहिक एवं अन्य उत्सवों हेतु विद्यालय प्रांगण क्रीडा स्थल को छोडकर किराये पर दिया जा सकेगा। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं अशासकीय मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के भवनों के अनुरक्षण एवं संस्था के हित में विद्यालयों की आय बढाये जाने की योजना विकसित किये जाने हेतु गठित समिति की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय एवं स्थानीय स्तर पर युवाओं एवं छात्रों के स्वास्थ्य हेतु बिना शैक्षिक गतिविधियों को प्रभावित किये व्यवसायिक जिम, स्वीमिंग पूल आदि विकसित किया जा सकेगा जिसका उपयोग विद्यार्थियों द्वारा तथा अतिरिक्त समय में स्थानीय निवासियों द्वारा भी किया जा सकेगा। विद्यालय की अतिरिक्त भूमि का उपयोग स्थायी, अस्थायी निर्माण कर अन्य कार्यो जैसे व्यवसायिक, आवासीय एवं संस्थागत कार्यो हेतु किया जा सकेगा।

# हिंदी दिवस भारत की विविधता में एकता का उत्सव: उमा शंकर शुक्ल

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में हिंदी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से भाषण, निबंध, कविता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत कई क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के साथ भाषाई विविधता का देश है। हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है क्योंकि इसी दिन हिंदी हमारे देश की आधिकारिक भाषा बनी थी। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि हिंदी के प्रख्यात विद्वान ब्योहर राजेंद्र सिम्हा की जन्मतिथि के अवसर पर मनाए जाने वाले इस उत्सव का उद्देश्य अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है। ऐसे में हमें अपनी राष्ट्रभाषा का सम्मान करना चाहिए। विश्वजीत मौर्या की देखरेख में आकर्ष, सुशांत, आशुतोष , निशांत, शिवांग, आर्या, अयज्ञा तिवारी, अंजली , वैष्णवी, अवंतिका, अंकित, तन्मय, श्लोक, लक्ष्मी, सची उपाध्याय, खुशनूर बानो, अर्चिता, काजल, प्रीती, शिवा, आदित्य, मयंक आदि बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# हर छात्र के भीतर किसी न किसी क्षेत्र में प्रतिभा होती है: लल्लू सिंह

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** गोसाईगंज विधान सभा की सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के आयोजन समिति पारागरीब शाह तारून में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का आयोजन 26 सितम्बर से 13 अक्टूबर के बीच किया जायेगा। आयोजन में पेटिंग, बाल संसद का गठन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। हर छात्र के भीतर किसी न किसी क्षेत्र में प्रतिभा होती है। उस प्रतिभा में निखार लाने की आवश्यकता है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को इस आयोजन के माध्यम से बेहतर मंच प्रदान किया जायेगा। स्कूलों से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रतियोगिता के लिए करना है। आयोजन समिति के सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण सार्मथ्य से पालन करें। इस अवसर पर अयोजन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर दुबे, उपाध्यक्ष अनिल सिंह विष्णुदेव वर्मा, आयोजन सचिव जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, राम कलप निषाद, सुखलाल शर्मा, हनुमान गुप्ता, कुंवर बहादुर सिंह, चुन्नी लाल शर्मा, रमाशंकर वर्मा, श्याम नारायण तिवारी, अयोध्या तिवारी, रामसुरेमन मिश्र, जंगबहादुर तिवारी, हीरा सिंह मौजूद रहे।

# कोल्हुई-बृजमनगंज मार्ग पर मानक विहीन कार्य का आरोप लगाकर रोका

अवधनामा संवाददाता



**नौतनवा (महराजगंज)।** कोल्हुई-बृजमनगंज मार्ग पर हो रहे नवीनीकरण कार्य को मानक विहीन होने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में कार्य को रुकवा दिया गया है। इस दौरान दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच कर नवीनीकरण कार्य को मानक विहीन होने पर विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना था कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से नवीनीकरण का कार्य कराया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने बताया कि कोल्हुई बृजमनगंज मार्ग पर पालीवाल कंपनी द्वारा विगत चार दिनों से नवीनीकरण का कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार से दो दिनों से मानक के अनुसार कार्य कराने को कहा जा रहा है परंतु उसके द्वारा मनमाने तरीके से मानक विहीन कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसी भी कार्य को मानक के अनुसार ही कराए जाने का आदेश दिया है। फिर भी मानक के अनुसार कार्य नही किया जा रहा था। आज दोपहर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में पहुंचे भाजपाइयों ने मानक विहीन कार्य को रुकवा दिया। भाजपाइयों का कहना था की सक्षम अधिकारी जबतक इस कार्य की जांच नही कर लेते तबतक कार्य रुका रहेगा। इस दौरान भाजपा नेता मधुर सिंह, अरुण राय, फेकू नायक, तमेसर जायसवाल, शांतिविजय राय, दीना चौधरी, रामकेश प्रजापति, शिवकुमार सिंह, सुरेंद्र नाथ शुक्ला, उमेश यादव, ऋतुराज सिंह सहित दर्जनों भाजपाई मौके पर मौजूद रहे।

# चौकीदार की हत्या का खुलासा, दो हत्यारोपी गिरफ्तार



**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मात्र 24 घंटें में हत्या की घटना का खुलासा कर दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त फावडा, पाठल लोहा व बाईक को बरामद किया है। आज पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के सम्मुख हत्या का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि 12 सितंबर की रात को पल्टूराम खेत पर चौकीदारी कर रहा था। 13 सितंबर की सुबह को पल्टूराम का शव मिला था। चौकीदार के सिर पर गहरा घाव था। मृतक के बेटे सुशील कुमार ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामले की जांच की। पुलिस ने दो हत्यारोपियों लाला उर्फ इकराम तेली, पुत्र इस्लाम व इकबाल पुत्र इरफान निवासीगण चांदपुर थाना गागलहेड़ी को गिरफ्तार किया है। जबकि तीसरा हत्यारोपी इमरान फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार हत्यारोपियों ने पूछताछ मे बताया कि चौकीदार पल्टूराम तीनों हत्यारोपियों इकराम, इकबाल और इमरान को जानता था। वह 12 सितंबर की देर रात को यूके लिप्टिस और पॉपुलर के पेड़ लाला राजकुमार मित्तल के खेत से काट रहे थे। पल्टूराम जब खेत पर अपनी ड्यूटी पर गया। उसने तीनों आरोपियों को पेड़ काटते हुए देख लिया। आरोपी पेड़ों को काटकर रेहड़े में रख रहे थे। जिसका पल्टूराम ने विरोध किया। पल्टूराम को आरोपियों ने पैसे का लालच भी दिया। लेकिन वह नहीं माना। जिसके बाद हुई कहासुनी के मारपीट हो गयी और गुस्से में पल्टूराम के सिर पर पाठल से वार कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गया। उसकी मौत हो गई। उसके शव को गन्ने के खेत में छिपा दिया। हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे क्षेत्राधिकारी सदर अभितेष सिंह, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रईस अहमद, उपनिरीक्षक नवीन कुमार, करण नागर, हैड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, विपिन राणा, कांस्टेबल श्याम पाल शामिल रहे।

# हापुड़ घटना: अधिवक्ताओं ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

- दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग का सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता अभी भी आक्रोशित है। लगातार चल रही हड़ताल के तहत आज अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर उप्र सरकार का पुतला फूंका और घटना के दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।केन्द्रीय संघर्ष समिति हाईकोर्ट बैंच स्थापना के आह्वान पर पिछले 11 सितम्बर से चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल आज भी जारी रही। कलेक्ट्रेट व दीवानी न्यायालय बार संघ के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर उप्र सरकार का पुतला फूंक्र अपना रोष जताया। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड का अविलम्ब स्थानान्तरण किया जाये, दोषी पुलिस कर्मियों जिन्होनें बर्बरता पूर्वक हापुड अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज किया तथा महिला अधिवक्ताओं को भी पीटने का कार्य किया, उन सभी पर दर्ज मुकदमें के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जायें।

प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरूद्ध पुलिस ने जो मनगढंत कहानी बनाकर जो मुकदमें दर्ज किये है, उन्हें वापिस किया जायें। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरन्त लागू किया जायें। हापुड़ के घायल अधिवक्ता को तुरन्त मुआवजा दिलाया जायें। इस दौरान दीवानी कचहरी सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद शर्मा, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक शर्मा, अशोक पुण्डीर एडवोकेट, जमाल साबरी, अमरीश पुंडीर एडवोकेट समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने सीएम को भेजा मांग पत्र

**सिंदुरिया(महराजगंज)।** ग्राम रोजगार सेवकों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय मांग पत्र भेजा। जिसमें उन्होंने अपनी मांगों को जायज ठहराते हुए जल्द पूरा करने की अपील की हैं। रोजगार सेवकों ने उल्लेख किया है कि बीते 2021 में की गई घोषणा का आदेश निर्गत किया जाय। रोजगार सेवकों के मानदेय में बढ़ाया जाए। ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50 प्रतिशत कोटा रोजगारों को मिले। रिक्त ग्राम पंचायत में भी रोजगार सेवकों से काम लिया जाय और मनरेगा का आईडी पासवर्ड रोजगार सेवकों को दिया जाय। आकस्मिक मृत्य पर परिजनों को सेवा में सम्मलित किया जाय।, ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियो के यूएएन खाते में भेजी जाए।, ग्राम रोजगार सेवको को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाय व पदनाम ग्राम विकास सहायक किया जाए। साथ ही पूर्व वित्तीय वर्षो का बकाया मानदेय दिलाया जाय । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ब्रह्मानंद ,ओमप्रकाश मनोज कुमार गौतम, चिन्नू प्रसाद ,सीमा पांडे ,राजेश कुमार वर्मा परमजीत ,ओमप्रकाश आर्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जनाब इनामुल्लाह पुत्र श्री फहीमुल्लाहद्वारा सदर की हैसियत से संस्था कासमी मस्जिद मदरसा कासिमुल उलूम कमेटी, ग्राम- सेमरहना, पोस्ट- छितौनी रुद्रनगर, तहसील- बांसी, जनपद- सिद्धार्थनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 1. जनाब इनामुल्लाह - सदर, 2. जनाब सफी मोहम्मद- नायब सदर, 3. जनाब मोहम्मद सलीम शेख नाजिम/मैनेजर, 4. जनाब सफीक मोहम्मद- नायब नाजिम, 5. जनाब मोहम्मद युसुफ- खजांची, 6. जनाब रमजान- मेम्बर, 7. जनाब मुबारक अली- मेम्बर दर्शाये गये।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोट्रिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई—ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ—उ0रे0—मण्डल—वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12.00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2839/23

# मेरी माटी मेरा अभियान अंतर्गत सांसद ने दिलाई पंचप्रण की शपथ



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में मेरी माटी मेरा अभियान अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके क्रम में गुरुवार को सांसद जगदंबिका पाल ने अपने संसदीय क्षेत्र के कई स्थानों पर अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर कई शीलाफल्लाकम का अनावरण किया। जिसके क्रम में कपिलवस्तु विधानसभा के विकास खंड बर्डपुर न. 3 व नागचौरी में चौपाल कार्यक्रम, शिलाफल्लकम का लोकार्पण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज गांव की समस्याओं को सुनने के लिए आप लोगो के बीच सांसद, जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी गण स्वयं आप के गांव में आ रहे हैं। आज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश का प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। इस दौरान सांसद ने उपस्थित जनता को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार, एडीओ पंचायत राम पयारे, ग्राम पंचायत अधिकारी केशभान यादव, अजहरुद्दीन, महेश्वर पांडेय, निसार अहमद. फूलचंद जायसवाल, राम अचल चौधरी, शब्लू साहानी, प्रहलाद गुप्ता, विन्देश्वरी चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, रामप्रताप, सोनू सहित ग्राम वासी गण उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश पर लगातार किया जा रहा है मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर ।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर *मेरी माटी ,मेरा देश* कार्यक्रम के आयोजन 11 सितम्बर से किया जा रहा है । आजादी का अमृत महोत्सव, योजना अंतर्गत प्रदेश में, मेरी माटी मेरा देश- अमृत कलश यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में 11 सितंबर से 30 सितंबर तक कार्यक्रम, ब्लॉक स्तर पर 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक कार्यक्रम तथा जिला मुख्यालय पर 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 27 अक्टूबर 2023 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम अमृत वाटिका में आयोजित किया जाएगा। 30 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम वर्तमान में ग्राम पंचायत स्तर पर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा एवं मुठ्ठी भर मिट्टी/ अक्षत का संग्रह किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों तथा आमजनमानस को भी इस कार्यक्रम में जोड़ने हेतु अपील की है। विद्यालयो के प्रार्थना के बाद माटी गायन, सेल्फी विद पंच प्रण, जिलेवार पुरस्कार वितरण, लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायतों/ नगर पंचायतो को पुरस्कृत करना, स्लोगन/ निबंध लेखन प्रतियोगिता, एनसीसी, एनएसएस , एन वाई के एवं स्वयं सेवी संगठनों द्वारा अमृत कलश यात्रा का कार्यक्रम किया जाय। स्कूल एवं कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश को समर्पित विशेष सभाए आयोजित की जाएगी। छात्र और शिक्षक पंच प्रण प्रतिज्ञा लेंगे, सेल्फी अपलोड करेंगे। वीरों का सम्मान एवं अभिनंदन। पंचायत स्तर के कार्यक्रमों में सिला फलकम, पंच प्रण प्रतिज्ञा और सेल्फी वसुधा बंदन, वीरों का बंदन और ध्वजारोहण और राष्टीयगान शामिल है। सभी एकत्रित होकर कार्यक्रम के दौरान जनभागीदारी करने वाले समस्त व्यक्तियों को प्रत्येक घर से मुट्ठीभर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत( चावल ) में लेकर पंचप्रण दिलाया जाए।

# अवैध गाँजे के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार




अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर ।** अंबेडकरनगर। अवैध गांजे की खरीद व बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कोतवाली जलालपुर की पुलिस ने अवैध गांजे के साथ बेचने जा रहे युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रकरण कोतवाली जलालपुर का है। गुरुवार की सुबह 9~30 बजे कोतवाल संत प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग हेतु नदी के कच्चे पुल के पास खड़ी हुई थी। इस दौरान शिवम सिंह पुत्र दान बहादुर सिंह निवासी अशरफपुर मजगवां थाना कोतवाली जलालपुर पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिसकर्मियों दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया जिसकी तलाशी लेने पर एक झोले में गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवक ने इस कृत्य के जरिए अपनी जीविका चलाने की बात कही।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला प्रशासन को दिया ज्ञापन

**महाराजगंज।** प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद महाराजगंज के समस्त विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष, मंत्री तथा अन्य पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष महाराजगंज श्री केशव मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद बदायूं के जिलाध्यक्ष के निलंबन के विरोध में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महाराजगंज को सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दोपहर बाद 3 बजे जनपद महाराजगंज के सभी विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष मंत्री जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए। बदायूं के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा को शिक्षक दिवस के दिन द्वेषवश बीएसए द्वारा निलंबित करने से प्रदेश के सभी शिक्षकों में आक्रोश है ।जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी ने कहा कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस को पूरे प्रदेश में और देश में जब शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा था तब जनपद बदायूं के बीएसए ने जिलाध्यक्ष को निलंबित करके पूरे शिक्षक समाज को अपमानित किया है ।

# डीएम की अध्यक्षता में राजस्व एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राजस्व एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त उपजिलाधिकारियों/तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कोर्ट केस अपडेट करे। विद्युत बिलों की वसूली कम होने के कारण जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को विद्युत बिल समय से उपलब्ध कराये तथा कैम्प लगाकर बिल जमा कराये। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त एसडीएम व तहसीलदार को तहसीलों की मासिक रिपोर्ट समय से भेजें। तहसीलदारों को निर्देश दिया कि राजस्व की वसूली मे तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे।जिलाधिकारी ने वरासत कार्यो में प्रगति लाकर पूर्ण कराये। वरासत के प्रकरण लम्बित न रहे। आबकारी विभाग को वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। नेपाल बार्डर पर निरीक्षण करे तथा अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाये। वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, ही बाट-माप, परिवहन, विद्युत खनन विभागो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बाट-माप तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को बाजारो में दुकानो को चेक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्टाम्प कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, वन विभाग, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत्-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। बाजारो में पॉलीथीन का प्रयोग न हो इसके लिए दुकानो पर छापेमारी कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। बाजारो/चौराहो से अतिक्रमण हटवाने का भी निर्देश दिया गया। स्वामित्व योजना/कृषक दुर्घटना के प्रकरण लम्बित न रहे। आईजीआरएस के प्रकरण लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि जल जमाव न होने पाय जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करे। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, एआईजी स्टाम्प राजेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य, एसओसी मेघवरण,, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, रवीन्द्र श्रीवास्तव, तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने बन रहे कोविड भवन का किया निरीक्षण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम प्रमोद कुमार ने खेसरहा सीएचसी परिसर में में बन रहे 50 बेड के कोविड वार्ड भवन का निरीक्षण बुधवार को किया। निरीक्षण में काफी खामी पाए जाने पर जिलाधिकारी को आख्या भेज दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसराहा में बन रहे 50 बेड के कोविद वार्ड का निर्माणाधीन भवन का जांच एस डी एम ने किया।भवन निर्माण में दोयम दर्जे का इट का प्रयोग करते पाया गया। उन्होंने गुणवत्ता में सुधार का निर्देश देते हुए गुणवत्ता में खामी पाए जाने की आख्या जिलाधिकारी को सौंप दिया है। गौरतलब बात यह है कि इस बिल्डिंग के बगल में 20 बेड के बने कोविद वार्ड को 3 महीने पूर्व ही हैण्ड ओवर किया गया है।इस भवन कीछत हल्के बरसात में टपकने लगी है।इसकी आख्या एस डी एम प्रमोद कुमार ने जिलाधिकारी को भेज दिया है।

# शराब पिलाने जाने को लेकर नोक-झोंक, नेटवर्क छोड़ने के बाद मारपीट, मौत



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थानाक्षेत्र के इटवा बांसी मार्ग पर रमवापुर कली मोड़ पर शराब पिलाने के नाम पर दो लोगों में झगडा हो गया। ज्ञातव्य हो कि शराबियों की बात बढ़ने लगी, तो मारपीट होने लगी। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया, वहीं इलाज के दौरान मंगलवार देर रात को घायल युवक की मौत हो गयी। मृत व्यक्ति के पत्नी की तहरीर पर मारपीट करने वाले दूसरे व्यक्ति पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्जकर जांच शुरु कर दिया है। क्षेत्र के महुआ निवासी 35 बर्षीय हरीलाल रमवापुर सोमवार को रमवापुर कली मोड़ स्थित शराब के ठेके पर बैठा था। आरोप है कि कुछ देर बाद सेमरी निवासी बृहस्पति पाण्डेय भी वहां पहुंच गया। तत्पश्चात बृहस्पति पाण्डेय ने हरीलाल से शराब पिलाने को कहा। हरीलाल के मना करने पर दोनों में नोक-झोंक होने लगी जो बाद में मारपीट में बदल गयीं। मार-पीट में हरीलाल अचेत हो गया। वहां मौजूद लोग हरीलाल को एक प्राइवेट डाक्टर के पास ले गयें। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। देर रात हरीलाल की मौत हो गयीं। उसकी पत्नी सुभावती देवी ने गोल्हौरा पुलिस को शिकायती पत्र देकर बृहस्पति पाण्डेय पर मारने पीटने का आरोप लगाया जिससे उससे पति की मौत हो गयीं।

# परसुराम बने बांसी सफाई संघ के ब्लाक अध्यक्ष



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बांसी ब्लाक में गुरुवार को प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ब्लॉक स्तरीय चुनाव के लिए मतदान किया गया। संघ की ओर से चुनाव अधिकारी दिनेश धर द्विवेदी, परसुराम को नामित किया गया। सफाई कर्मचारियों की ओर से सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ साय 4 चुनाव परिणाम की घोषणा हुई जिसमें 30 वोटों से विजयी हुए। दूसरी बार जीत हासिल होने की खुशी पर एक दुसरे फूलों की माला पहनकर कर और मिठाई खिलाकर खूशी जाहिर किया। मंत्री पद संकटा प्रसाद, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर, निर्विरोध संगठन मंत्री रामप्रकाश चौधरी विजयी हुए।चुनाव अधिकारी दिनेश धर द्विवेदी ने सभी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देते हुए शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष परसुराम ने कहा संगठन हितों की रक्षा पहली प्राथमिकता होगी। दूसरी बार जीत हासिल होने की खुशी पर एक दुसरे फूलों की माला पहनकर कर और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जाएगा इस दौरान राम अजोरे, राकेश कुमार सहित ब्लाक के लगभग सभी सफाईकर्मी मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने किया समस्याओं को लेकर धरना व प्रदर्शन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने बृहस्पतिवार को पुलिसिया उत्पीड़न, गिरती हुई कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, बिजली उपभोक्ताओं का उत्पीड़न सहित कई स्थानीय समस्याओं को लेकर धरना व प्रदर्शन किया तथा तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम संबोधित आठ सूत्री ज्ञापन एसडीएम प्रमोद कुमार को सौंपा।सपा कार्यकर्ता सबसे पहले रानी लक्ष्मी स्नान घाट पर इकट्ठा हुए जहां हुई सभा को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सदस्य आलोक तिवारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार पूरी तरह से फेल है।यह सरकारें सिर्फ समाज को तोड़ व बांटकर सरकार चला रही है।इनके राज्य में देश कमजोर हो रहा है। विधायक सैयदा खातून ने कहा कि इस सरकार में गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर हो रहा है।आम आदमी का जीना दूभर हो गया है।जिला अध्यक्ष लाल जी यादव ने कहा कि इस सरकार में समाज का हर वर्ग परेशान है। जिग्निहवा चेतिया होरिलापुर सड़क जर्जर है जिसपर आवागमन संभव नही है।

# देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी सायकिल यात्रा नौ को



**अवधनामा संवाददाता बस्ती।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी सायकिल यात्रा 9 अगस्त 2023 इलाहाबाद से लोहिया वाहनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव जी के द्वारा निकाली गयी है जिस क्रम में विक्रमजोत शंकरपुर नहर पुलिया पर मनीष यादव के नेतृत्व में मनोज यादव, अमित यादव, सुनील कुमार निषाद, सूरज यादव संजीत वर्मा बच्चाराम यादव प्रधान, बलवान यादव, वहाब, पिंटू यादव,अभिषेक शर्मा प्रधान प्रतिनिधि रामू यादव, राज यादव, अभय यादव,शिवांश यादव, हिमांशु यादव,रोहित, नासिर, मुकेश, अजीत यादव, राहुल, अमित, अजीत, धर्मेंद्र, श्याम बहादुर, जनार्दन यादव, लालू यादव, राम जीत यादव, मन्नू यादव बबलू, अखिलेश यादव,महेश यादव, मुकेश,सहित सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओं ने लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव तथा सपा के जिलाध्यक्ष व सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सायकिल यात्रा का हिमांशु सिंह रानू की अगुवाई में अवधेश सिंह नर्सिंग होम पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। तथा राजराम यादव गायक की टीम द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम को लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस सरकार ने बहुत तकलीफ दिया है मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,प पुलिस प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमे में लोगों को फसाना,यह सरकार देश बेचने की कवायद कर रही है।भाजपा देश बेच रही है रेल ,एल आई सी, बंदरगाह, बैंक आदि सब बेच रही है।सरकारी नौकरियां में भर्तियां नहीं हो रही है ठेके तथा संविदा की नौकरी लोग करें समाजवादी पार्टी इसका विरोध कर रही है।हम लोग संविधान बचाने के लिए लगे हैं श्री यादव ने 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए उपस्थित लोगों से अपील किया है।कार्यक्रम को पार्टी के जिलाध्यक्ष व सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव, विधायक कप्तानगंज कवींद्र चौधरी अतुल, प्रवीण कुमार पाठक, गुलाब गौश खां, हिमांशु सिंह रानू, प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह मनीष यादव आदि लोगों ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर रवि सिंह, बृजेश सिंह, बाबूराम यादव, गुलाऊ यादव, राजाराम संतराम वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, राम लौट यादव, । शिखर सिंह, अमित सिंह, अजीत सिंह, अरविंद सिंह, हिमाशु सिंह, बबलू सिंह, राम अवध, हरिकेश सिंह, नन्हे यादव, बलाक अध्यक्ष, अरविंद यादव, विधानसभा सभा हरैया, राजू सिंह, बेलाल अहमद,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आप सभी के मुठ्ठी में दुनिया की लाइब्रेरी होने जा रही है- सांसद




**अवधनामा संवाददाता** सिद्धार्थनगर। चौधरी महावीर प्रसाद मेमोरियल महाविद्यालय हथिहवां में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन वितरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यम के बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा आप सभी के मुठ्ठी में दुनिया की लाइब्रेरी होने जा रही हैं। जिस विषय को तलाशेंगे वह मिल जाएगा। कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार हर क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रही है। युवाओं को संसाधन उपलब्ध करवाकर सरकार तकनीकी दक्षता सम्पन्न बनाना चाहती है। मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार ने भ्रष्टाचार पर बुलडोजर चलवाकर अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। पूर्व नपा अध्यक्ष एसपी अग्रवाल ने कहा भाजपा सरकार सभी के बारे में सोचते हुए कार्य कर रही हैं। नौजवानों को जनपद में ही रोजगार मिल सके इस क्षेत्र में सांसद तेजी से कार्य कर रहे हैं। मौके पर महाविद्यालय संघ के जिलाध्यक्ष मुमताज अहमद, प्राचार्य डा. रविप्रकाश चौधरी नोडल अधिकारी स्मार्टफोन वितरण अर्जुन प्रसाद, राकेश चौधरी, डा मुकेश दूबे, अरविंद सिंह, राजकुमार चौधरी, बलिराम प्रसाद, नीतीश पांडेय, अमरेश चौधरी के शीतल मौर्या, प्रतीक विश्वकर्मा, आरिफ खान, राम कृपाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि का भ्रमण किया

**अवधनामा संवाददाता बस्ती।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, बंजरिया, बस्ती का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त ने कृषि विज्ञान केन्द्र पर स्थापित विभिन्न प्रदर्शन इकाईयों, नेट हाउस एवं पाली हाउस के अन्दर उगायी जा रही सब्जियों (टमाटर, बैगन, मिर्च, फूलगोभी, पत्तागोभी, लौकी, तरोई, करेला) की नवीनतम् प्रजातियों की नर्सरी एवं रंगीन आम की नवीनतम् प्रजातियों जैसे पूसा श्रेष्ठ, पूसा पीताम्बर, पूसा लालिमा, पूसा अरूणिका, पूसा अम्बिका, टामी एट किंस, संसेशन, गुलाबखास आदि प्रजातियों की पौध नर्सरी का अवलोकन किया। उन्होने केन्द्र पर लगे आम, अमरूद, लीची, सेब, अनार, कीवी, अंजीर, आडू बुखारा, मौसमी, ऑवला आदि के मातृ वृक्षों का अवलोकन कर उसके विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# एनटीपीसी टांडा में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया



एनटीपीसी टांडा परियोजना में 14 सितंबर 2023 को परियोजना प्रमुख श्री बी सी पलेई द्वारा प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में हिन्दी पखवाड़ा 2023 का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री स्वामीनाथ द्विवेदी, प्रधानाचार्य, विवेकानंद इंटर कालेज रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री पी.एल. नरसिम्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रजनीश कुमार खेतान, समस्त विभागाध्यक्षगण, परियोजना के समस्त राजभाषा नोडल अधिकारी व यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## ओ'' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण 14 से

**बस्ती।** सू.वि., वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद में ''ओ'' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 20 सितंबर तक समय सारणी जारी है । उक्त जानकारी जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पांडे ने दी है। उन्होने बताया कि पिछड़ी जाति के इच्छुक युवक/युवतियां, जिनके माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रुपए एक लाख से अधिक ना हो एवं न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट तथा आयु न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 35 वर्ष हो, ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे। आनलाइन आवेदन निर्धारित वेबसाइट पर 14 से 20 सितंबर तक करते हुए आवेदन पत्र समस्त संलग्नको सहित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बस्ती में सायं 5.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत चौपाल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश के तहत विकास खण्ड लोटन के ग्राम पंचायत रसियावल कला के प्राथमिक विद्यालय मे आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव योजनान्तर्गत मेरी माटी मेरा देश एवं अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम और चौपाल आयोजित किया गया।इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने शिला फलकम बोर्ड का लोकार्पण भी किया गया डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम राष्ट्व्यापी कार्यक्रम है। जो आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जा रहा है उन्होंने ने कहा की प्रधानमंत्री जी ने जी टोन्टी मे जिस तरह लोगो ने भारत की सराहना किया है ऐसा कभी नही हुआ था।सबसे कम खर्च मे चन्द्रयान पर जो सफलता प्राप्त हुई हमारे देश के बैज्ञानिको ने करके दिखाया है किसी देश के बैज्ञानिको ने नही दिखाया है।हम लोग हर घर से एक एक चुटकी मिट्टी एकात्रित कर ब्लाक पर भेजेंगे और ब्लाक से जिले पर जायेंगे वह कलश प्रदेश के राजधानी मे भेजा जायेगा आप के मुख्यमंत्री आप के मिट्टी का स्वागत करेंगे फिर वहां से आपके रसियावल कला की मिट्टी दिल्ली जायेगा उस मिट्टी को प्रधानमंत्री जी स्वागत करेंगे इस तरह हर घर की मिट्टी को नमन किया जायेगा।हर ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायत से एक एक चुटकी मिट्टी एकात्रित करके एकता एवं अखंडता को सफल बनाने में मदद करे। सांसद जी ने ग्रामीणों को एकता एवं अखंडता की सपथ भी दिलाई। प्रधान संघ अध्यक्ष ने कहा कि हमारे जिले के विकास के लिए एक कड़ी और जोड़ने जा रहे है इसके लिए अपने प्रधान संघ के तरफ आप को बधाई देते एक चुटकी मिट्टी कार्यक्रम को बताये खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान ने कलश लेकर ग्रामीणों के घर तक गये।इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी सुरेश कुमार व बीडीओ राम प्रवेश, सचिव विनोद कुमार चौधरी,एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, एडीओ कापरेटिव युनूस अंसारी, ग्राम प्रधान रिंकू पाण्डेय,प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी,टीए अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रधान निजामुद्दीन, गुड्डु खान,सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, सचिव मनोज कुमार, राम कृष्ण मिश्रा, प्रधान कमलेश चौरसिया, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव,पंकज वर्मा, गिरजेश धर दुबे, दिग्विजय सिंह,मुसे सिंह विजय प्रताप चौबे,हजारी गुप्ता, भारत भारत टीए हरिश कुमार मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

## पांच की ही सुरक्षा परिषद

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आकार और 'वीटो' एकाधिकार आज भी वही है, जो करीब आठ दशक पहले था। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 के मंच से एक बार फिर इसके सुधारों और विस्तार का मुद्दा उठाया था। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, जापान के प्रधानमंत्री किशिदा और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सरीखे विश्व-नेताओं ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। पैरवी और आग्रह भी किए गए हैं। यह समर्थन बीते कुछ वर्षों के दौरान निरंतर रहा है, लेकिन चीन भारत की सदस्यता के खिलाफ आक्रामक रहा है। चीन भूलता रहा है कि वह सुरक्षा परिषद में 'वीटो' अधिकार वाला स्थायी सदस्य है, तो भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की 'कृपा' अथवा ऐतिहासिक गलती के कारण है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतेरेस भी जी-20 सम्मेलन के दौरान उपस्थित थे, लेकिन उन्होंने बदलती विश्व-व्यवस्था के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में सुधारों और विस्तार की बात नहीं की। 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया गया था, ताकि देशों के बीच आपसी शांति, स्थिरता और सह-अस्तित्व का स्थायी भाव बरकरार रहे और युद्ध को नेपथ्य में धकेला जा सके। तब से लेकर आज तक कमोबेश सुरक्षा परिषद के पांच वीटोधारी देशों-अमरीका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन-में न तो कोई सुधार किया गया है और न ही यह संख्या बढ़ाई जा सकी है। अलबत्ता 1965 में इतना विस्तार जरूर किया गया कि गैर-स्थायी सदस्यों की संख्या 10 कर दी गई। वे बारी-बारी से सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य बनाए जा सकते हैं।

भारत भी इन देशों में शामिल है। रूस को सोवियत संघ के विघटन के बाद उसकी जगह स्थायी सदस्यता, वीटो समेत, दी गई। बहरहाल स्थायी सदस्य अपने 'वीटो' का दुरुपयोग भी करते रहे हैं। भारत के संदर्भ में चीन 'अड़ंगेबाज' बना रहा है, क्योंकि वह अमरीका और भारत के आतंकवाद-विरोधी प्रस्तावों पर 'वीटो' कर मसूद अजहर सरीखे खूंखार आतंकियों और इनसानियत के कातिलों को बचाता रहा है। इस तरह चीन अपने 'कर्जदार दोस्त' पाकिस्तान की किरकिरी से उसे बचाता रहा है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में सुधारों को पारित करना ही टेढ़ी खीर है। सबसे पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन के लिए दो-तिहाई सदस्य-देश संशोधन के पक्ष में वोट करें। अनिवार्य यह है कि इस प्रक्रिया में सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी, वीटोधारी सदस्यों की उपस्थिति भी जरूरी है। उनके बिना कोई भी संशोधन और प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में पारित नहीं किया जा सकता। बीते कुछ सालों में सुधारों के पैरोकार देशों की मांग बुलंद हुई है। इस समूह में भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान शामिल हैं। समूह को 'जी-4' का नाम दिया गया है। जापान, जर्मनी, भारत तो विश्व की सबसे बड़ी तीसरी, चौथी और 5वीं अर्थव्यवस्थाएं हैं। उनकी स्थायी भागीदारी को सुरक्षा परिषद में कैसे रोका जाता रहा है? आम सहमति के लिए इन देशों के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी देशों-पाकिस्तान, इटली, अर्जेन्टीना और दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी संघ-की आवाज भी मिलाई गई है। हालांकि जी-4 के देश सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के पक्षधर हैं, जबकि आम सहमति के लिए जुड़े देश चाहते हैं कि गैर-स्थायी सदस्यों की सीटें बढ़ाई जाएं। अफ्रीकी संघ चाहता है कि दो अफ्रीकी सीटें स्थायी रखी जाएं और उन्हें 'वीटो' अधिकार भी दिया जाए। चीन समूचा खेल बिगाड़ता रहा है, क्योंकि वह पाकिस्तान, इटली वाले 'आम सहमति के लिए जुड़े' देशों के साथ है। चीन भारत और जापान को स्थायी सदस्य बनाए जाने के खिलाफ है। बहरहाल सुरक्षा परिषद को मौजूदा हालात और विश्व-व्यवस्था में प्रासंगिक बने रहना है, तो सुधारों और विस्तार की पहल करनी ही पड़ेगी। इस मसले पर गुटबाजी नहीं होनी चाहिए।

## क्या मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड सारे मसलमानों की नुमाइंदगी करता है?

डॉ फैयाज अहमद फैज़ी

इस सवाल का जवाब ढूंढने से पहले एक नज़र बोर्ड के स्थापना के कारण और उद्देश्य पर भी गौर कर लेना उचित होगा, जो बोर्ड की वेबसाइट पर उर्दू में साफ़ तौर पर लिखा है- जब हुकूमत ने क़ानूनसाज़ी (क़ानून बनाना) के ज़रिए (द्वारा) शरई कवानीन (क़ानूनों) को बेअसर (अप्रभावी) करने की कोशिश की। यह सीधे तौर पर संविधान द्वारा बने सरकार के लोकतांत्रिक स्वरूप एवं देश की संसद पर सवालिया निशान है और मुस्लिम समाज को डराने एवं भ्रमित करने का प्रयास है कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई संसद जहाँ क़ानून बनाए जाते हैं, और जिसे मुस्लिम भी अपने स्वतंत्र मतों से चुनते हैं, वो उनकी हितैषी नहीं है। उद्देश्य बताते हुए लिखा है कि मुस्लिम मआशरे (समाज) में तमाम गैर इस्लामी रस्म व रिवाज़ मिटाने का जामे (वृहद) मंसूबा (उद्देश्य), यहाँ यह बात गौरतलब है कि देशज पसमांदा मुसलमानों की भाषा, सभ्यता एवं संस्कृति भारतीय क्षेत्र विशेष की रही हैं जिसे अशराफ मुस्लिम उलेमा हिन्दूवादी और गैर इस्लामी रस्म व रिवाज़ करार देकर अपनी अरबी ईरानी सभ्यता संस्कृति को इस्लाम के नाम पर थोपने का प्रयास करता रहा है, जबकि इस्लाम में वर्णित सिद्धांत ÷उर्फ÷ ने किसी भी क्षेत्र विशेष की रस्म व रिवाज के पालन करने की छूट, इस शर्त के साथ दिया है कि वो इस्लाम के मूल सिद्धांत से न टकराते हों। बोर्ड का यह भी दावा है कि वह इस देश में बसने वाले सभी मुसलमानों की प्रतिनिधि सभा है जो उनके व्यक्तिगत एवम् सामाजिक मूल्यों को, जो इस्लामी शरीयत कानून द्वारा निर्धारित किये गए हैं, देख-भाल करने का कार्य करती है। इसके अतिरिक्त बोर्ड मुस्लिमों की तरफ से देश के बाह्य एवम् आंतरिक मामलों में न सिर्फ अपनी राय रखता है बल्कि देशव्यापी आंदोलन, सेमिनार एवम् मीटिंग के द्वारा कार्यान्वित भी करता रहा है। और देखा जाए तो सरकार सहित भारतीय जनमानस, मीडिया एवं बुद्धिजीवी वर्ग भी इस बात को स्वीकार किए हुए है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या भारतीय मुस्लिम समाज सिर्फ मसलकों फिरकों में ही बंटा है तो इसका जवाब सकारात्मक मिलता है। मुस्लिम समाज मसलकों और फिरकों में होने के साथ साथ नस्ली और जातिगत आधार पर भी बंटा है, जहाँ सैयद, शेख, पठान, कुजड़ा बनकर, धुनिया दर्जी, धोबी, मेहतर, भटियारा भक्को पवारिया मिरासी और नट आदि जातियाँ मौजूद हैं, लेकिन बोर्ड अपने संगठन में उपर्युक्त विभेद को मान्यता नहीं देता और संगठन में किसी भी देशज पसमांदा पिछड़े दलित और आदिवासी, मुस्लिम जातियों को उनकी जातिगत संख्या के आधार पर किसी भी प्रकार का प्रतिनिधित्व नहीं देता है। ऐसा नहीं है कि बोर्ड भारतीय मुस्लिमों के जातिगत भेद से अवगत नहीं है, वोर्ड द्वारा प्रकाशित ÷मजमूये कवानीने इसलामी नामक पुस्तक में विवाह से संबंधित अध्याय में ÷कूफु÷ शीर्षक के अंतर्गत नस्लीय जातीय ऊँच नीच, देशी-विदेशी विभेद आदि को मान्यता देते हुए इनके बीच हुए विवाह को गैर इस्लामी मानते हुए वर्जित करार देता है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि बोर्ड महिलाओं के प्रतिनिधित्व को भी कम तवज्जो देता है। जबकि इस्लामी इतिहास पर दृष्टि डालें तो पता चलता है कि खलीफा उमर (20) ने एक महिला सहावी (मुहम्मद रसूल अल्लाह का साथी), शिफ़ा बिन्त अब्दुल्लाह अल अदविया (20) को मदीना के मार्केट का लोक वाणिज्य प्रशासनिक अधिकारी बनाया था। वह इस्लामी इतिहास की पहली शिक्षिका एवम् चिकित्सिका भी थीं। खलीफा उमर (र0) उनसे सरकारी कामकाज में बराबर राय मशविरा भी किया करते थे। हालाँकि अब बोर्ड ने महिलाओं को शामिल तो कर लिया है लेकिन सदस्य पद तक ही सीमित रखा है, बड़े और महत्वपूर्ण पद अभी भी पुरुषों के पास है। बोर्ड में पदाधिकारियों के चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है। पदाधिकारियों के कार्यकाल पर भी स्पष्टता का अभाव है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि बोर्ड को सारे मुसलमानों की नुमाइंदगी का संवैधानिक और नैतिक आधार नहीं है और इसका ध्येय इस्लाम और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की आड़ में उच्च वर्गीय मुस्लिमों की प्रभुसत्ता बनाये रखना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

मछुआरों की आय सीधे तौर पर मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया के प्रबंधन से जुड़ी होती है। यानी मछुआरों की आय मछली के भंडारण, संरक्षण, परिवहन और बिक्री की व्यवस्था पर निर्भर करती है। कुल 25000 से अधिक मछली परिवहन सुविधाओं, 6700 मछली कियोस्क/बाजारों और 560 कोल्ड स्टोरेज को दी गई मंजूरी के साथ, जमीनी स्तर पर मत्स्यपालन का यह बुनियादी ढांचा तेजी से मजबूत हो रहा है। मछुआरों को खुले समुद्र में जोखिम और कामकाज की खतरनाक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है।

# भारतीय मत्स्यपालन : एक उभरता क्षेत्र

अब जबकि भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, मत्स्यपालन क्षेत्र इस यात्रा में अपना दायित्व निभाने के लिए आगे आया है। प्रधानमंत्री की 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' की बदौलत, पिछले नौ वर्षों में भारतीय मत्स्यपालन एक उभरते हुए क्षेत्र के रूप में सामने आया है और यह देश को अग्रणी नीली अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी) बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। कुल 8000 किलोमीटर से अधिक लंबे समुद्री तटों, विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र, कुछ सबसे बड़ी नदियों व जलाशयों और महत्वपूर्ण रूप से मेहनती मानव पूंजी से समृद्ध भारत में हमेशा मत्स्यपालन के विकास की अपार संभावनाएं रही हैं। लेकिन शायद पिछली सरकारों की उपेक्षा, उदासीनता और नीतिगत निष्क्रियता ने इन संभावनाओं को कभी भी साकार होने ही नहीं दिया। विभिन्न रिपोर्टों से यह पता चलता है कि आजादी के बाद से 2014 तक, केन्द्र सरकार मत्स्यपालन के विकास के लिए 4000 करोड़ रुपये से भी कम की राशि जारी कर सकी। विभिन्न गीतों और कहानियों में 'महासागर के राजा' के रूप में प्रशंसित एक मछुआरा वास्तव में अपनी आजीविका कमाने के लिए हर दिन संघर्ष करता रहा। प्रसिद्ध तमिल अभिनेता एम.जी. रामचन्द्रन (एमजीआर) ने अपनी फिल्म पडागोटी में मछुआरों की इस दुर्दशा को पूरी संवेदनशीलता के साथ दर्शाया था। मछुआरों की पीड़ा एवं उनके संघर्ष और असंवेदनशील व्यवस्था के हाथो उनके शोषण एवं बेबसी के इस दर्दनाक चित्रण ने दर्शकों के मन में एक अमिट छाप छोड़ी थी।


डॉ. एल मुरुगन

यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही थे जिन्होंने हमारे मछुआरे समुदाय के लिए इस नीली अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं को समझा और इस क्षेत्र का प्रणालीगत विकास शुरू करने का निर्णय लिया। उनके नेतृत्व में, केन्द्र सरकार ने नीली क्रांति योजना (2015- 5000 करोड़ रूपये) और फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (2017- 7522 करोड़ रूपये) के माध्यम से सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की। इन योजनाओं ने भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की, जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण किया और 2.8 करोड़ मछुआरों के जीवन को प्रभावित किया। जैसे-जैसे भारतीय मत्स्यपालन आगे बढ़ना शुरू हुआ, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2019 में इसके केंद्रित विकास के लिए एक नया मत्स्यपालन मंत्रालय बनाया। जब भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र एक बड़ी छलांग लगाने की तैयारी कर रहा था, अचानक कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण दुनिया रुक गई। लेकिन, नेतृत्व ने इस संकट को एक अवसर में बदल दिया और सितंबर 2020 में 20050 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) लाकर मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज



की घोषणा की, जो भारतीय मत्स्यपालन के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

इस नए निवेश और केन्द्रित ध्यान की बदौलत, पीएमएमएसवाई ने मछली के उत्पादन, उसकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता से लेकर प्रौद्योगिकी, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया से जुड़े बुनियादी ढांचे और विपणन तक की मत्स्यपालन की मूल्य श्रृंखला में मौजूद महत्वपूर्ण अंतराल को पाटना शुरू कर दिया। इसने प्रमुख रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है- समुद्री मत्स्यपालन, अंतर्देशीय मत्स्यपालन, मछुआरों का कल्याण, बुनियादी ढांचा और मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया का प्रबंधन, ठंडे पानी में मत्स्यपालन, सजावटी मत्स्यपालन, जलीय स्वास्थ्य प्रबंधन, समुद्री शैवाल की खेती आदि। पिछले नौ वर्षों के दौरान केन्द्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और मछुआरों को शामिल करके केन्द्र सरकार द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों ने भारतीय मत्स्यपालन की स्थिति में नाटकीय रूप से परिवर्तन ला दिया है। कुल 107 से अधिक मछली पकड़ने से जुड़े बंदरगाह और मछली लैंडिंग केंद्र जैसे मुख्य बुनियादी ढांचे का निर्माण/आधुनिकीकरण किया गया है जो सुरक्षित लैंडिंग, बर्थिंग और लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आवश्यक हैं। कोचीन, चेन्नई, मुंबई, विशाखापत्तनम और पारादीप में प्रमुख मछली पकड़ने के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया गया है। मछुआरों की आय सीधे तौर पर मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया के प्रबंधन से जुड़ी होती है। यानी मछुआरों की आय मछली के भंडारण, संरक्षण, परिवहन और बिक्री की व्यवस्था पर निर्भर करती है। कुल 25000 से अधिक मछली परिवहन सुविधाओं, 6700 मछली कियोस्क/बाजारों और 560 कोल्ड स्टोरेज को दी गई मंजूरी के साथ, जमीनी स्तर पर मत्स्यपालन का यह बुनियादी ढांचा तेजी से मजबूत हो रहा है। मछुआरों को खुले समुद्र में जोखिम और कामकाज की खतरनाक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। इन जोखिमों को कम करने के लिए, 1043 मौजूदा मछली पकड़ने वाले जहाजों के उन्नयन, 6468 नावों और 461 गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों के प्रतिस्थापन और उपग्रह आधारित संचार का उपयोग करके समुद्री मछली पकड़ने वाले जहाजों पर एक लाख ट्रांसपोंडरों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। पीएमएमएसवाई ने अंतर्देशीय मत्स्यपालन को पारंपरिक तौर-तरीकों से बाहर निकाला और उसमें प्रौद्योगिकी का समावेश किया, जिससे कई प्रतिभाशाली एवं उद्यमशील युवाओं को मत्स्यपालन के उद्यम को अपनाने की प्रेरणा मिली। आज, कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी पुनर्चक्रण पर आधारित मत्स्यपालन प्रणाली (रीसर्क्युलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) का उपयोग करके ठंडे पानी के रेनबो ट्राउट का कुशलतापूर्वक पालन कर रही हैं। बायोफ्लॉक द्वारा पाले गए झींगा की बदौलत नेल्लोर के मत्स्यपालन से जुड़े उद्यमी सफल निर्यातक बन गए हैं।

पीएमएमएसवाई ने मत्स्यपालन को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों तक विस्तारित करने में मदद की है। लगभग 20000 हेक्टेयर के ताजा तालाब वाले क्षेत्र को अंतर्देशीय जलीय कृषि के अंतर्गत लाया जा रहा है। यहां तक कि चारों ओर भूमि से घिरे हरियाणा और राजस्थान के किसान भी जलीय कृषि के माध्यम से अपनी खारी बंजर भूमि को सफलतापूर्वक धन देने वाली भूमि में परिवर्तित कर रहे हैं। पीएमएमएसवाई ने मछुआरा समुदाय की महिलाओं को सजावटी मत्स्यपालन, मोती के उद्यम (पर्ल कल्चर) और समुद्री शैवाल की खेती जैसे लाभकारी विकल्प और वैकल्पिक आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाया है। तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में हाल ही में शुरू किया गया 127 करोड़ रुपये का समुद्री शैवाल पार्क वास्तव में मोदी सरकार का एक अग्रणी कदम है। बीज, चारा और नस्ल मत्स्यपालन क्षेत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं। पीएमएमएसवाई ने 900 मछली चारा संयंत्रो एवं 755 हैचरी को सक्रिय किया है और यह चेन्नई में भारतीय सफेद झींगा से जुड़े अनुसंधान एवं आनुवंशिक सुधार, विशिष्ट रोगजनक मुक्त ब्रूड स्टॉक के विकास और अंडमान में बाघ झींगा (टाइगर श्रिम्प) से जुड़ी परियोजनाओं को समर्थन प्रदान कर रहा है।

# लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील स्थायी परिवर्तन को प्रोत्साहन

हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करने का विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है।

जी20 एम्पॉवर वैश्विक स्तर की एक ऐसी पहल है, जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक मंच पर लाती है। महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' की अवधारणा पेश की। भारत के लिए खास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटाकर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित किया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों बल्कि विकास की अगुआ भी हों।


संगीता रेड्डी

जी20 एम्पॉवर की भारत की अध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और कथानक में इस परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन पहलुओं पर है- शिक्षा, महिला उद्यमिता और सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना है कि डिजिटल समावेशन इन सभी क्षेत्रों में एक साझा विषय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण और संसाधन उन्हें समान रूप से सुलभ हों।



शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाने की हिमायत कर रहे हैं। हम विभिन्न बड़ी कंपनियों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्योन्मुखी समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस संपूर्ण-सरकार का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे।

महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में समर्थ बनाना एक लाभकारी सौदा है यानी व्यापक लैंगिक समानता के साथ एक समृद्ध अर्थव्यवस्था। हम निजी क्षेत्र को न केवल एक वित्तपोषक एवं खरीददार के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक एवं विकास के उत्प्रेरक के रूप में भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने वाले स्तर पर महिलाओं के पहुंचने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल से जुड़ी नीतियां पेश कर रहे हैं, लैंगिक विविधता के आयामों की नियमित समीक्षा व उसके बारे में प्रकाशन कर रहे हैं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं। महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करने का विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है। दूसरा, हमने एक केपीआई डैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नज़र रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु रुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं। तीसरा, हमने एक 'उत्कृष्ट कार्यप्रणाली प्लेबुक' बनाई है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्ट कार्यप्रणालियां संकलित हैं। चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य से जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गई हैं।

पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवर पहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवर के हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गई है। इन पहलों के अलावा, हमने 'गांधीनगर घोषणा' भी पेश की है। यह घोषणा निजी क्षेत्र की ओर से लैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है। इस घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनकी श्रमशक्ति में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। उन क्षेत्रों में जहां श्रमशक्ति में पहले से ही 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हैं, यह घोषणा इस बात को सुनिश्चित करने तक जाती है कि उक्त संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हों। 30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है, अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं समावेशी श्रमशक्ति के निर्माण की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

# 2024 : सभी दलों ने अपनी अपनी रणनीति बनाई

इसीलिए बसपा अपने 2007 के फॉर्मूले को आगामी लोकसभा के चुनाव में एक बार फिर से लागू करना चाहती है। हालांकि इसके बाद बसपा का ये फॉर्मूला 2012 या 2017 में काम नही आया। एक तरफ बसपा से सवर्णों का वोट तो खिसका ही वहीं 2017 से उसका बेस वोट बैंक यानि दलितों के वोट बैंक में सेंधमारी हुई। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी यही देखने को मिला। 2022 में भी बसपा ने ये कोशिश की थी लेकिन इस बार भी मामला बुरी तरह से फ्लॉप हो गया था।

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए देश के सभी दलों ने अपनी अपनी रणनीति बनाकर उसपर काम करना शुरू कर दिया है। 2024 चुनाव के लिए दो बड़े गठबंधनों ने रूप ले लिया है। एक तरफ 38 दलों का एनडीए गठबंधन है तो दूसरी तरफ 28 दलों का इंडिया गठबंधन। लेकिन वहीं कुछ ऐसे भी दल हैं.. जिन्होने इन दोनों गठबंधनों से दूरी बनाकर रखी हुई है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी ने भी दोनों गठबंधनों से दूरी बनाकर रखी हुई है।हालांकि 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा से गठबंधन किया था। लेकिन इस बार मायावती ऐसा कोई प्रयोग करने से बेहतर अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए कई फॉर्मूलों पर काम कर रही है।बसपा एक तरफ अपने कैडर के वोट बचाने की चुनौती पर काम तो कर ही रही है। तो वहीं दूसरी तरफ 2007 के फॉर्मूले पर भी काम कर रही है।


श्रेय शुक्ला

बहुजन समाज पार्टी का गठन 14 अप्रैल 1984 को कांशीराम ने किया था। इस पार्टी की नीव ही दलितों को सशक्त करने, पिछड़ेपन को दूर कर उनको मजबूत बनाने के लिए बनी थी। कई सालों तक बसपा अपने इसी समीकरणों पर चलती रही। फिर बसपा और मायावती के लिए साल 2007 में टर्निंग पाइंट आया। मायावती यह समझ चुकी थीं कि बिना सोशल इंजीनियरिंग के सत्ता के शिखर पर ठहरना सम्भव नहीं है। तब नीले रंग से रंगी दीवारों पर हाथी बनाकर लिखे गए नारे 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' की जगह 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' नारे ने ले ली। 2007 के इसी चुनाव में 'ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा' और 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा विष्णु महेश है' जैसे नारे खूब लगे। मायावती को इन नारों के बाद सफलता भी मिली। सफलता ऐसी की पूर्ण बहुमत की सरकार बन गई। मायावती ये बखूबी जानती है बसपा की वापसी के लिए उसी सोशल इंजीनियरिंग को धार देने की जरूरत है... इसीलिए बसपा अपने 2007 के फॉर्मूले को आगामी लोकसभा के चुनाव में एक बार फिर से लागू करना चाहती है। हालांकि इसके बाद बसपा का ये फॉर्मूला 2012 या 2017 में काम नही आया। एक तरफ बसपा से सवर्णों का वोट तो खिसका ही वहीं 2017 से उसका बेस वोट बैंक यानि दलितों के वोट बैंक में सेंधमारी हुई। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी यही देखने को मिला। 2022 में भी बसपा ने ये कोशिश की थी लेकिन इस बार भी मामला बुरी तरह से फ्लॉप हो गया था। बावजूद इसके कि इस चुनाव में बसपा को 1 करोड़ 18 लाख वोट मिले लेकिन सीट बस एक ही जीत पाई। बसपा के कोर वोट बैंक पर भाजपा के साथ साथ समाजवादी पार्टी की भी बहुत पैनी नजर बनी हुई है। बसपा नही चाहएगी की किसी भी तरह से उसका बेस वोट बैंक उससे अलग हो। बसपा प्रमुख मायावती ने पिछले कई दिनों कई बैठकें भी की है। साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बसपा ने कैडर कैंप शुरू किए हैं। तो कार्यकर्ताओं से साफ कहा कि सर्व समाज पर फोकस करें। इनमें खास तौर पर आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को भी जोड़ने को कहा गया है। इसके लिए ब्राह्मण पदाधिकारियों के लक्ष्य तय किए जा रहे हैं। बसपा मानकर चल रही है कि यही सवर्ण वोट अगर भाजपा से खिसकर बसपा की तरफ आया तो भाजपा ढलान पर जा सकती है।



दरअसल बहुजन समाज पार्टी भले ही किसी भी अन्य वर्ग पर अपना फोकस कर रही हो। लेकिन उसकी सबसे बड़ी चिंता यही है कि दलित वोटर स्थायी रूप से कहीं दूसरे दलों में शिफ्ट न हो जाएं। यही कारण है कि दलितों में भी लगातार कैंप करने को कहा जा रहा है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने 2024 में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन के सवाल पर कहा है कि '2007 की तरह बसपा से जनता का गठबंधन होगा। खुद मायावती भी इस बात का एलान कर चुकी हैं कि वो आगामी लोकसभा चुनाव और अन्य राज्यों में होने वाले चुनाव में एकला चलो की नीति पर ही बनी रहेगी।

लेकिन इसपर जानकारों का कुछ अलग सोचना है.. उनका मानना है कि मायावती इस वक्त वेट एँड वांच की स्थिति में हैं। उन्होने 4 राज्यों में होने वाले चुनाव पर नज़र बनाकर रखी हुई है.. दरअसल वो राजनीतिक हवा का रुख किस तरफ है इसको समझना चाह रही है। हालांकि इंडियागठबंधन की तरफ से मायावती को गठबंधन में शामिल करने के लिए पीछे के दरवाज़े से कई बार कोशिश की गई लेकिन उन्होने फिलहाल कोई भाव नही दिया है। चाहे एनडीए गठबंधन हो या इंडिया गठबंधन। दोनों ही मायावती की ताकत को बखूबी पहचानती हैं। उनके खाते में सीट भले ही न हो। लेकिन वोट शेयर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। तो देखना दिलचस्प होगा कि क्या ब्राह्मण मायावती के लिए एक बार फिर से शंख बजाएगा या नहीं। मायावती एकला चलो के गाने का गाना छोड़ेंगी या नही।

कैसी प्यारी ज़ुबान है हिंदी,
एक सोने कि खान है हिंदी।

सच तो ये है कि हम इसी के हैं,
और हमारी ज़ुबान है हिंदी।

गर्व से क्यों ना हम कहें
आखिर,
देखो कितनी महान है हिंदी।

जब सुना दूसरी ज़ुबानी को,
यूं लगा आसमान है हिंदी।

इत्र उर्दू है ये है सच लेकिन,
एक हंसी इत्रदान है हिंदी।

प्रेम सुंदर दयालु शब्दों का,
एक भरा खानदान है हिंदी।

साफ कहता हूं मैं ये उर्दू में,
सारा हिंदुस्तान है हिंदी।

है मेरी माद्रि ज़ुबाँ ऊर्दू,
और उर्दू की जान है हिंदी।

दो ज़ुबानो में ऐसा रिश्ता है ,
तीर उर्दू कमान है हिंदी ।

आज हिंदी दिवस है लिख्खो
सलीम,
पूरे भारत की शान है हिंदी।


सलीम अमरोहवी

# पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली देने के लिए किये जा रहे युद्ध स्तरीय प्रयास : एके शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रदेश में उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति देने के लिए ऊर्जा विभाग जमीनी स्तर पर विद्युत व्यवस्था की सुदृढ़ीकरण हेतु युद्धस्तर पर कार्य कर रहा। केन्द्र की 17 हजार करोड़ रूपये की आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को नये सिरे से खड़ा करने का प्रयास हो रहा। जर्जर लाइनों एवं विद्युत पोलों को बदलने का कार्य किया जा रहा। प्रदेश के बढ़ते विद्युत लोड के अनुरूप ही उपकेन्द्रों, फीडरों और ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही है। जरूरत के अनुसार नये उपकेन्द्र, फीडर बनाये जा रहे हैं और नये ट्रांसफार्मर भी लगाये जा रहे हैं। इससे जहां दोषमुक्त गुणवत्तापूर्ण बिजली



उपभोक्ताओं को दी जा सकेगी, वहीं बार-बार होने वाली ट्रिपिंग, फाल्ट के कारण बिजली जाने की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा।

ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने बताया कि पिछले महीने भीषण गर्मी एवं उमस होने के कारण बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ गयी थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में अभी तक सबसे ज्यादा बिजली की आपूर्ति 28284 मेगावाट इस वर्ष हुई। विद्युत की निर्बाध

**■ ट्रिपिंग, फाल्ट की समस्या से निजात देने के लिए जर्जर पोल, लाइन को बदला जा रहा : एके शर्मा**

आपूर्ति के लिए बिजली के आधारभूत ढ़ाचे को ठीक करने का भी भगीरथ प्रयास किया जा रहा है। विभाग की 04 महत्वपूर्ण योजनाओं के जरिये बिजली के इन्फास्ट्रक्चर एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ करने का प्रयास चल रहा है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि एडीबी द्वारा सहायता प्राप्त योजना के अर्न्तगत सर्विस एबी केबिल लगाने एवं फीडर अलग करने का कार्य चल रहा है। जिसमें 20,000 मजरों को आच्छादित किया जा चुका है। जुलाई एवं अगस्त 2023 के मात्र 02 महीनों में 14409 ऐसे कार्यो को पूरा किया गया। इसी प्रकार फीडर अलग करने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 500 से ऊपर फीडर को अलग किया गया। लगभग 17000 करोड़ रूपये के खर्च से अमल में लायी गयी आरडीएसएस योजना तेजी से क्रियान्वित हो रही है, जिसमें जुलाई एवं अगस्त 2023 के 02 महीनों में 1,76,589 खम्भें लगाये गये एवं 04 लाख सर्किट किमी0 एचटी लाईन एवं लगभग 1.5 लाख किमी0 एलटी लाईनों तथा जर्जर तारों को बदलने का कार्य हुआ। साथ ही 25 हजार सर्किट किलो मीटर फीडर विभाजन का भी कार्य हुआ। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत जुलाई, अगस्त के 02 महीनों में बड़े पैमाने पर छोटे विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि का कार्य किया गया, जिसमें 33/11 केवी के 100 से अधिक सब स्टेशन शामिल हैं। साथ ही 11/0.4 केवी के 564 नये सर्विस स्टेशन बनाये गये तथा 2100 ऐसे सर्विस स्टेशनों की क्षमता वृद्धि की गयी।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री अंगदान संकल्प का करेंगे नेतृत्व

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 16 सितंबर को जीआईसी ग्राउंड, आगरा में आयोजित एक कार्यक्रम में अंग दान के संकल्प का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल भी उपस्थित रहेंगे। आगरा में लगभग 10,000 लोगों के अंग दान करने का संकल्प लेने की उम्मीद है।

डॉ. मांडविया आगरा के सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक और अंग दान रजिस्ट्री का भी उद्घाटन करेंगे। अंग दान करने के लिए पंजीकरण कराने के लिए केवल आधार संख्या और आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर ही आवश्यक है। डॉ. मांडविया उसी दिन आगरा में 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 87 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की आधारशिला भी रखेंगे।

इसके बाद आवश्यक स्वास्थ्य



सेवाओं की पर्याप्त कवरेज के लिए सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। आयुष्मान भव अभियान, जिसका उद्घाटन माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 13 सितंबर को किया था, का उद्देश्य पूरे देश में स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच और समावेशिता को फिर से परिभाषित करना है। इसे सेवा पखवाड़ा के दौरान पूरे देश और पूरे समाज के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देते हुए लागू किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य भौगोलिक बाधाओं को पार करते हुए हर गांव और कस्बे तक व्यापक स्वास्थ्य

**■ डॉ. मांडविया 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 87 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की आधारशिला रखेंगे**

देखभाल कवरेज का विस्तार करना है और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी स्वास्थ्य सेवाएं हासिल करने से वंचित न रह जाए।

इस सहक्रियात्मक दृष्टिकोण का लक्ष्य अपने तीन घटकों आयुष्मान - आपके द्वार 3.0, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर आयुष्मान मेलों और हर गांव तथा पंचायत में आयुष्मान सभाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को पर्याप्त कवरेज देना है। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 इस पहल का उद्देश्य पीएम-जेएवाई योजना के तहत नामांकित शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करना है। इसमें यह सुनिश्चित करना है कि अधिक व्यक्तियों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच हो।

एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेलेः आयुष्मान भारत-एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में ये मेले आभा आईडी (स्वास्थ्य आईडी) बनाने और आयुष्मान भारत कार्ड जारी करने की सुविधा प्रदान करेंगे। वे शीघ्र निदान, समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, विशेषज्ञों के साथ टेली-परामर्श और उचित रेफरल सेवा भी प्रदान करेंगे।

आयुष्मान सभाए : प्रत्येक गांव और पंचायत में ये सभाएं आयुष्मान कार्ड वितरित करने, आभा आईडी बनाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं और गैर-संचारी रोगों, तपेदिक (निक्षय मित्र), सिकल सेल जैसे बीमारियों के साथ-साथ रक्तदान और अंग दान अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। आयुष्मान भव अभियान का लक्ष्य सभी स्वास्थ्य योजनाओं की पर्याप्त कवरेज सुनिश्चित करना है।

# के-पॉप संगीत आजकल युवाओं में तेजी से हो रहा पॉपुलरः जयवीर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत एवं दक्षिण कोरिया का सम्बंध 2000 वर्ष पुराना है। अयोध्या की राजकुमारी सुरी रत्ना 2000 वर्ष पूर्व दक्षिण कोरिया चली गयी थी। जहां उन्होंने किम सू-रो से विवाह कर लिया था। भारत दक्षिण कोरिया से अपने राजनयिक सम्बंधों की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश एवं दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक सम्बंधों को मजबूत करने के लिए के-पाप का आयोजन उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल लखनऊ के बीकेटी स्थित एस0आर0 इंजीनियरिंग कॉलेज में कोरियन कलाकार अउरा एवं फाइडे अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

यह बातें उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि संगीत की



वजह से लोग भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं। संगीत के माध्यम से संस्कृति एवं सभ्यता को एक-दूसरे के देशों में प्रचार होता है। किसी भी देश की संस्कृति का सम्मान होना चाहिए, इससे विश्व बंधुत्व की भावना प्रबल होती है। के-पॉप संगीत युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। युवा इसकी तरफ तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। यद्यपि इसकी भाषा अलग है। कोरियन पॉप की प्रस्तुति देने वाले श्री अउरा एवं फ्राइडे युवाओं के बीच पॉपुलर हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि इण्डियन म्यूजिक के साथ कोरियन संगीत के साथ इस तरह का पहला कार्यक्रम हो रहा है।

# छात्र-छात्राओं को उद्यमशीलता से जोड़ा जाये : धर्मपाल

## बोले, प्रधानमंत्री विकास कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन एक परियोजना पूर्ण की जाए

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन एक परियोजना को पूर्ण किया जाए ताकि अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल तथा कौशल विकास से जुड़ी सुविधाओं का सृजन कर विकास एवं रोजगार के अवसरों का सृजन तीव्र गति से हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन 851 परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण करके क्रियाशील बनाया जाए और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। श्री सिंह ने कहा कि मिनी आईटीआई को एससीवीटी से जोड़ने का प्रयास किया जाए जिससे कि मिनी आईटीआई में गुणात्मक परिवर्तन आ सके और परम्परागत शिक्षा के साथ-साथ छात्र-



छात्राओं को उनकी अभिरूचि के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए और अधिक प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को नवाचार, रोजगार और उद्यमशीलता से जोड़ा जाये।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत संचालित कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा मदरसा शिक्षा के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 अशासकीय अरबी-फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन और सेवा विनियमावली-2016 में आवश्यक संशोधन हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए ताकि वर्तमान आधुनिक शिक्षा के अनुरूप छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया जा सके। श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्रायें दीनी तालिम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा और विज्ञान के माध्यम से मुख्यधारा से जुड़ सके और

**■ मिनी आईटीआई को एससीवीटी से जोड़ने का प्रयास किया जाए**

उनका सर्वागीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मदरसों में व्यावसायिक शिक्षा व कम्प्यूटर की शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक समाज के हितों के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है और वक्फ की संपतियो का सदुपयोग अल्पसंख्यक वर्ग के विकास के लिए होना चाहिए। वक्फ की सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और वक्फ की सम्पत्तियों को जनोपयोगी बनाने के लिए हर संभव कार्य किया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग ने बताया कि मंत्री जी से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

# भारत में बोलियों पर जितना कार्य होना चाहिए उतना नहीं हो रहा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हिन्दी संस्थान द्वारा हिन्दी दिवस समारोह के शुभ अवसर पर 13 व 14 सितम्बर को दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया गया।

सम्माननीय अतिथि डॉ रामबहादुर मिश्र, डॉ सदानन्द शाही, डॉ उषा सिन्हा का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत आरपीसिंह, निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। डॉ रामबहादुर मिश्र ने कहा- भारतीय बोलियों व भाषा को समृद्ध करने में विदेशी लेखकों, भाषाविदों का भी बहुत योगदान रहा है। भारत में अनेक बोलियाँ व उपबोलियों का समुच्य है। भारत में बोलियों पर जितना कार्य होना चाहिए उतना नहीं हो रहा है। दुनिया में अवधी में सबसे अधिक पढ़े जाने वाले कवि महाकवि तुलसी हैं। बोलियों ने अपने लोक साहित्य के



माध्यम से हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया। भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में व्याप्त है। बोलियों ने व्याकरण को भी अधिक से अधिक शब्दों को देकर परिमार्जित किया। लोक साहित्य लोक भावना से ओत-प्रोत है। बोलियाँ लोकसंस्कृति को बचाने में सहायक होती हैं।

वाराणसी से पधारे डॉ0 सदानन्द शाही ने कहा- हमारे संतों ने कथनी और करनी में करनी को अधिक महत्व दिया। प्रत्येक भारतीय की यह अभिलाषा है कि हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बने, साथ ही विश्व भाषा बने। विश्वविद्यालयों से भी हिन्दी का विकास हुआ है। फिल्में भी हिन्दी का विश्व में प्रचार-प्रसार कर रही हैं।

# पसमांदा मुस्लिम सरकारी योजनाओं का नहीं उठा पाता लाभ : नफीस

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विगत दिनों ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली प्रभारी नफीस मंसूरी ने संगठन के विस्तार हेतु बुंदेलखण्ड का दौरा किया, जिसमें उन्होंने संगठन के बुंदेलखण्ड अध्यक्ष अकबर मंसूरी से मुलाकात की।

इस अवसर पर अकबर मंसूरी ने अपने साथियों के साथ नफीस मंसूरी का जोरदार स्वागत किया। संगठन को बुन्देलखण्ड में मजबूत करने के लिये हाजी सम्मान समारोह का आयोजन अक्टूबर माह में किये जाने पर सहमति बनी, जिसमें वर्ष 2022-23 के हाजियों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर नफीस मंसूरी ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ इसलिये कराने का निर्णय लिया गया है कि हमारे संगठन की मौजूदी बन्देलखण्ड में दर्ज हो और पसमांदा



**■ एआइपीएमएम अक्टूबर में बन्देलखण्ड के हाजियों को करेगा सम्मानित**

मुस्लिम हमारे संगठन से जुड़ सके। कहा कि हमें बुंदेलखण्ड के पसमांदा मुसलमानों को संगठन में जोड़कर उनके सशक्तिकरण पर काम करना है।

उन्हें देश की विकास की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें निःशुल्क शिक्षा, सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिले इस पर काम करना है, कहा कि सरकार की तमाम योजनाएं चल रही हैं मगर हमारा समाज जागरुक न होने की वजह से इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहा है। इस अवसर पर बुंदेलखण्ड के पदाधिकारियों समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ‘राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका’ पर हुई कार्यशाला



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हिन्दी दिवस के अवसर पर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन दिन बृहस्पतिवार, दिनांक 14 सितम्बर को किया गया। इस कार्यक्रम में आऊटरीच ब्यूरो भारत सरकार द्वारा एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 सुमन गुप्ता, प्राचार्य, महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज कुमार वर्मा, निदेशक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नोमान अज़ीज खान, जी.एम., लूलू हाईपर मार्केट, लखनऊ एवं श्री निर्दोष गुप्ता, जी.एम., उप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि0, लखनऊ रहे। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्र भक्ति की भावना को विकसित करना है।

# हिंदी भारतीय परंपरा, संस्कृति व संस्कारों की सच्ची संवाहक : कृष्ण कुमार यादव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हिंदी भारतीय परंपरा, जीवन मूल्यों, संस्कृति व संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक है। इसके प्रचार-प्रसार से देश में एकता की भावना और सुदृढ़ होगी। सृजन एवं अभिव्यक्ति की दृष्टि से हिंदी दुनिया की अग्रणी भाषाओं में से एक है। ऐसे में हिंदी में गर्व से कार्य करने और अपनी भाषा को समृद्ध करने में सभी को योगदान देना होगा। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने डाक विभाग द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित हिंदी दिवस और तदनुसार आरम्भ हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए किया। इससे पूर्व उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर हिंदी पखवाड़ा का शुभारम्भ किया।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार



**■ कहा, हिंदी की सबसे बड़ी ताक़त इसकी मौलिकता व सरलता**

यादव ने कहा कि अनेकता में एकता को स्थापित करने की सूत्रधार ‘हिन्दी भाषा’ भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है,इसकी सबसे बड़ी ताक़त इसकी मौलिकता और सरलता है। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। आज संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है।

सहायक निदेशक राजभाषा बृजेश शर्मा ने बताया कि डाक विभाग की ओर से 14 से 29 सितंबर तक आयोजित हिंदी पखवाड़े में तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में सहायक निदेशक राजभाषा बृजेश शर्मा, आरके चौहान, लेखाधिकारी प्लाबन नस्कर, सहायक लेखाधिकारी संतोषी राय, डाक निरीक्षक श्रीकान्त पाल, रमेश यादव, श्रीप्रकाश गुप्ता, राकेश कुमार, विवेक कुमार, मनीष कुमार, रामचंद्र, सहित तमाम तमाम विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शंभु प्रसाद गुप्ता ने किया।

# 17 से पूरे प्रदेश में चलेगा आयुष्मान भवः अभियान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भवः योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरुआत होगी। यही नहीं इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा।

17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्यों, जेएएस,

**■ पाँच अलग-अलग हिस्सों में अभियान का होगा संचालन**

आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर इस स्वच्छता कार्यक्रम को चलाया जाएगा। इसके अलावा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता और सामाजिक एकजुटता के अवसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसी तरह अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरुआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रहीं है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे।

# यूपी में वकीलों की हड़ताल खत्म

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वकीलों ने हड़ताल समाप्त कर दी है। योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से मांगे पूरी करने का आश्वासन मिलने के वकीलों ने हड़ताल खत्म किया है। हड़ताल पर शासन और अधिवक्ताओं के बीच सहमति बनी गई है। यूपी बार काउंसिल और शासन के बीच बैठक में कई मामलों पर सहमति बनी। हापुड़ के एडिशनल एसपी को हटाने पर भी सहमत बनी है. साथ ही दोषी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किए जाने की बात कही गई है। यूपी के अलग-अलग जिलों में वकीलों पर दर्ज मुकदमें भी स्पंज होंगे। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर कमेटी गठित होगी. इसी के साथ शुक्रवार से यूपी के वकील काम पर लौटेंगे। इस दौरान यूपी बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय, अखिलेश अवस्थी, जानकी शरण पांडेय, प्रदीप कुमार सिंह और प्रशांत सिंह मौजूद रहे।

# पारदर्शिता और जवाबदेही किसी संगठन के प्रदर्शन की आधारशिला

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (स्कोप) द्वारा आयोजित आरटीआई अधिनियम की राष्ट्रीय बैठक का उद्घाटन वाई.के.सिन्हा, मुख्य सूचना आयुक्त के द्वारा के. रविन्द्र नायक, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सुधार, लोक सेवा प्रबंधन एवं सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में किया गया। श्री अतुल सोबती, स्कोप के महानिदेशक ने भी दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। यूपी सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) के वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम मैं उपस्थित थे। कार्यक्रम में 37 सार्वजनिक उपक्रमों के 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। अपने उद्घाटन भाषण में श्री वाई.के. सिन्हा ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (पीएसई) हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें

## ‘आरटीआई अधिनियम पर राष्ट्रीय बैठक’ का आयोजन किया



पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करना चाहिए। श्री सिन्हा ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही किसी संगठन के प्रदर्शन की आधारशिला होती है। श्री के. रविन्द्र नायक ने सूचना चाहने वालों और सार्वजनिक प्राधिकरणों के लाभ और ज्ञान उन्नयन के लिए, लखनऊ में स्कोप आरटीआई सम्मेलन के आयोजन के लिए सराहना की। ख़ास करके देश के सबसे बड़े राज्य में, जहाँ सबसे ज़्यादा आरटीआई आवेदन प्राप्त होते हैं। श्री अतुल सोबती ने कहा कि आरटीआई एक नागरिक केंद्रित अधिनियम है जो पारदर्शिता, नैतिकता, जवाबदेही से नागरिकों को सशक्त बनाता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि चूंकि पीएसई भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, स्कोप, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान और अनुभव साझा करने कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। स्कोप की राष्ट्रीय बैठक का उद्देश्य वरिष्ठ अधिकारियों, पीआईओ, नोडल अधिकारियों और पीएसई के अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम और इसमें शामिल मुद्दों की बेहतर जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाना है। स्कोप, नियमित रूप से आरटीआई, कॉर्पोरेट प्रशासन, जलवायु परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व, डिजिटल परिवर्तन आदि जैसे विषयों पर देश भर में कार्यशालाएं और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है।

# 20 को प्रदेश भर के जनपदों के पेंशनर्स करेंगे धरना-प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन के आवाहन पर 20 सितम्बर को प्रदेश भर के जनपदों में पेंशनर्स धरना-प्रदर्शन कर लम्बित मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित करते हुये सरकार को आगाह करेंगे। ज्ञापन एवं मांगों का प्रारूप प्रेषित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने जनपद शाखाओं को प्रभावी कार्यक्रम हेतु निर्देशित किया है।

संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा एवं महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद धरातल पर कैशलेश इलाज की व्यावहारिक सुविधा नहीं प्रदान होने, सभी अस्पताल में बजट न होने, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के बिलों के भुगतान में कठिनाई एवं अनावश्यक विलम्ब होने, वर्तमान में राशिकृत पेंशन की भरपाई 89 माह ;सात साल 5 माहद्ध में पूरी हो जाने के बावजूद 15 साल तक वसूली करने,

**■ मूलभूत लम्बित मुद्दों पर सरकार की बेरूखी से असन्तोष**

18 माह का फ्रीज्ड डीए, डीआर रिलीज करने, एनपीएस लागू होने की तिथि के पूर्व चयनित कर्मचारियों को ओपीएस की सुविधा प्रदान करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, प्रत्येक वर्ष 30 जून व 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त कार्मिकों को एक वेतन वृद्धि प्रदान करने, पेंशनरों को 65, 70, 75 वर्ष पर क्रमशः 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत एवं 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि प्रदान करने, दैनिक वर्कचार्ज तदर्थ सामयिक मानदेय संविदा कर्मी के रूप में की गयी सेवाओं को पेंशनरी लाभ हेतु जोड़े जाने, विभागाध्यक्ष, जिलाधिकारी स्तर पर प्रत्येक माह समीक्षा बैठक करने, पेंशन एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति धनराशि को आयकर से मुक्त करने आदि मुद्दों सहित 19 सूत्रीय मांग-पत्र पर सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिये जाने से लाखों पेंशनर्स में असंतोष बढ़ रहा है।

CMYK

# स्वभाषा के उत्कर्ष से ही भारत विश्व गुरू बन सकता है- डा0 धर्मेन्द्र शर्मा

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी वाद-विवाद प्रतियागिता का आयोजन''राष्ट्र विकास की आवश्यकता ''विषय पर किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ.के.के.त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्य नवोदय विद्यालय,विशिष्ट अतिथि संगीता चर्तुवेदी, प्रवक्ता हिन्दी पुलिस मार्डन स्कूल व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया।इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 3 तक बच्चों ने हिन्दी कविता का पाठ किया।कक्षा 4 से कक्षा 5 के बच्चों ने''हिन्दी दिवस क्यों मनाया जाता है?'' विषय पर 50 शब्दों का निबन्ध




लिखा।कक्षा 6 से कक्षा 8 के बच्चों ने''हिन्दी दिवस का महत्व'' विषय पर निबन्ध लिखा तथा स्वरचित कविताओं का पाठ किया। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के बच्चों ने''हिन्दी राष्ट्र विकास की आवश्यकता''पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें इस विषय के पक्ष में निष्ठा कक्षा 11 व तेजस तिवारी कक्षा 12 ने प्रथम स्थान, कौशकी कक्षा 11 ने द्वितीय स्थान व नन्दिनी तिवारी कक्षा 10 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस विषय के विपक्ष में हर्ष शर्मा कक्षा 12 ने प्रथम स्थान,स्वेता कक्षा 12 ने द्वितीय स्थान व रोनित चर्तुवेदी कक्षा 10 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की हिन्दी भाषा में रुचि को देखकर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि यदि भारत विश्व गुरू की उपाधि प्राप्त करना चाहता है तो निज भाषा का विकास और उन्नति उसका पहला ध्येय होना चाहिए।उन्होंने कहा कि आज संख्याबल तथा शब्दसंख्या के आधार पर हिन्दी विश्व की सबसे शक्तिशाली और बहुप्रयुक्त भाषा है पर हमें गुणवत्ता एवं वैज्ञानिक और तकनीकी धरातल पर भी उसे विश्व-स्तरीय बनाना होगा।आने वाला समय हिन्द और हिन्दी का है।ऐसी स्थिति में हमें हिन्दी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करना होगा।आज विश्व का हर छठा व्यक्ति हिन्दी बोलने अथवा समझने में सक्षम है।मुख्य अतिथि श्री के.के. त्रिपाठी ने कहा कि कई लोग अपने सामान्य बोलचाल में भी अंग्रेजी भाषा के शब्दों का या अंग्रेजी का उपयोग करते हैं।

## शिक्षक दिवस पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को किया सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने डी के इन्टरनेशनल स्कूल में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचकर छात्रों को सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा छात्रों को शिक्षक दिवस की महत्ता बताई।छात्र-छात्राओं को पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प दिलाया इस दौरान छात्र-छात्राओं की सास्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।शिक्षको व प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक राजश्री वर्मा मैनेजिंग डायरेक्टर परिधि वर्मा व प्रधानाचार्य प्रीति छाबड़ा व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# हिंदी दिवस पर निबंध,भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

इटावा। 8 सितंबर से 14 सितंबर तक विद्यालय में हिंदी दिवस पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कक्षा-1 से कक्षा-8 तक के छात्र- छात्राओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत 8 सितंबर को कक्षा-1 से कक्षा-8 तक सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,कक्षा-1 तथा कक्षा-2 की श्रेणी में कक्षा-2 के छात्र शिवांश अग्रवाल ने प्रथम,कक्षा-1 की छात्रा फलक नाज़ ने द्वितीय तथा कक्षा-1 की छात्रा आयशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया,कक्षा-3 से कक्षा-5 तक की श्रेणी में कक्षा-5 के छात्र साहिल अंसारी ने प्रथम,कक्षा- 5 के छात्र आदर्श सोनी ने द्वितीय तथा कक्षा-4 के छात्र मोहम्मद अरहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा-6 से कक्षा-8 तक की श्रेणी में कक्षा-6 की छात्रा आरोही भदौरिया ने प्रथम,कक्षा-8 की छात्रा अदीबा ने द्वितीय तथा कक्षा -7 की छात्रा अलीशा अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 14 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा-3 से कक्षा-8 तक के छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता की कक्षा-3 से कक्षा-5 की श्रेणी में कक्षा-5 की छात्रा खुशी ने प्रथम, कक्षा-3 की छात्रा वेदांशी वर्मा ने द्वितीय तथा कक्षा-5 की छात्रा राधिका शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया,इसी क्रम में कक्षा-6 से कक्षा-8 तक की श्रेणी में कक्षा-7 के छात्र अथर्व सोनी ने प्रथम,कक्षा 6 की छात्रा काव्या गुप्ता ने द्वितीय तथा कक्षा-6 की छात्रा अनन्या टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अपनी कुशल प्रतिभा द्वारा कक्षा-4 की छात्रा उन्नति मिश्रा ने प्रथम,कक्षा-6 के छात्र रेहान अंसारी ने द्वितीय तथा कक्षा-7 की छात्रा अलीशा अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बसों का नियमित व समयबद्ध संचालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री ,स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि लीन सीजन में निगम की बसों का संचालन प्रतिफल बेहतर करने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वह सभी फैक्टर जिससे लीन सीजन में निगम की बसों के लोड फैक्टर व संचालन आय में वृद्धि हो सके उसे अपनाया जाय। एकमेव बस सेवा से आच्छादित किसी मार्ग को छोड़कर रात्रिकालीन कोई भी सेवा जिसका लोड फैक्टर 55 प्रतिशत से कम हो, संचालित न की जाय। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाय कि बस सेवा के संचालन को प्रतिबंधित करने से यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आवागमन भी बाधित न हो। परिवहन मंत्री ने कहा कि अधिकारी डिपो के वाहनों की आय की समीक्षा करें व सुधारात्मक कदम उठाएं। रात्रिकालीन सेवाओं की कोई भी बस 25 यात्रियों से कम लोड फैक्टर की स्थिति पर संचालित न हो। बसों के प्रस्थान करने के समय में सुनियोजित परिवर्तन की सूचना यात्रियों को ससमय उपलब्ध कराएं, जिससे कि यात्री अपनी वैकल्पिक व्यवस्था समय से कर लें। इसी प्रकार ग्रामीण मार्गों पर संचालित बसों की समय सारिणी इस प्रकार निर्धारित की जाय कि ग्रामीण सेवा अपने गंतव्य स्थल तक शाम 07:00 बजे तक पहुंच जाय। किसी भी स्थान पर बस में 25 यात्री से कम न हो, इसका निरीक्षण करें तथा चालकों/परिचालकों को सुधारात्मक निर्देश दिये जाय। बसों का नियमित व समयबद्ध संचालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाय और इसके लिए परिचालक/चालक का यथावश्यकता उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जाय। परिवहन मंत्री ने कहा कि बस सेवा के निरस्तीकरण के समय यह ध्यान दिया जाय कि यात्रियों को सम्बंधित स्टेशन जहां पर यह सेवा निरस्त की जा रही है, को उसी रूट पर पीछे की डिपो से आने वाली बस से सुविधा मुहैया हो सके।

## कृषि प्रणाली के लिए कुल 19.41 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री से सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि किसान बिना किसी आर्थिक परेशानी के कृषि उपकरणों को खरीदकर उनको प्रयोग कर अपनी खेती-बाड़ी के कार्य को सुगमता से पूरा करें इस हेतु सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के अनुदान के लिए कुल 18.36 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इसके साथ ही वर्षा आधारित क्षेत्र में किसान भाई फसल उत्पादन के साथ-साथ ऐसी फसल पद्धति अपनायें जिससे फसलोत्पादन के साथ ही उन्हें एकीकृत फसल पद्धति प्रणाली से अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके इस हेतु नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर योजना के रेनफेड एरिया डेवलेपमेन्ट कार्यक्रम हेतु 01.05 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

# हिन्दी दिवस के अवसर पर युवाओं की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन

- केंद्रीय संचार ब्यूरो ने 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर लगायी चित्र प्रदर्शनी और किया प्रचार साहित्य का वितरण




**लखनऊ।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हिन्दी दिवस के अवसर पर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन दिन बृहस्पतिवार, दिनांक 14 सितम्बर, 2023 को किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार द्वारा एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 सुमन गुप्ता, प्राचार्य, महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज कुमार वर्मा, निदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नोमान अज़ीज खान, जी.एम., लूलू हाईपर मार्केट, लखनऊ एवं श्री निर्दोष गुप्ता, जी.एम., उ0प्र0 मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि0, लखनऊ रहे। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 कीर्ति विक्रम सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्र भक्ति की भावना को विकसित करना है। साथ-ही-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशिक डॉ0 मनोरमा सिंह ने अपने उद्बोधन में शिक्षा द्वारा राष्ट्र निर्माण एवं कौशल विकास विषय पर अपने विचार रखे। उन्होनें कहा कि शिक्षित युवा देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होनें विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्बन्धित उपलब्ध पाठ्यक्रमों की चर्चा की। श्री नोमान अज़ीज खान, जी.एम., लूलू हाईपर मार्केट, लखनऊ ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास के लिए प्रेरित किया। उन्होनें कहा कि युवाओं को रोजगार देने वाला बनना चाहिए एवं सरकार द्वारा स्टार्ट-अप के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेकर उद्यमी के रूप में अपना एवं अन्य लोगों का भविष्य संवारना चाहिए। निर्दोष गुप्ता, जी.एम., उ0प्र0 मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि0, लखनऊ ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को लोकसेवक बनने के लिए प्रेरित किया एवं इसमें आने वाली चुनौतियों के विषय में चर्चा की और उसने रोकथाम के लिए सुझाव दिए। श्री मनोज कुमार वर्मा, निदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो,सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार ने सरकार द्वारा युवा कल्याण के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ-ही-साथ उन्होनें अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर युवाओं को अपने करियर में एक लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी और उस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु पूरी निष्ठा एवं लगन से परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया।

# सुदिति ग्लोबल ने किया राष्ट्रभाषा अनुरागियों का सम्मान

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर सुदिति ग्लोबल अकादमी ने हिंदी रचनाकार,लेखक व कवियों का सम्मान किया।हिंदी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम राष्ट्रकवि श्री पदम सिंह पदम सीबीएसई हिंदी की मार्गदर्शिका लेखिका डॉक्टर कुसुम मोहन ख्याति प्राप्त राष्ट्रकवि डॉक्टर राजीव राज एवं लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ पत्रकारिता के निर्भीक कलमकार वीरेश मिश्रा एवं विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलन कर एवं माल्यार्पण कर किया।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय




की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया तत्पश्चात विद्यालय के छात्र हार्दिक, नीरज शुक्ला,मौलिक प्रताप एवं छात्राएं तनुश्री,श्रृष्टि सिंह ने हिंदी भाषा पर अपने विचारों को व्यक्त किया एवं बहुत ही सुन्दर कविताओं की प्रस्तुति दी एवं हिन्दी शिक्षिका डॉ0रजनी ने हिन्दी दिवस क्यों मनाया जाता है के सन्दर्भ में बताया। इसी क्रम में वरिष्ठ गीतकार डॉ राजीव राज जी ने अपने छंद के माध्यम से से बताया कि देश में विभिन्न भाषाओं के बाद भी हमारी मातृभाषा एक तुलसी के समान है हमें इसका जीवन पर्यंत सम्मान करना चाहिए।डॉक्टर कुसुम मोहन ने बच्चों को उद्बोधित करते हुए कहा कि आज वर्तमान में हम सब हिंदी की उपेक्षा करते जा रहे हैं और हिंदी को बोलने में अपमानित महसूस करते हैं जबकि यह हमारी देववाणी है समस्त देश अपनी-अपनी भाषाओं में कार्य संपन्न करते हैं किंतु आज हम सर्वाधिक कार्य आंग्ल भाषा में ही करते हैं जबकि यह सर्वथा अनुचित है यह एक ऐसी भाषा है।

## पांच प्रधानाध्यापकों का पदस्थापन हुआ

**मथुरा।** अंतरजनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान आए 5 प्रधानाध्यापकों को बुधवार को पदस्थापन हो गया। हालांकि पोर्टल के नहीं खुलने पर काउंसिलिंग के लिए इन्हें इंतजार करना पड़ा। वहीं, स्थानांतरित होकर आए 260 शिक्षकों की काउंसलिंग शनिवार से डायट में होगी। जानकारी के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग में अंतरजनपदीय स्थानांतरण के दौरान मथुरा में 5 हेडमास्टर और 260 शिक्षक-शिक्षिकाएं जुलाई में आए थे। इनमें से प्रधानाध्यापकों की काउंसलिंग बुधवार को बीएसए कार्यालय में हुई। सुबह विभागीय ज़ पोर्टल न खुलने के कारण काउंसिलिंग शुरू नहीं हो सकी।

# तीन करोड़ के चरस के साथ चार गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स उत्तर प्रदेश की ऑपरेशन टीम आगरा और थाना माँट पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी से 3 करोड़ रुपए कीमत का चरस बरामद करके चार अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स उत्तर प्रदेश ऑपरेशन आगरा यूनिट के क्षेत्राधिकारी इरफ़ान नासिर खान ने मुखबिर की सूचना पर यमुना एक्सप्रेसवे पर मांट टोल प्लाजा पर थाना पुलिस और अपने अधीनस्थों को नोएडा की तरफ से आने वाली गाड़ी की घेराबंदी की तैयारी कर रखी थी। इसी दौरान मुखबिर का इशारा पाकर सफारी कार यू पी 32 एफ ई 1775 को हल्का बल प्रयोग कर रोक लिया , जिसमें सवार 4 लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जिनमें नूर अहमद पुत्र मसूद रजा, नूर आलम पुत्र सोहराव, मो. शाहिद पुत्र मो. राशिद सभी निवासी चमरौली थाना दरियाँबाद जनपद बाराबंकी और आबिद पुत्र जब्बीर अहमद निवासी खेता सराय थाना टिकेत नगर जिला बाराबंकी बताए हैं। इनके कब्ज से बरामद सफारी गाड़ी से 50 किलो 996 ग्राम अवैध चरस जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3 करोड रुपए कीमत बताई जाती है चार मोबाइल भी बरामद हुए हैं । पुलिस प्रवक्ता ने बताया पकड़े गए आरोपी संगठित गिरोह बनाकर नेपाल और चंपारड बिहार से अवेध नसीले पदार्थ की तस्करी करते हैं । जिससे मोटा मुनाफा कमाते हैं , पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा है । पुलिस टीम में निरीक्षक पवन कुमार शर्मा एंटी नारकोटिक्स टीम आगरा और उनके आधार दर्जन सहयोगी उप निरीक्षक राजेश मिश्रा प्रभारी सर्विलांस लखनऊ मुख्यालय जुबेर खान लखनऊ, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उप निरीक्षक धीरज कुमार और उनकी टीम मौजूद रही थी।

## अधिवक्ताओं ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

**मथुरा।** हापुड़ में हुई घटना के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है। आंदोलन गति पकडता जा रहा है। गुरुवार को जिला मुख्यालय से लेकर तहसील तक अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छाता तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सरकारी कार्यालयों पर तालाबंदी भी की। छाता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह यदुवंशी ने बताया कि हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के साथ बर्बरता से जो अत्याचार किया गया था इसे देखते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा संबंधी अधिनियम लागू हो।

# मथुरा रिफाइनरी में हिंदी पखवाड़े का शुभांरभ

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान थी अजय कुमार तिवारी, कार्यकारी निदेशक व हिन्दी प्रमुख ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में वी. सुरेश, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी), वी के आनंद महाप्रबन्धक प्रभारी (वित्त), अन्य महाप्रबंधकगण, मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के सभापति मुकेश शर्मा महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, ऑफिसर्स एसोसिएशन के सचिव रविन्द्र यादव, डॉ मनोज कुमार रे, उपमहाप्रबंधक (एमएस, एल एंड डी) और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी का अभिनंदन करते हुए डॉ मनोज कुमार रे ने कार्यालयीन कामकाज में सरल हिंदी के प्रयोग पर बल दिया। हिन्दी दिवस के अवसर पर अजय कुमार तिवारी ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई व हिंदी पखवाड़ा विशेषांक का विमोचन किया। इस अवसर पर वी सुरेश ने केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का संदेश सभी को पढ़कर सुनाया। वहीं अध्यक्ष, इंडियन ऑयल श्रीकांत माधव वैद्य का संदेश एवं सुश्री शुक्ल मित्री, निदेशक (रिफाइनरीज) का वी के आनंद और श्री पी. एन. शर्मा, महाप्रबंधक (सूचना प्रणाली) ने सभी को पढ़कर सुनाया। हिन्दी दिवस पर सभी को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने कहा कि हिन्दी ह्रदय की भाषा है और हम सभी को इसके प्रचार और प्रसार के लिए सम्मिलित कारी करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी अपना ज्यादा से ज्यादा कामकाज हिंदी में करें, अपने रोजमर्रा में टिप्पणी, मसौदे पत्राचार और प्रपत्र जैसे कार्यों को मूल रूप से हिंदी में करें साथी ही अवगत कराया कि कार्यालय में कम्प्यूटर पर यूनिकोड फॉन्ट %मंगल% उपलब्ध है एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी अनुभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करके कम्प्यूटर पर अधिक से अधिक हिंदी पत्राचार को बढ़ावा दें श्री तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महाप्रबंधकों, अधिकारियों व कर्मचारियों से यह आग्रह किया कि वह अपने कार्यालयी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें जिससे भारत सरकार के राजभाषा विभाग की ओर से तय किए गए ।

# दूसरे की जिंदगी बचाने के लिए अपना खून दिया दान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा ।** देवजीत शर्मा उम्र 58 निवासी ग्राम सुसायत पोस्ट सासनी जिला हाथरस की 12 सितम्बर को अचानक डेंगू हो गयी, जिनकी तबीयत अत्यंत खराब होने पर हाथरस के डॉक्टर उन्हें आगरा के लिए रेफर कर दिया, परिजनों ने आगरा के पुष्पांजलि में अचानक भर्ती करवाया गया । डॉक्टर ने जांच करके परिजनों को बताया मरीज को दो यूनिट ओ नेगेटिव ( ह्न - ) अर्जेंट में चढ़ाया जाएगा क्योंकि मरीज की प्लेटलेट बहुत कम है इस लिए मरीज की जान बचाने के लिए दो यूनिट तुरंत उपलब्ध करवाइए । पूरे परिवार के साथ सभी सगे संबंधियों ने अपने रक्त का टेस्ट करवाया लेकिन एक व्यक्ति का ओ नेगेटिव ( ह्न - ) रक्त मिला लेकिन व्यक्ति को दो यूनिट की जरूरत थी पूरे परिवार ने मिलकर सभी आगरा की ब्लड बैंकों में चक्कर लगाने के बाद पूरे आगरा में कहीं भी ओ नेगेटिव ब्लड नहीं मिला तो उन्होंने अपने रिश्तेदार मथुरा में रहने वाले राजीव कुमार शर्मा को फोन करके अपनी समस्या को बताया मथुरा में भी किसी ब्लड बैंक में ओ नेगेटिव ब्लड नहीं मिला तब जाकर बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित से रात को मोबाइल पर संपर्क किया गया उन्होंने 2 घंटे की मसरख्त के बाद समिति के सदस्य बृजमोहन गुप्ता निवासी चन्दा ग्रीन्स वेलफेयर सोसाइटी मथुरा का ओ नेगेटिव ( ह्न - ) ब्लड का मिलान हुआ । मरीज की स्थिति को देखते हुए संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के अनुरोध पर देर रात में लाइफ केयर ब्लड बैंक मथुरा में पहुंचकर बृजमोहन गुप्ता ने ब्लड बैंक के निर्देशक बृजेश शर्मा के निर्देशन में अपना रक्त दिया जिसको रात के समय में गाड़ी के द्वारा मरीज की जान बचाने के लिए आगरा भिजवाया गया ।

# कुलपति के मार्गदर्शन में मना हिन्दी दिवस




**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** खुवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में एक सप्ताह का हिन्दी पखवाड़ा और हिंदी दिवस का कार्यक्रम कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।हिंदी दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अथिति और वक्त के रूप में प्रो. कैलाश देवी सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय रहीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रो. सिंह ने हिंदी को विकास और तकनीकी रूप से वैश्विक भाषा बनाने पर बल दिया।

वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि हास्य कवि सर्वेश कुमार सिंह ने हिंदी के प्रचार प्रसार और विकास के उपायों के बारे में बताया। कार्यक्रम में भाषा विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण प्रो. तनवीर खदीजा विद्यार्थियों को व्यवहार, चरित्र और भाषाई संस्कार के बारे में बताया।भाषा विश्वविद्यालय की उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने अपनी कविता के माध्यम से राष्ट्र भाषा, राज्य भाषा, राजभाषा और मातृ भाषा के बारे में बताया।कार्यक्रम का संचालन कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला ने किया। हिंदी दिवस के अवसर इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग की प्रभारी संयोजन के रूप में डॉ. जहां आरा जैदी ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पुलिस फर्जी कार्यवाही में मस्त तो श्रद्धालु चोर लुटेरों से है त्रस्त

**मथुरा।** यात्रा करने जयपुर से मथुरा पहुंची महिला श्रद्धालु गोवर्धन गिरिराज परिक्रमा के दौरान लूट की शिकार हो गई। महिला श्रद्धालु के गले से बाइक सवार बदमाश सोने की चेन लूट कर फरार हो गया। महिला ने इलाका पुलिस को लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। राजस्थान के जयपुर से 150 भक्त ब्रज यात्रा पर मथुरा के वृंदावन पहुंचे हैं। यहां से निजी वाहनों से ब्रज चौरासी कोस यात्रा कर रहे हैं। सभी भक्त निजी वाहनों से गोवर्धन पहुंचे। एक आश्रम में पडाव के दौरान कुछ श्रद्धालु ई रिक्शा में बैठ कर गिरिराज परिक्रमा के लिए गए। जिनमें महिला श्रद्धालु संतोष खंडेलवाल पत्नी राजेंद्र खंडेलवाल निवासी जयपुर भी थीं। संतोष खंडेलवाल ई रिक्शा में बैठकर परिक्रमा लगा रही थी, आन्यौर मार्ग पर एक बाइक सवार आया और संतोष खंडेलवाल के गले से जबरन सोने की चेन लूट कर फरार हो गया।

# वायु सेना स्टेशन में मीडिया ओरिएंटेशन कैप्सूल के तहत दी जानकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** बक्शी का तालाब स्थित वायु सेना स्टेशन में मीडिया ओरिएंटेशन कैप्सूल के तहत विशिष्ट जानकारी का प्रसार करने के अलावा, कैप्सूल ने भारतीय वायुसेना और मध्य वायु कमान की क्षमताओं के समृद्ध इतिहास, उपलब्धियों और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए स्टेशन द्वारा राष्ट्र निर्माण की दिशा में निभाई जा रही भूमिका की झलक भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से मीडिया के साथ समन्वय बढ़ाने का भी प्रयत्न किया गया।

यह आयोजन क्षेत्रीय रक्षा पीआरओ के समन्वय में हुआ। इस अभियान को लेकर मीडिया के लोगों में काफी उत्सुकता भी देखि गयी। इस दौरान देश की रक्षा में वायु सेना की मुख्य भूमिका के साथ ही उपयोग में आने वाले उपकरणों की जानकारी और प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्टेशन पीआरओ द्वारा मीडिया ओरिएंटेशन कैप्सूल के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के साथ हुई। ग्रुप कैप्टन गगन कोहली, स्टेशन कमांडर, वायु सेना स्टेशन बख्शी का तालाब सम्बोधित करते हुए भूमिका की जानकरी दी। । कैप्सूल के दौरान मीडिया कर्मियों ने किरण विमान के उड़ान संचालन को देखा। विमान और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों का एक स्टेटिक प्रदर्शन भी आयोजित किया गया था। लड़ाकू विमानों की उड़ान संचालन और कार्यप्रणाली को देखकर सभी मीडियाकर्मी रोमांचित हो गए। वायु शक्ति के प्रमुख सैद्धांतिक पहलू, हालिया और आगामी प्रेरणों में आत्मानिर्भरता के लिए भारतीय वायुसेना की खोज, विभिन्न एचएडीआर मिशनों के दौरान भारतीय वायुसेना द्वारा निभाई गई तारकीय भूमिका और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कैप्सूल के दौरान चर्चा की गई। मीडिया प्रतिनिधियों ने विभिन्न वायु सैन्य शाखाओं से जुड़े वायु सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की और एयर बेस के कामकाज की जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन से , मीडिया के साथ समझ बढ़ाने और समाज तक भारतीय वायुसेना की पहुंच को प्रदर्शित करने के अपने उद्देश्य को पूरा किया।

# मैं प्यार में पागल थी, सोचा- चलो देखते हैं क्या होगा, करियर को लेकर बोलीं करीना



अभिनेत्री करीना कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म जाने जां को लेकर चर्चा में हैं। इसके जरिए वह ओटीटी की दुनिया में दस्तक देने जा रही हैं। करीना कपूर का मानना है कि फिल्मों में अगर दम हो तो वह सिनेमाघरों में चल रही हैं। लेकिन, जब लोग घर पर कुछ देखते हैं तो ज्यादा सावधान होते हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस ने शादी के बाद अपने करियर और इंडस्ट्री में आए बदलावों पर भी अपनी राय रखी। करीना कपूर ने हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान कई मसलों पर दिलचस्प बातें साझा कीं। करीना ने कहा कि जाने जां को लेकर वह काफी नर्वस थीं। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि लोग थिएटर्स में फिल्में देखने जाते हैं। लेकिन, वहां वे पॉपकॉर्न खाते हैं, म्यूजिक एंजॉय करते हैं...वहां सिर्फ एंटरटेनमेंट के लिए जाते हैं। लेकिन, जब वे घर पर कोई कंटेंट देखते हैं तो ज्याद सतर्क होकर देखते हैं। अपने 23 साल के करियर में हुए बदलावों पर करीना ने कहा कि महिला और पुरुष कलाकारों को जिस तरह से ट्रीट किया जाता था, उसमें बड़ा बदलाव आया है और इसके लिए उन्होंने मीडिया को शुक्रिया कहा।

करीना का मानना है कि बॉलीवुड ने कई बार खुद को चुनौती दी है और आगे बढ़े हैं, हम इतने वर्षों में काफी विकसित हुए हैं। इसके अलावा करीना ने कहा, %हिंदी फिल्म इंडस्ट्री अपने कामकाज की परिस्थितियों में सुधार कर सकती है और साथ ही टाइमिंग में भी सुधार की गुंजाइश है। अब फिल्म स्टार्स की पहुंच बढ़ने से उनकी पावर भी बढ़ चुकी है। करीना ने जिक्र किया कि कई शानदार फिल्मों में काम करने के बावजूद जब 2012 में उन्होंने सैफ अली खान से शादी रचाई तो उन्हें वॉर्निंग दी गई। उनसे कहा गया कि उनका करियर पिछड़ सकता है। एक्ट्रेस ने कहा, %मैं तब प्यार में पागल थी तो सिर्फ यही सोचा कि चलो देखते हैं क्या होगा। मैं आत्मविश्वास से लबरेज थी ऐसे में मुझे पता था कि करने के लिए काफी कुछ है। करीना ने बताया कि करियर के फ्रंट पर उन्हें अपनी सास शर्मिला टैगोर से काफी प्रेरणा मिली। करीना ने कहा, मेरी सासू मां ने मुझे काफी आत्मविश्वास दिया। सैफ के जन्म के बाद उन्होंने कई शानदार फिल्मों में काम किया। उन्होंने मुझसे खुद को और प्रोड्यूसर्स को चैलेंज करने के लिए कहा।

# दिवाली पर दर्शकों को मिलेगा बंपर गिफ्ट, बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों के बीच होगा महामुकाबला





मार्वल स्टूडियोज की मचअवेटेड फिल्म द मार्वल्स का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्म की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। जी हां, %द मार्वल्स% भारत में इस साल दिवाली के मौके पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होने वाली है। दिलचस्प बात तो यह है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की %टाइगर 3% से टक्कराने वाली है। इसके अलावा फिल्म की भिड़त साउथ के दमदार एक्टर राघव लॉरेंस और एस जे सूर्या की %जिगर ठंडा डबल एक्स% से होने वाली है। मार्वल स्टूडियोज ने कुछ समय पहले %द मार्वल्स% का ट्रेलर जारी किया था, जिसे देखन के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की बेताबी काफी बढ़ गई है। फिल्म में लार्सन कैरोल डैनवर्स अपनी पुरानी भूमिका में नजर आएंगी, जबकि पैरिस और वेल्लानी कैप्टन मोनिका रामब्यू और कमला खान उर्फ मिस मार्वल की अपनी-अपनी भूमिकाओं को दोहराते हुए मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शानदार शुरुआत करेंगे। वहीं, टाइगर 3 की बात करें तो फिल्म मेकर आदित्य चोपड़ा वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का निर्माण कर रहे हैं और उनकी आगामी फिल्म सलमान खान और कटरीना कैफ स्टारर फिल्म %टाइगर 3% है, जो दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली है। दो सितंबर को वाईआरएफ ने %टाइगर 3% का पहला पोस्टर लॉन्च किया था। जारी किए गए इस पोस्टर में कटरीना और सलमान काफी दमदार लुक में नजर आ रहे थे। बता दें कि %टाइगर 3% वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है। %एक था टाइगर% और %टाइगर जिंदा है% के बाद %टाइगर 3% सलमान की तीसरी स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। %टाइगर 3% दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कार्तिक सुब्बाराज की डायरेक्टेड %जिगरठंडा डबल एक्स% साल 2014 में आई %जिगरठंडा% का स्टैंडअलोन सीक्वल है। फिल्म में राघव लॉरेंस और एस जे सूर्या मुख्य भूमिका में हैं और फिल्म दिवाली के मौके पर हिंदी, तेलुगु, तमिल और दुनिया भर में रिलीज होगी। इस बार बॉक्स ऑफिस पर %द मार्वल्स%, %टाइगर 3% और %जिगरठंडा डबल एक्स% के बीच जबर्दस्त मुकाबला देखने को मिलेगा।

## वह आतंक का समर्थन करते हैं

नसीरुद्दीन शाह ने हाल ही में एक बयान दिया है, जिसको लेकर वह चर्चा में हैं। उन्होंने कहा है कि वह द कश्मीर फाइल्स, द केरल स्टोरी और गदर 2 जैसी फिल्मों की लोकप्रियता से परेशान हैं। सिर्फ इतना ही नहीं एक्टर का दावा है कि कुछ फिल्म निर्माता फिल्मों को खराब कर रहे हैं। अब विवेक अग्निहोत्री ने अभिनेता नसीरुद्दीन शाह पर पलटवार किया है। विवेक अग्निहोत्री ने नसीरुद्दीन शाह को लेकर कहा है कि वह सिर्फ निगेटिव ही सोचते हैं और नेगेटिव ही देखते हैं इसलिए उनको यह फिल्म पसंद नहीं आई है। इसके अलावा विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि वह जानते हैं कि नसीरुद्दीन शाह ऐसे बयान क्यों देते हैं। एक इंटरव्यू के दौरान विवेक अग्निहोत्री ने कहा, मैं नसीर साहब का बहुत बड़ा फैंस हूं, इसीलिए मैंने उन्हें द ताशकंद फाइल्स में कास्ट किया था। लेकिन मुझे नहीं पता कि वह बूढ़े क्यों हो गए हैं और अगर ऐसा है तो मैं कुछ भी नहीं कहना चाहिए। कभी-कभी, लोग कई चीजों से निराश होते हैं, या शायद उन्हें लगता है कि द कश्मीर फाइल्स की सच्चाई से उनका पर्दाफाश हो रहा है

## अभिनेता बीरबल का अंतिम संस्कार आज

वरिष्ठ अभिनेता बीरबल हमारे बीच नहीं रहे। मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। अभिनेता की बेटी शालिनी ने पिता के निधन की पुष्टि की है। बीरबल 85 वर्ष के थे। बता दें कि बीरबल का असली नाम सतेंद्र कुमार खोसला था। वह परिवार में अपने सभी भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। बीरबल ने फिल्म शोले में कैदी के किरदार से खास लोकप्रियता हासिल की। बीरबल की बेटी शालिनी के मुताबिक उनके पिता को किडनी संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के मद्देनजर बीते सप्ताह कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शालिनी ने कहा, एक महीने पहले उनकी ब्रेन सर्जरी हुई थी। हमने तीन-चार दिन पहले उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। मंगलवार शाम को दिल का दौरा पड़ने से अस्पताल में उनका निधन हो गया%। बीरबल का अंतिम संस्कार आज दोपहर करीब वर्सोवा श्मशान घाट पर किया जाएगा। उनके पिता की एक प्रिंटिंग प्रेस थी, जिसे खोसला प्रिंटिंग प्रेस के नाम से जाना जाता था।

# श्वेता से लेकर किरण खेर तक पाकिस्तानी इंडस्ट्री में काम कर चुके हैं सितारे



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक कलाकार है। जो अपने अभिनय के दम पर फैंस के दिलों पर राज करते हैं। बॉलीवुड के काफी ऐसे कलाकार हैं जो भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी फेमस हैं। इनके काम को दूसरे देशों में भी पसंद किया जाता है। भारत की कई ऐसी हस्तियां हैं जिन्होंने हॉलीवुड में अपने काम से लोगों को प्रभावित किया है। इस लिस्ट में फिल्मी कलाकार ही नहीं बल्कि टीवी इंडस्ट्री से भी कई नाम शामिल हैं। आज हम आपको ऐसे सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्होंने भारत ही नहीं बल्कि पाकिस्तान में अपने अभिनय का जादू चलाया है। टीवी शो कसौटी जिंदगी की से घर-घर में पहचान बनाने वाली श्वेता सिंह आज एक्टिंग की दुनिया का बड़ा नाम हैं। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स और रियलिटी शो के अलावा बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। दिलचस्प बात यह है कि एक्ट्रेस पाकिस्तानी फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। श्वेतो का एहसान खान समेत कई पाकिस्तानी स्टार्स के साथ एक पाकिस्तानी मूवी सल्तनत में नजर आईं थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग दुबई में हुई थी। टीवी शो विदाई के जरिए पॉपुलर हुईं सारा खान ससुराल सिमर का और बिग बॉस में नजर आई थीं। इसके अलावा सारा पाकिस्तानी एक्टर नूर हसन के साथ पाकिस्तानी सीरियल च्ये कैसी मोहब्बत हैच् में नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस और पॉलिटिशियन किरण खेर भी पाकिस्तानी फिल्म में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुकी हैं। वह पाकिस्तानी फिल्म खमोश पानी (2003) में नजर आईं थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए किरण को स्विट्जरलैंड के लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। करीब 90 के दशक में भारत के लोकप्रिय टीवी स्टार रहे अली खान एक पाकिस्तानी एक्टर भी रह चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि सिर्फ भारत और पाकिस्तान में ही नहीं, बल्कि अली ने इंटरनेशनल स्तर पर काम किया है। उनके पाकिस्तानी सीरियल्स की बात करें तो अली कभी कभी, सात पर्दों में, पाकीजा और दीवाना नजर आए।


# अभिषेक ने पैरेंटिंग पैटर्न पर की खुलकर बात



अभिषेक बच्चन इन दिनों फिल्म घूमर को लेकर चर्चा में हैं। आर. बाल्कि द्वारा निर्देशित यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें सैयामी खेर भी अहम रोल में हैं। फिल्म में अपने अभिनय के लिए सैयामी खेर और अभिषेक बच्चन की काफी तारीफ हो रही है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं दिखा पाई। अब अभिषेक ने पैरेंटिंग पर बात की है और बताया है कि आज के बच्चों को काफी अलग तरीके से परवरिश देने की जरूरत है। अब हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेता ने पैरेंटिंग टिप्स साझा करते हुए कहा कि बच्चे की गरिमा से समझौता नहीं करना ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस पीढ़ी का पालन-पोषण पहले से अलग होना चाहिए क्योंकि यह पीढ़ी कहीं अधिक संवेदनशील और जिज्ञासु है। अभिषेक ने यह भी कहा, कभी-कभी हमें उन्हें डांटने का मन करता है क्योंकि हम ऐसे ही बड़े हुए हैं। हमें भी डांटा गया था और इसी तरह अनुशासन में भी आए हैं, लेकिन यह पीढ़ी कहीं अधिक संवेदनशील है। अभिषेक ने इंटरव्यू में आगे कहा, इस पीढ़ी ने वह संघर्ष नहीं देखा है, जो पिछली पीढ़ियों को वहां तक पहुंचने के लिए करनी पड़ी थी जहां वे आज हैं। यह जेनरेशन आधुनिक युग में पैदा हुए हैं। इसलिए आज के बच्चों के सभी सवालों का समाधान करना और उनका उत्तर देना बेहतर होता है। अभिनेता ने यह भी बताया कि आराध्या बच्चन की परवरिश में ऐश्वर्या राय बच्चन उनकी पूरी मदद करती हैं और दोनों साथ में आराध्या का पालन पोषण करते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता ने हाल ही में आर. बाल्की के निर्देशन में बनी स्पोर्ट्स ड्रामा घूमर में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशंसा बटोरी है। इस फिल्म में अभिषेक के साथ सैयामी खेर भी थीं। इस साल की शुरुआत में उन्हें फिल्म भोला में देखा गया था।

# दुल्हन बनने को तैयार परिणीति

## चंडीगढ़ में होगा रिसेप्शन, पूरी की मिशन रानीगंज की शूटिंग



परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। जल्द ही वह आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा संग नई जिंदगी की शुरुआत करने वाली है। कहा जा रहा है 23 और 24 सितंबर को कपल की शादी संपन्न होगी। ताजा खबर आ रही है कि परिणीति भी शादी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और वह ब्राइड मोड पर चली गई हैं। उन्होंने अपने सारे वर्क कमिटमेंट पूरे कर लिए हैं। कहा जा रहा है कि जल्द ही वह उदयपुर के लिए रवाना होंगी, जहां उनकी शादी होनी है।

मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि परी ने अपने सारे वर्क कमिटमेंट पूरे कर लिए हैं और अब वह पूरी तरह सिर्फ अपनी शादी पर फोकस कर रही हैं। राघव और परी की शादी राजस्थान के उदयपुर में है। उन्होंने अपनी फिल्म मिशन रानीगंज की शूटिंग लगभग निपटा ली है। इसके अलावा उन्होंने ब्रांड लॉन्च कमिटमेंट भी पूरे कर लिए हैं।

अब वह अपनी शादी के लिए वेंडर्स के साथ फाइनल मीटिंग कर रही हैं, ताकि उनकी आलीशान शादी में कोई कमी न रहे। कहा जा रहा है कि अभिनेत्री सभी चीजों को देखने-परखने के लिए अगले चार-पांच दिनों में अपने पूरे परिवार के साथ उदयपुर रवाना होंगी। खबरों के मुताबिक परी-राघव की शादी उदयपुर के होटल लीला पैलेस में होगी। कुछ दिनों पहले परी-राघव के रिसेप्शन के कार्ड की फोटो वायरल हुई थी, जिसके मुताबिक रिसेप्शन 30 सितंबर को चंडीगढ़ में होगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो परी इम्तियाज अली की अमर सिंह चमकीला पर आधारित बायोपिक में नजर आएंगी। इसमें वह अमर की पत्नी की भूमिका में दिखेंगी। कहा जा रहा है कि परिणीति शिद्दत के सीक्वल में भी नजर आएंगे।

वहीं बात करें उनकी फिल्म मिशन रानीगंज की तो यह सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें वह अक्षय कुमार संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।



**वाइट ट्रांसपेरेंट साड़ी में मौनी रॉय ने दिखाया जलवा**

# वो अंत है तो मैं काल हूं, वो तीर है तो मैं ढाल हूं, जवान से शाहरुख ने जारी किया नया प्रोमो



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म जवान सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। किंग खान की इस फिल्म को दर्शकों से बेहद प्यार मिल रहा है। एटली कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने रिलीज होती ही टिकट खिड़की पर कई बड़ी फिल्मों के कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब हाल ही में, शाहरुख ने जवान का नया प्रोमो रिलीज किया है, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। शाहरुख खान और नयनतारा स्टारर %जवान% ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। फिल्म ने केवल छह दिनों में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये की कमाई को पार कर लिया है। %जवान% की सफलता के बीच शाहरुख खान ने फिल्म का एक और प्रोमो शेयर किया है। नए प्रोमो में किंग खान के कुछ अद्भुत एक्शन सीक्वेंस और बेहतरीन डायलॉग्स हैं, जिसने फैंस को काफी उत्साहित कर दिया है। शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया पर जवान प्रोमो साझा किया। इसमें शाहरुख खान और विजय सेतुपति एक-दूसरे का आमना-सामना करते नजर आते हैं। प्रोमो में शाहरुख लोगों से लड़ते नजर आ रहे हैं साथ ही बैकग्राउंड में अभिनेता एक दमदार डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं। शाहरुख कहते हैं, वो अंत है तो मैं काल हूं, वो तीर है तो मैं ढाल हूं।

हूं पुण्य पाप से परे, चिता से उठती आग हूं। जो ना तले वो श्राप हूं। मैं तुम्हारा बाप हूं।ज्ज् प्रोमो शेयर करते हुए शाहरुख ने लिखा, बेटा तो बेटा.. बाप रे बाप!! अब ना रुकना चलने दे। शाहरुख का यह प्रोमो फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। वहीं, कई लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या शाहरुख इस प्रोमो से सीक्वल अनाउंस कर रहे हैं। बता दें कि शाहरुख खान की जवान को ऑडियंस का भरपूर प्यार मिल रहा है। एटली की इस फिल्म में विजय सेतुपति, नयनतारा, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर जैसे बेहतरीन कलाकार अपनी दमदार एक्टिंग से फैंस का दिल जीत रहे हैं।

# एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की वजह से इन एक्ट्रेस ने बटोरी सुर्खियां, लिस्ट में कई बड़े नाम हैं शामिल






कहते हैं सच्चा प्यार हर किसी के नसीब में नहीं होता। दुनियाभर में काफी ऐसे लोग हैं जो सच्चे प्यार के लिए भटकते रहते हैं। फिल्मी हस्तियां भी इन्हीं लोगों में से हैं। कई ऐसे बॉलीवुड स्टार्स हैं जिन्होंने एक से ज्यादा बार प्यार किया और उसका नतीजा यह हुआ कि उनका बसा बसाया घर उजड़ गया। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी हस्तियां हैं जिनके शादी के बाद भी अफेयर के चर्चे हुए। आज हम आपको अपने इस लेख के जरिए ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके शादी के बाद भी अफेयर के खूब चर्चे हुए। सारा खान छोटे पर का चर्चित नाम है। उन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। सारा ने कई टीवी शोज में काम किया है। सारा पर शो लॉकअप के दौरान अली मर्चेंट संग एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप लगे थे। जैसे ही यह खबर बाहर आई तो लोग हैरान रह गए। एक्ट्रेस निशा रावल पर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। उनपर भी एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण मेहरा ने खुलासा किया था कि एक्ट्रेस का अफेयर उनके मुंह बोले भाई रितेश सेतिया के साथ था। एक्ट्रेस काम्या पंजाबी पर किसी और नहीं बल्कि उनके एक्स पति बंटी नेगी ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप लगाए थे। बंटी नेगी ने आरोप लगाते हुए कहा था कि एक्ट्रेस का अफेयर निमाई बाली के साथ है। लेकिन एक्ट्रेस ने इसे एकदम झूठ बताया था। टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वह छोटे पर्दे का जाना पहचाना चेहरा हैं। दीपिका पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप लगे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका की शोएब इब्राहिम से मुलाकात 2011 में हुई और जबकि उनका रौनक संग तलाक साल 2011 में हुआ था। एक्ट्रेस पूनम ढिल्लों को भला कौन नहीं जानता। उनके अभिनय के तो लोग दिवाने हैं। एक समय था जब पूनम ढिल्लों की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते थे। इस लिस्ट में उनका नाम भी शामिल है। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि उन्होंने अपने पति को सबक सिखाने के लिए एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का किया था। अपनी बोल्डनेस को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहने वाली एक्ट्रेस संजीदा शेख का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। एक्ट्रेस पर हर्षवर्धन राणे संग एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगा था।

## अवॉर्ड के लिए फिर चुने गए आयुष्मान

आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल भी हो गई है, जिसका फैंस के साथ-साथ अभिनेता भी जश्न मना रहे हैं। साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म ड्रीम गर्ल का यह सीक्वल है। फिल्म में आयुष्मान के साथ-साथ अनन्या पांडे भी नजर आई हैं। अब आयुष्मान और उनके फैंस के लिए एक और खुशखबर है कि आयुष्मान को इस साल प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन के द्वारा प्रतिष्ठित टाइम 100 इम्पैक्ट अवॉर्ड के लिए चुना गया है। बता दें कि ऐसा दूसरी बार हो रहा है। बता दें कि आयुष्मान इस साल टाइम 100 इम्पैक्ट अवॉर्ड के लिए चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। तीन साल में जब दूसरी बार हो रहा है कि जब मैग्जीन ने अभिनेता को सम्मानित किया है, जहां टाइम के लिए यह पहली बार है। बता दें कि डिसरप्टिव सिनेमा के अपने ब्रांड के माध्यम से भारत में कंटेंट को आगे बढ़ाने में उनके अमूल्य योगदान के साथ-साथ यूनिसेफ के राजदूत के रूप में बाल अधिकार संरक्षण के लिए उनके अनुकरणीय कार्य ने टाइम को उन्हें सम्मानित करने के लिए प्रेरित किया गया है।

# उपराष्ट्रपति ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि शोध विद्वानों को भारत के बारे में समय-समय पर फैलाई जाने वाली

**आरोप**

**भाजपा ने भी राहुल गांधी पर विदेशी धरती पर देश का अपमान करने और भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है।**

गलत और राष्ट्र विरोधी विमर्श का मुकाबला करने के लिए सबसे आगे रहना होगा। यूरोप के दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए धनखड़ ने कहा कि अगर ऐसे गलत एजेंडे वाले लोगों के लिए यहां चीजें काम नहीं करती हैं, तो वे यूरोप जा सकते हैं, ब्रिटेन जा सकते हैं, वहां हमेशा उन्हें सुनने वाले कुछ लोग होंगे। धनखड़ ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए कहा कि जब कुछ लोग भारत का विकास देखते हैं, तो उन्हें यह हजम नहीं होता है। उपराष्ट्रपति ने भारतीय वैश्विक परिषद के पुनर्निर्मित पुस्तकालय के उद्घाटन के बाद कहा कि ऐसे नैरेटिव समय-समय पर प्रसारित होते रहते हैं, जो हानिकारक, भयावह और राष्ट्र विरोधी हैं। राहुल गांधी ने पिछले शुक्रवार को ब्रसेल्स में कहा था कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों पर बड़े पैमाने पर हमला हुआ है और देश की लोकतांत्रिक संरचनाओं को दबाने के इस प्रयास पर यूरोपीय संघ के लोगों में चिंताएं हैं। भाजपा ने भी राहुल गांधी पर विदेशी धरती पर देश का अपमान करने और भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है।

## अब तकनीक बताएगी पायलट की थकान, इंडिगो जल्द पेश करेगी उपकरण

**नई दिल्ली।** पायलटों के थकान का स्तर जानने के लिए विमानन कंपनी इंडिगो तकनीक का इस्तेमाल करेगी। इंडिगो जल्द ही कलाई पर पहनने वाला उपकरण पेश करेगी और उड़ान से पहले और बाद में पायलटों के थकान और उनकी सतर्कता का स्तर जानने के लिए एक ग्राउंड डिवाइस का भी उपयोग करेगी।




विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा है कि कंपनी थकान के बारे में जानने के उपकरण पर काम करने के लिए फ्रांस की एयरोस्पेस समूह थेल्स ग्रुप के साथ साझेदारी करेगी।

विमानन कंपनी ने कहा कि हम अपने पायलटों की भलाई, उनके स्वास्थ्य और मानसिक संतुष्टि को सुनिश्चित करने और आखिरकार यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पायलटों के थकान का आकलन करने वाले इस कार्यक्रम के तहत स्त्री-पुरुष के आंकड़े, मार्ग, क्रू सदस्यों के प्रोफाइल आदि की जानकारी जुटाई जाएगी। दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु और चेन्नई जैसे शहरों में इंडिगो के ठौर पर पायलटों को पांच मिनट की जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा।

कुल मिलाकर विमानन कंपनी अपनी मौजूदा व्यवस्था को जारी रखेगी जहां पायलट थकान का हवाला देकर छुट्टी ले सकते हैं। विमानन कंपनी रोजाना करीब 1,900 उड़ानों का संचालन करती है। कंपनी के 4 हजार से अधिक पायलट हर दिन 4 टेक आफ और लैंडिंग करते हैं।

## 1 अक्टूबर से बदल जाएगा नियम, आधार, वोटर लिस्ट से लेकर डीएल तक... सिर्फ बर्थ सर्टिफिकेट से हो जाएगा काम

**नई दिल्ली।** जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 देशभर में 1 अक्टूबर 2023 से लागू होने जा रहा है। इसका मतलब ये है कि अब से बर्थ सर्टिफिकेट की महत्ता काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। यह सर्टिफिकेट स्कूल, कॉलेज में दाखिला, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए एप्लीकेशन, वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, आधार रजिस्ट्रेशन, शादी के रजिस्ट्रेशन या सरकारी नौकरी के एप्लीकेशन के लिए अकेला इस्तेमाल किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी करके इस संबंध में घोषणा की है। संसद के दोनों सदनों ने पिछले महीने संपन्न मॉनसून सत्र में जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया था। इसमें 1969 के अधिनियम में संशोधन की मांग की गई थी।

जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम के लागू होने के बाद आधार से लेकर सभी जरूरी सरकारी दस्तावेज बनवाने में बर्थ सर्टिफिकेट का महत्तव बढ़ जाएगा। इस बिल को लोकसभा में 1 अगस्त और




राज्यसभा में 7 अगस्त 2023 को पास किया गया था। इसके बाद अब केंद्र सरकार ने इस पर नोटिफिकेशन जारी करके नए नियमों को 1 अक्टूबर से लागू करने का ऐलान कर दिया है।

यह अधिनियम भारत के रजिस्ट्रार जनरल को पंजीकृत जन्म और मृत्यु का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाए रखने का अधिकार देता है। इसके लिए सभी राज्यों की तरफ से मुख्य रजिस्ट्रार और रजिस्ट्रार की नियुक्ति की जाएगी। यह अधिकारी पंजीकृत जन्म और मृत्यु के डेटा को राष्ट्रीय डेटाबेस में शेयर करने के लिए बाध्य होंगे। मुख्य रजिस्ट्रार राज्य स्तर पर एक समान डेटाबेस तैयार करेगा।

विधेयक का एक प्रमुख उद्देश्य पंजीकृत जन्म और मृत्यु के लिए राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय डेटाबेस स्थापित करना है। इस पहल से अन्य डेटाबेस के लिए अपडेट प्रक्रियाओं को बढ़ाने, कुशल और पारदर्शी सार्वजनिक सेवाओं और सामाजिक लाभ वितरण को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया। इस विधेयक के लागू होने पर जन्म पंजीकरण के दौरान माता-पिता या अभिभावक के आधार नंबर की आवश्यकता होगी।

## सुप्रीम कोर्ट डेटा अब राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पर होगा उपलब्ध, CJI चंद्रचूड़ ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट को जल्द ही NJDG से जोड़ा जाएगा। जिससे लोगों को लंबित मामलों और निपटान दर से संबंधित डेटा आसानी से मिल सकेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट को जल्द ही



राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड से जोड़ा जाएगा, जो तालुका स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अदालतों में लंबित मामलों और निपटान दर से संबंधित डेटा का भंडार है। वर्तमान में पोर्टल केवल उच्च न्यायालय स्तर तक का डेटा दिखाता है। जैसे ही CJI ने शीर्ष अदालत में दिन की कार्यवाही शुरू की, उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत का डेटा वास्तविक समय के आधार पर NJDG पर अपलोड किया जाएगा। CJI ने कहा, एक छोटी सी घोषणा। यह एक ऐतिहासिक दिन है। यह एक अनूठा और सूचनाप्रद मंच है जिसे NIC और सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस टीम द्वारा विकसित किया गया है। अब एक बटन के क्लिक पर आप लंबित मामलों और निपटान वर्ष-वार, पंजीकृत और अपंजीकृत मामलों की कुल लंबितता , कोरम-वार तय किए गए मामलों की संख्या पर वास्तविक समय की जानकारी देख सकते हैं। NJDG 18,735 जिला और अधीनस्थ अदालतों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामले के विवरण का एक डेटाबेस है जिसे ईकोर्ट प्रोजेक्ट के तहत एक ऑनलाइन मंच के रूप में बनाया गया है। डेटा को कनेक्टेड जिला और तालुका अदालतों द्वारा लगभग वास्तविक समय के आधार पर अपडेट किया जाता है। यह देश के सभी कम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों की न्यायिक कार्यवाही और निर्णयों से संबंधित डेटा प्रदान करता है।

# भारतीय सैनिकों का चीन की सीमा तक पहुंचना होगा आसान,आ गया सी-295 विमान

**नई दिल्ली।** भारत के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय वायु सेना की ताकत और बढ़ चुकी है। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी

**दुर्गम**

**इस विमान के जरिए पैराटूप और सामान को किसी दुर्गम जगहों पर लैंड कराने में मदद मिलेगी।**

ने बुधवार को पहला सी295 परिवहन विमान भारतीय वायु सेना को सौंपा। स्पेन के सेविल शहर में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी को एयरबस कंपनी के उत्पादन संयंत्र में यह विमान सौंपा गया। भारत सरकार ने एयरबस के साथ 56 एयरक्राफ्ट के लिए सौदा किया है। इस सौदे में शामिल 40 विमानों को भारत में तैयार किया जाएगा। विमान को तैयार करने के लिए एयरबस ने



टाटा ग्रुप के साथ करार किया है। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के 48 महीनों के भीतर स्पेन से सोलह विमान फ्लाईअवे स्थिति में भारत को सौंपे जाएंगे। गौरतलब है कि यह अपनी तरह की पहली परियोजना है जिसमें एक निजी कंपनी द्वारा भारत में सैन्य विमान का निर्माण किया जाएगा। सी295 विमान पैराशूट के सहारे सैनिकों को उतारने और सामान गिराने के लिए काफी उपयोगी हो सकता है। विमान का उपयोग किसी हादसे के पीड़ितों और बीमार लोगों को निकालने के लिए भी किया जा सकता है। यह विमान विशेष अभियानों के साथ-साथ आपदा की स्थिति और समुद्री तटीय क्षेत्रों में गश्ती कार्यों को पूरा करने में सक्षम है। सी-295 को एक बेहतर विमान माना जाता है जिसका उपयोग 71 सैनिकों या 50 पैराटूपर्स तक के सामरिक परिवहन के लिए और उन स्थानों पर रसद संचालन के लिए किया जाता है जो वर्तमान भारी विमानों के लिए पहुंच योग्य नहीं हैं। इस विमान के जरिए पैराटूप और सामान को किसी दुर्गम जगहों पर लैंड कराने में मदद मिलेगी। वहीं, इमरजेंसी मेडिकल सुविधाओं को मुहैय्या कराने में ये विमान काफी मदद करेगी। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लद्दाख समेत 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। सरकार ने चीन की सीमा के नजदीक न्योमा एयरफील्ड की आधारशिला रखी है। वहीं, पाकिस्तान की सीमा से सटे देवक ब्रिज का भी उद्घाटन किया गया है। चीन के विस्तारवादी नीति का जवाब देने के लिए मोदी सरकार ने 12 सितंबर को पूर्वी लद्दाख के न्योमा में न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड की

## बीआर अंबेडकर और दलितों पर की थी विवादास्पद टिप्पणी, अब पूर्व VHP नेता मणियन हुए गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई में पूर्व विहिप नेता RBVS मणियन द्वारा दलितों पर टिप्पणी करने का मामला सामने आया था। जिसके बाद उन पर कार्रवाई की गई है। बता दें कि पूर्व विहिप नेता RBVS मणियन को BR अंबेडकर और दलितों पर उनकी कथित विवादास्पद टिप्पणी के लिए पुलिस ने उनके चेन्नई स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर को टी नगर भारतीय विद्या भवन में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम के दौरान RBVS मणियन ने दलितों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके आधार पर मणियन को आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत में पेश किया जाएगा। VHP की तमिलनाडु इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष मणियन को जातिवादी अपशब्दों से भरा भाषण देते हुए देखा गया था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।

बाद में उन्हें भारतीय संविधान के जनक बीआर अंबेडकर, एक ÷क्लर्क, टाइपिस्ट और प्रूफरीडर का जिक्र करते हुए सुना गया। उनकी टिप्पणी पर सोशल मीडिया यूजर्स में काफी आक्रोश था।

उन्होंने कहा कि कई लोग कहते रहते हैं कि अंबेडकर ने हमें संविधान दिया। वे उसके गुण गाते रहते हैं। (संविधान बनाते समय) वह अपना कुछ भी लेकर नहीं आए थे। वह सब एक स्टेनोग्राफर द्वारा लिखा गया था। स्टेनोग्राफर ने इसे टाइप किया था। फिर एक व्यक्ति को यह सत्यापित करना होता था कि जो टाइप किया गया है वह सही है या नहीं। अम्बेडकर का यही काम था।

## किम जोंन के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन; बीफ, केकड़ा सहित परोसे गए अनोखे व्यंजन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंन उन पर

**व्यंजन**

**इस रात्रिभोज में बतख, अंजीर सलाद, बीफ, केकड़ा पकौड़ी सहित अन्य व्यंजन परोसे गए।**

अमेरिका सहित वैश्विक नेताओं की निगाहें टिकी हुई हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच तकरीबन 19 महीने से युद्ध छिड़ा हुआ है। ऐसे में इस मुलाकात ने तमाम नेताओं की नींद उड़ा रखी है। बता दें कि किम जोंन उन को रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मॉस्को की यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए किम जोंन उन ने कोरोना महामारी के बाद अपनी पहली यात्रा की। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने किम जोंन उन के सम्मान में रात्रिभोज की मेजबानी की। इस रात्रिभोज में बतख, अंजीर सलाद, बीफ, केकड़ा पकौड़ी सहित



अन्य व्यंजन परोसे गए। रात्रिभोज में व्हाइट अमूर फिश सूप और समुद्री हिरन की सींग का शर्बत परोसा गया। इसके अतिरिक्त मशरूम और पकी हुई सब्जियों के साथ ही मार्बल बीफ एंट्रोकोट भी शामिल था। उत्तर कोरिया के तानाशाह के सम्मान में परोसे गए रात्रिभोज में स्वीट्स की भी पेशकश की गई। मेहमानों को पाइन नट्स और गाढ़े दूध के साथ टैगा से लाल बिलबेरी डिश परोसी गई। रूस यात्रा के दौरान किम जोंन उन ने व्लादिमीर पुतिन को उत्तर कोरिया की यात्रा के लिए आमंत्रित किया। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति पुतिन उत्तर कोरिया की यात्रा कब करेंगे? इसकी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन उन्होंने किम जोंन उन का निमंत्रण स्वीकार किया है। पुतिन और किम जोंन उन की मुलाकात से अमेरिका और दक्षिण कोरिया चिंतित नजर आ रहे हैं। इस दोनों देशों के अधिकारियों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किम जोंन उन रूस को गोला बारूद मुहैया करा सकते हैं।

## सुनो... ताइवान चीन का हिस्सा नहीं है, एलन मस्क को ताइवान के विदेश मंत्री ने लगाई कड़ी फटकार

**ताइपे।** ताइवान के विदेश मंत्रालय ने दुनिया के सबसे अमीर आदमी और टेस्ला के मालिक एलन मस्क को कड़ी फटकार लगाई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷ताइवान बिकने के लिए नहीं है और न ही यह चीन का हिस्सा है।÷ दरअसल, एलन मस्क ने काइवान को चीन का अभिन्न अंग कहा था।

एलन मस्क ने यह बयान लॉस एंजिल्स में ऑल-इन समिट में दिया है और इसकी वीडियो यूट्यूब पर भी अपलोड किया गया है। मस्क ने कहा, मुझे लगता है कि मैं चीन को अच्छी तरह समझता हूं। मैं कई बार वहां गया हूं और कई सालों तक कई स्तरों पर वहां की सरकार से मुलाकात की है। मुझे लगता है कि चीन के एक बाहरी व्यक्ति के रूप में मुझे बहुत अच्छी समझ है।

## अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत पर हंसने वाले पुलिसकर्मी पर भारत ने अपनाया कड़ा रूख, कार्रवाई की मांग

**न्यूयॉर्क।** इसी साल जनवरी में अमेरिका के सिएटल में एक पुलिस वाहन की टक्कर में भारतवंशी 23 वर्षीय युवती जाह्नवी कंडुला की मौत के मुद्दे पर भारत ने कड़ा कदम अख्तियार किया है। भारत ने अमेरिका के अधिकारियों के सामने पुलिसकर्मी के बॉडी कैमरे में कैद हुए वीडियो पर कड़ी अपत्ति जताई। दरअसल, जाह्नवी की मौत पर पुलिसकर्मी डेनियल ऑडरर के हंसने और मजाक उड़ाने का वीडियो सामने आया था और यह शर्मनाक वाकया वीडियो में रिकार्ड हो गया था।

सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बुधवार को इस घटना को चिंतित करने वाला बताया। वाणिज्य दूतावास ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, हमने इस दुखद केस में शामिल लोगों के खिलाफ गहन जांच और कार्रवाई के लिए सिएटल और वाशिंगटन के स्थानीय अधिकारियों के साथ-



साथ वॉशिंगटन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है। महावाणिज्य दूतावास के बयान में कहा गया है, ÷वाणिज्य और दूतावास सभी संबंधित अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस मामले पर बारीकी से नजर रखेंगे।÷ साउथ लेक यूनियन में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर की 23 साल की भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला 23 जनवरी को डेक्सटर एवेन्यू नॉर्थ और थॉमस स्ट्रीट के पास टहल रही थी, तभी सिएटल पुलिस वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह दूर जा गिरी थी। वाहन केविन डेव चला रहे थे।

बता दें कि वीडियो में हंसने वाले आरोपी पुलिसकर्मी डेनियल ऑडरर को इस केस की जांच सौंपी गई थी, लेकिन उसने अनजाने में अपना बॉडी कैमरा चालू छोड़ दिया। कैमरा में ऑडरर की सारी हरकतें कैद हो गईं, जिसमें उसे हंसते हुए और यह कहते हुए सुना गया कि कंडुला के जीवन का ÷सीमित मूल्य÷ था और बस 11,000 डॉलर का चेक लिख दो, वह वैसे भी 26 साल की थी।

ऑडरर ने यह भी कहा था कि डेव 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन चला रहे थे। हालांकि, जून में जांच में पाया गया कि डेव के वाहन की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे थी, जबकि तय सीमा 40 किलोमीटर प्रतिघंटे थी।

# मैक्सिको की संसद में दिखाए गए एलियन शवों को वैज्ञानिकों ने सिरे से नकारा, कहा यह धोखाधड़ी है

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की संसद में आयोजित किए गए एक लाइव इवेंट में एलिनय की लाशें दिखाई गई हैं। अब दुनियाभर में ये

**सुनवाई**

**मेक्सिको कांग्रेस ने अपनी सार्वजनिक सुनवाई के दौरान आधिकारिक तौर पर दो कथित एलियन लाशों को दुनिया के सामने रखा।**

बहस छिड़ गई है कि क्या वाकई में एलियन का वजूद है? दावा किया गया है कि ये एलियन के शव 1000 साल पुरानी है। मगर, वैज्ञानिकों ने मैक्सिकन कांग्रेस में दिखाए गए एलियन के कथित शव को धोखाधड़ी बताया है। एलियन और यूएफओ के मेक्सिको के खुलासे के बाद दुनिया में परजीवियों को लेकर रुचि बढ़ गई है। मेक्सिको



कांग्रेस ने अपनी सार्वजनिक सुनवाई के दौरान आधिकारिक तौर पर दो कथित एलियन लाशों को दुनिया के सामने रखा। यूफोलॉजिस्ट जेमी मौसन ने दो छोटी ममीकृत लाशों का खुलासा किया। मेक्सिको ने कहा कि दोनों एलियन की लाशें पेरू के कुस्को से बरामद की गईं हैं। एलियन को लेकर मेक्सिको से पहले अमेरिका ने दावा किया था। जब अमेरिकी वायु सेना के एक पूर्व खुफिया अधिकारी ने दावा किया था कि अमेरिका साल 1930 के दशक से ही एलियन की मौजूदगी के बारे में जानता है।

मैक्सिकन पत्रकार जोस जैमे मौसन ने कहा कि यह सबसे बड़ा सबूत है। अगर डीएनए हमें दिखा रहा है कि दोनों शव एलियन के हैं और दुनिया में ऐसा कुछ भी नहीं दिखता है, तो हमें इसे ऐसे ही लेना चाहिए। लेकिन उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि वह अभी तक इन्हें एलियन के रूप में संदर्भित नहीं करना चाहते हैं।

दाव किया गया है कि जाहिर तौर मेक्सिको संसद द्वारा दिखाए गए यह सूखे हुए शव साल 2017 के हैं, जो नाज़्का के रेतीले पेरू तटीय रेगिस्तान के नीचे पाए गए थे। यह वह क्षेत्र धरती में खोदी गई विशाल रहस्यमय आकृतियों के लिए जाना जाता है। 2017 में पत्रकार मौसन ने पेरू में इसी तरह के दावे किए और मैक्सिको के अभियोजक के ऑफिस की एक रिपोर्ट में पाया गया कि शव सही मायनों में किसी नई बनाई गई डॉल (गुड़िया) के थे। इन डॉल्स की त्वचा को असली दिखने जैसा बनाया गया था और इसे कागज और सिंथेटिक गोंद के मिश्रण से ढक दिया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया था कि ये गुड़िया निश्चित रूप से मानव निर्मित थीं और वे एलियंस के अवशेष नहीं हैं, जिन्हें एलियन दिखाने की कोशिश की गई है। मगर, 2017 में शवों को सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाया गया था। इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि मेक्सिको की संसद में दिखाए गए कथित एलियन के शव असली हैं।

बुधवार को मेक्सिको के राष्ट्रीय स्वायत्त विश्वविद्यालय में खगोल विज्ञान संस्थान के शोधकर्ता जूलियट फिएरो ने भी इस दावे पर संदेह व्यक् किया है। उन्होंने कहा कि इन दिखा गए आंकड़ों का कोई मतलब नहीं बनता है।

## लीबिया की विनाशकारी बाढ़ लील गई 6000 जानें 10 हजार लोग लापता! अपनों के इंतजार में परिवार

**त्रिपोली।** लीबिया में आई भयानक बाढ़ लोगों के लिए काल बनकर आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अबतक बाढ़ से 6000 से ज्यादा लोगों की जानें गई हैं और 10 हजार से ज्यादा लोगों के लापता होने की आशंका है। त्रिपोली में यूनिटी सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अवर सचिव सादुद्दीन अब्दुल वकील ने बताया कि स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह मरने वालों की संख्या के नए आंकड़े जारी किए गए। सादुद्दीन अब्दुल वकील के अनुसार, लीबिया के अस्पतालों में शवों की बाढ़ आ गई है, जबकि इस आपदा में बचे हुए लोगों को इलाज की ज्यादा जरूरत है। वहीं, मिस्र के इमिग्रेशन मंत्रालय ने जनकारी दी है कि उनकी सरकार ने लीबिया में मारे गए 87 शवों को दफनाया है।

लीबिया के अधिकारियों को आशंका है कि जो 10,000 लोग लापता हैं हो सकता है कि वे समुद्र में बह गए हों या शहर में बिखरे मलबे के नीचे दब गए हों। लीबिया में अंतर्राष्ट्रीय इमिग्रेशन संगठन के



अनुसार, डर्ना शहर में बाढ़ से 30,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, डर्ना शहर के बुनियादी ढांचे को हुए भारी नुकसान ने मानवीय संगठनों के लिए मुश्किल बना दिया है। डर्ना के सात एंट्री प्लाइंट्स में से केवल दो ही खुले हैं। सीएनएन के मुताबिक, इस्लामिक परंपराओं का सम्मान करने के लिए कि मृतकों को तीन दिनों के भीतर दफनाया जाना चाहिए। लीबिया के अधिकारी जिंदा बचे लोगों और शवों को बाहर निकालने के लिए पहाड़ों में तब्दील हो चुके मलबे के बीच खुदाई कर रहे हैं। बता दें कि डेनियल तूफान ने लीबिया के डर्ना शहर में तबाही मचाई है। बाढ़ ऐसी है कि बचावकर्मियों के लिए जिंदा बचे लोगों को खोजना मुश्किल हो गया है। तूफान के कारण संचार से लेकर बचाव प्रयास जटिल हो गया है। लोग अपने परिवाजनों के वापस आने का इंतजार कर रहे हैं।

# महाकुंभ की परियोजनाओं को पूरा कर रही है योगी सरकार

- गुणवत्ता युक्त और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य सम्पादन के लिए परियोजनाओं का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन का रोड मैप तैयार
- परीक्षण के लिए शहर में स्थापित हो रही है केंद्रीकृत कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत सरकार ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में त- 20 का आयोजन किया है और जिस प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार निवेशकों के अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रयासरत है उसी तरह इस महाकुंभ - 2025 को सफलता पूर्वक दिव्य और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण इसका रोड मैप तैयार कर रहा है। कुंभ की परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में उत्कृष्ट परियोजना प्रबंधन का उपयोग कर इसे अमल में लाया जा रहा है।

महाकुंभ- 2025 के भव्य आयोजन के लिए परियोजनाओं को धरातल में उतारने में लगे प्रयागराज मेला प्राधिकरण की शीर्ष प्राथमिकता अगर समय पर सभी तैयारियों को पूरा कराना है तो गुणवत्ता युक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से समस्त कार्य संपादित करना भी उसकी प्राथमिकता है।

कुंभ मेला अधिकारी महाकुंभ - 2025 से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति के लिए निरंतर संबंधित विभागों के साथ बैठके कर रहे हैं। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि सभी विभागों के मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं व अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे लोग अपनी समस्त परियोजनाओं की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करते हुए लगातार स्थलीय निरीक्षण करें। इसमें कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने पर पूरा ध्यान दिया जाय।

मेला अधिकारी लगातार प्रयागराज में कैंप करके महाकुंभ की परियोजनाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि प्रशासन की मंशा है कि प्रत्येक 15 दिन पर लगभग 20 प्रतिशत परियोजनाओं का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस तरह लगभग ढाई महीने में संपूर्ण परियोजनाओं का शत- प्रतिशत निरीक्षण हो जाएगा। मेला अधिकारी ने यह भी बताया है कि इसके लिए एक केंद्रीकृत कार्यशाला का निर्माण किया जा रहा है। मेला अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोरता कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

### कुंभ की सभी परियोजनाओं का होगा थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन

**प्रयागराज।** महाकुंभ - 2025 के दृष्टिगत कराए जाने वाले कार्यों का कार्यशाला में थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी द्वारा द्वारा करवाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। मेला प्रशासन की तरफ से इस बात को लेकर लगातार जोर दिया जा रहा है कि कार्यदायी विभागों द्वारा संहिता के प्रावधानों के अनुसार स्थलीय निरीक्षण व प्रयोगशाला परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। इसकी जांच प्रयागराज मेला प्राधिकरण एवं थर्ड पार्टी इन इंस्पेक्शन एजेंसी द्वारा समय-समय पर की जाएगी। थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी द्वारा सामग्री परीक्षण करने के लिए शहर में 150 से अधिक उच्च दक्षता परीक्षण वाली मशीनों से युक्त एक केंद्रीकृत प्रयोगशाला स्थापित की जा रही है। यह कार्यशाला 24 घंटे कार्यरत रहेगी।

## शाइस्ता, गुड्डू मुस्लिम की तलाश में एसटीएफ पस्त

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मोस्ट वांटेड माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और शूटर गुड्डू मुस्लिम उर्फ गुड्डू यूपी पुलिस और एसटीएफ तलाशे नहीं मिल रहे हैं। यूपी एसटीएफ और पुलिस की टीमें कई शहर, राज्यों की खाक छानने के बाद भी लौटा आई लेकिन अतीक की पत्नी का पता नहीं चल सका। पांच लाख के इनामी गुड्डू मुस्लिम का सुराग अब तक नहीं है। गुड्डू मुस्लिम की अंतिम लोकेशन उड़ीसा में मिली थी। एक मीट कारोबारी ने उसे पनाह दी थी। एसटीएफ उड़ीसा तक पहुंची भी लेकिन गुड्डू बमबाज वहां से निकल गया। इसी तरह शाइस्ता की लास्ट लोकेशन पुलिस ने धूमनगंज थाने के हटवा गांव और पूरामुफ़्ती में मिली थी। कई गांवों में सर्च ऑपरेशन चले। घर-घर तलाशी हुई लेकिन शाइस्ता नहीं मिली। पूछताछ में क्लू मिला कि शाइस्ता दिल्ली पहुंच गई। पुलिस ने अतीक करीबियों के बीच जो अपने मुखबिर बनाए उन्होंने सुराग दिया कि शाइस्ता दिल्ली में कई वकीलों के संपर्क में है। पुलिस की एक टीम दिल्ली पहुंची। दिल्ली के शाहीनबाग, ओखला में छापामारी चली लेकिन शाइस्ता का पता नहीं चल सका। 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड की गूंज हर जगह हुई थी। अतीक के शूटरों ने दुस्साहसिक वारदात कर सनसनी फैलाई।

## देर रात धू-धूकर जलने लगा स्कूटी शोरूम

- आग की सूचना मिलते ही तत्काल फायरकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे सीएफओ व एफएसओ

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बुधवार देर रात अतरसुइया में एक स्कूटी शोरूम में आग लग गई। आग की सूचना पर तत्काल सीएफओ व एफएसओ सिविल लाइंस फायरकर्मियों के साथ मौके पंहुचे और आग पर काबू पाया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

बता दें कि बुधवार की शाम करीब दस बजे के करीब अतरसुइया थाना क्षेत्र के कामधेनु मिष्ठान भंडार के बगल अंकित मिठ्ठ के बेसमेंट में स्थापित इताशा इमोबिलिटी इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में आग लग गई। आग विकराल रूप धारण कर रही थी कि इसी बीच फायरबिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ आर के पाण्डेय व फायर स्टेशन प्रभारी सिविल लाइंस तत्काल मौके पर फायरकर्मियों के साथ पंहुचे और आग को पूर्ण रूप से बुझाया। आग बुझने के बाद वहां लोगों ने राहत की सांस ली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ आर के पाण्डेय ने बताया कि बेसमेंट में वेंटिलेशन न होने के कारण अत्यधिक काला जहरीला धुआं भर गया था। जिससे आग बुझाने में काफी समस्या हो रही थी।

लेकिन फायर सर्विस यूनिट द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए जान जोखिम में डालकर बेसमेंट के अंदर घुसकर मोटर फायर इंजन द्वारा पंपिंग करके पानी डालकर आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। उक्त अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटनास्थल पर उपस्थित जनसमूह ने फायर सर्विस यूनिट द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई।

# राजस्व की सबसे बड़ी अदालत राजस्व परिषद में सरकार का पुतला दहन

- हाई कोर्ट और जनपद न्यायालय में भी अधिवक्ताओं ने किया

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बार कार्उसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के आवाहन पर बार एसोसिएशन बोर्ड ऑफ़ रेवेन्यू के अधिवक्ता गण जनपद हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज को लेकर सरकार द्वारा अभी तक संज्ञान न लिए जाने पर 16वें दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सरकार का पुतला दहन किया।

तदोपरांत बार एसोसिएशन बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के लाइब्रेरी हाल में एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष हर्ष नारायण शर्मा ने किया। संचालन महासचिव पंकज कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि जनपद हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ हुए लाठीचार्ज को प्रदेश सरकार संज्ञान में नहीं ले रही है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आज अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए 16 दिन बीत चुके हैं कि किंतु प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार के कान में जूं तक नहीं देख रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि अधिवक्ता जो अभी तक दूसरे के दर्द की लड़ाई लड़ते थे यदि वह अपनी लड़ाई लड़ने लगेंगे तो सरकार की नहीं धर्म हो जाएगी।

बैठक में वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य ए.पी.सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार की दमनकारी नीति के चलते अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसे अधिवक्ता समाज बर्दाश्त नहीं करेगा और आने वाले 2024 के चुनाव में सरकार को उखाड़ देखने का काम करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष पांडे ने कहा की सरकार द्वारा अभी तक 16 दिन बीत जाने के बाद दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई न करना सरकार की मानसिकता व अधिवक्ता विरोधी होने का परिचायक है। उन्होंने देश के गृह मंत्री एवं प्रधानमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, कल्याण उर्फ विजय शंकर तिवारी, हरिश्चंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, मनीष कुमार पांडे, शरद कुमार पांडे, संतोष कुमार तिवारी, नवीन कुमार पांडे, पुरस्कार प्रायिक सदस्य मोहन धारिया ,यादवेंद्र पांडे ,आर के यादव, अंबुज श्रीवास्तव, मनोज कुमार मिश्रा, राधिका पाल, रेखा सिंह, प्रमोद कुमार, गिरीश सोनकर, छात्रेश कुमार पांडे, रोहित तिवारी, रजत मिश्रा समेत सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित है।

### हापुड़ की घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की समिति गठित

- 16 सितंबर को होगी बैठक उपलब्ध करा सकते हैं साक्ष्य

**प्रयागराज।** यूपी के हापुड़ में 29 अगस्त को वकीलों पर लाठीचार्ज की घटना के बाद से पूरे प्रदेश के वकील प्रदर्शन कर रहे हैं। लाठीचार्ज के लिए दोषी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। इस पूरे मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हस्तक्षेप किया है। पूरे प्रकरण में व वकीलों द्वारा की जा रही शिकायतों को देखते हुए एक समिति का गठन हाईकोर्ट की ओर से किया गया है। समिति न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित की गई है। इस संबंध में 16 सितंबर को सुबह 11 बजे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समिति कक्ष में बैठक होगी। इसमें ऐसे व्यक्तियों का आह्वान किया गया है जिन्होंने इसकी शिकायत की है। वह साक्ष्य भी समिति के सामने उपलब्ध करा सकते हैं। जो वर्चुअल मोड में प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वह वर्चुअली समिति की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए वर्चुअल समिति के प्रक्रिया में शामिल होने के लिए वीसी-लिंक को कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जल्दी ही अपलोड किया जाएगा। हापुड़ की घटना को लेकर वकीलों को धरना आज गुरुवार को भी जारी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाहर वकील सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। वकीलों का कहना है कि जो भी लाठीचार्ज के लिए दोषी है उसे सस्पेंड अकिया जाए। यूपी बार कार्उसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने बताया कि आज न्यायिक कार्य का विरोध करते हुए अधिवक्ता प्रदेश सरकार का पुतला जलाएंगे। 17 सितंबर को प्रयागराज स्थित यूपी बार कार्उसिल परिसर में प्रदेश के सभी समस्त बार संघ के अध्यक्ष व मंत्री का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी के सुझाव के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# जनपद मे सकुशल संपन्न हुई NAT-1 परीक्षा

**नामांकित कुल छात्र 369038 के सापेक्ष 357470 (96.87 प्रतिशत) छात्रो का हुआ त्रैमासिक मूल्यांकन**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कार्यालय महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के पत्र द्वारा निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों का सरल ऐप के माध्यम से लर्निंग आउटकम पर आधारित त्रैमासिक आकलन 14 सितम्बर, 2023 को आयोजित कक्षा 04 से 08 तक अध्ययनरत छात्रों के त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा मे जिलाधिकारी द्वारा NAT-1 परीक्षा के सकुशल व सफल संचालन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर, जिला समन्वयक, एस0आर0जी, ए0आर0पी0 एवं परीक्षा सकुशल संचालन हेतु लगे अन्य अधिकारियों को दिये निर्देश के क्रम मे समस्त अधिकारियों द्वारा परीक्षा के दौरान विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जनपद मे कहीं भी परीक्षा की गोपनीयता भंग नहीं हुई।

जनपद में कक्षा 4 से 8 तक अध्ययनरत नामांकित 225646 छात्रों के सापेक्ष के सापेक्ष 220428 छात्रों का त्रैमासिक आकलन किया गया। जनपद मे परिषदीय एवं एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों मे कक्षा 04 से 08 तक नामांकित छात्रों के सापेक्ष उपस्थित प्रतिशत 97.69 रहा। जनपद जौनपुर के परिषदीय एवं कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय मे 13 सितम्बर 2023 व 14 सितम्बर 2023 को आयोजित NAT-1 परीक्षा मे कुल नामांकित कक्षा 01 से 08 तक 369038 के सापेक्ष 357470 (कुल 96.87 प्रतिशत) छात्रों का त्रैमासिक मूल्यांकन किया गया।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय तरियारी, विकासखंड केराकत जौनपुर का निरीक्षण किया गया। विद्यालय मे आयोजित छात्रों के त्रैमासिक आकलन परीक्षा मे नामांकित 302 छात्रों के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ परीक्षा आयोजित होते हुए पायी गयी। विद्यालयी निरीक्षण में विद्यालय द्वारा शिक्षा में नवीनीकरण करने से बच्चों का विकास कर, छात्रों में सोचने एवं समझने की शक्ति को बढ़ाते हुए उनके आचार और व्यवहार में भी बदलाव करते हुए उन्हें एक सशक्त पद्धति का आचरण सिखाया जा रहा दृष्टिगत हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने नवाचार के अंतर्गत NAT-1 परीक्षा मे अपने नामांकित छात्रों को प्रवेश-पत्र के साथ आई0डी0 नम्बर निर्गत करते हुए व्यवस्थित बैठक व्यवस्था के साथ परीक्षा आयोजित होते हुए पायी गयी।

विद्यालय में परीक्षा गोपनीयता के साथ सुचितापूर्ण ढंग से आयोजित पायी गयी। विद्यालय मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बैठकर मध्यान्ह भोजन किया गया। उक्त के अतिरिक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय हनुवाडीह, विकास खण्ड मुफ्तीगंज एवं कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, विकास खण्ड धर्मापुर का निरीक्षण कर आयोजित परीक्षा का अवलोकन किया गया। दोनों विद्यालयों में परीक्षा गोपनीयता के साथ सुचिता पूर्ण ढंग से आयोजित पायी गयी।

## इंटरनेट पर बढ़ रही है हिंदी में सामग्रीः प्रो. अविनाश

- पीयू में मनाया गया हिंदी दिवस समारोह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में गुरुवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा का प्रयोग गर्व से करना चाहिए। भाषा ही हमें जोड़ती है। आज इंटरनेट पर हिंदी भाषा सामग्रियों में लगातार वृद्धि हो रही है। इंटरनेट पर अंग्रेजी के बाद हिंदी के सबसे अधिक विषय-वस्तु उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है। इस मौके पर उन्होंने स्वरचित एक कविता भी सुनाया। परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह ने कहा कि विश्व भर में ऐसी कोई भी जानकारी नहीं जो हिंदी में उपलब्ध न हो। किसी भी देश के विकास और उन्नति में मातृभाषा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने इस मौके पर एक गीत भी प्रस्तुत किया। प्रो. देवराज सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा का प्रयोग अब आईटी कंपनियां भी कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में शिक्षकों और छात्रों का योगदान भी आवश्यक है। अध्यक्षता करते हुए प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में फिल्म और टीवी धारावाहिक काफी अहम भूमिका निभाते हैं। हिंदी भाषी क्षेत्र के रहने वाले हम सभी देशवासियों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम जहाँ भी जाए वहाँ हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करे। संचालन विद्युत मल एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रवि प्रकाश ने किया। इस मौके पर उप कुलसचिव अमृत लाल, सहायक कुलसचिव बबिता, अजीत सिंह, अवधेश कुमार, , डॉ प्रवीण कुमार सिंह, सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं। इसके पूर्व जनसंचार विभाग में भी हिंदी दिवस मनाया गया। इसमें डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ. सुनील कुमार ने विचार व्यक्त किए। जनसंचार के छात्र आशीष कुमार पाल ने रामधारी सिंह दिनकर की रश्मिरथी का धारा प्रवाह पाठ किया। संचालन संस्कार श्रीवास्तव ने किया।

## शौर्य जागरण यात्रा प्रबंधन टोली की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** आगामी 7 अक्टूबर को जौनपुर सीमा में प्रवेश करने वाली शौर्य जागरण यात्रा के संबंध में जिले की एक बैठक आहुत की गई,जिसमे बजरंग दल के तत्वाधान में 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलने वाली शौर्य जागरण यात्रा जो 7 शनिवार अक्टूबर को जौनपुर पहुंचकर ,विश्राम करके दुसरे दिन 8 अक्टूबर रविवार को गाजीपुर के लिए प्रस्थान करेगी, जिसके प्रबंधन के लिए कार्य योजना की रूपरेखा इस बैठक में तैयार की गई ,इसमें विभिन्न प्रकार के कार्यों की चर्चा के साथ यात्रा प्रमुख संकल्प मिश्र से यात्रा समापन तक समस्त विभागों का क्रमवार कार्य विभाजन करके दिए दाईत्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की बात रखी गई ,जिसे सभी उपस्थितजनों ने एकमत से यात्रा के पालक अधिकारी उदयराज सिंह की सुझावों का समर्थन किया, बैठक में मुख्य रूप से विभाग मंत्री समर बहादुर सिंह जिला अध्यक्ष विमल सिंह प्रांत गो रक्षा विजय सिंह,विभाग संयोजक आशुतोष सिंह बजरंगदल सह संयोजक, आनंद उपाध्याय, जिला प्रचार प्रमुख सुनील शर्मा व संगठन मंत्री विकास व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बिजली व्यवस्था से त्रस्त जनता कर रही हैं शैलेंद्र यादव ( ललई) को याद

**जौनपुर (खुटहन)** लगातार बिजली व्यवस्था की किल्लत झेल रही जनता को आखिर का शैलेंद्र यादव (ललई) याद आने लगे हैं गाँव गली हो या चौक चौराहा हर तरफ शैलेंद्र यादव (ललई) की तारीफ हो रही है जनता ने सोचा नये परिवर्तन के साथ नये सुरज का उदय होगा उन्हें क्या पता था सुरज के चक्कर में घर की रोशनी के भी लाले पड़ जायेगें। नयें सरकार के बनते ही क्षेत्र की जनता से जबरन बिजली बिल वसूलने का कार्य किया गया पैसे न मिलने पर कनेक्शन काट दिये गये कनेक्शन कट जाने से किसानों के उपर एक नयी मुसीबत पड़ गयी सुख रहे खेतों की सिंचाई के लिए लोन लेकर डीजल इंजन खरीदे गए आंखों में नये परिवर्तन का स्वप्न लिए जैसे किसानों की कमर ही टुट गई।

# गड्ढामुक्तः सड़कों की जॉच कराकर शीघ्र सूची उपलब्ध कराई जाये

- सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई अनुपस्थित, स्पष्टीकरण तलब

अवधनामा संवाददाता



**आज़मगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने वृहस्पतिवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए तीनों जनपद के जिलाधिकारियों से कहा कि अपने अपने जनपद में सड़कों की जॉच करा कर गड्ढामुक्त किये जाने योग्य सड़कों का विवरण शीघ्र उपलब्ध करायें, ताकि समय से सड़कों को गड्ढामुक्त कराया जा सके। इसी क्रम में उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबसे पहले जनपद मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाय। उसके बाद तहसील, विकास खण्ड, थानों आदि को जाने वाली सड़कों पर कार्य कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गड्ढामुक्त किये जाने योग्य कोई भी सड़क छूटनी नहीं चाहिए तथा कार्य मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के अन्दर होना चाहिए। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराई जा रही निःशुल्क बोरिंग में प्रयोग होने वाली पाइप की गुणवत्ता की भी जॉच कराने का निर्देश तीनों मुख्य विकास अधिकारियों को दिया। उन्होंने निराश्रित गोवंश को संरक्षित किये जाने की स्थिति का जायजा लेते हुए अपर निदेशक, पशुपालन को निर्देश दिया कि संरक्षित किये गये गोवंश के साथ ही अन्य पशुओं का तत्काल टीकाकरण करायें। उन्होंने मुख्यमन्त्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना की समीक्षा में पाया कि अब तक जनपद आज़मगढ़ में लक्ष्य 2800 के सापेक्ष 2825, मऊ में 582 के सापेक्ष 243 एवं बलिया में 866 के सापेक्ष 437 गोवंश को पशुपालकों द्वारा संरक्षित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि मऊ एवं बलिया में किसानों को इस हेतु प्रेरित किया जाय तथा शासन द्वारा अनुमन्य धनराशि समय से उपलब्ध कराई जाय ताकि इन जनपदों में भी निराश्रित गोवंश को संरक्षण में किसानों, पशुपालकों की सहभागिता लक्ष्य के सापेक्ष हो सके। नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने तथा सिंचाई से सम्बन्धित अन्य बिन्दुओं की जानकारी देने हेतु अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई बैठक में उपस्थित नहीं थे, जिस पर मण्डलायुक्त श्री चौहान ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

### तहसील स्तरीय प्रतियोगिता आजमगढ़ महोत्सव का आयोजन

**अतरौलिया आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के किसान बालिका इंटर कॉलेज एकड़ंगी कोयलसा में तहसील स्तरीय प्रतियोगिता आजमगढ़ महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सह विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव ने बताया शासन की मंशा के अनुरूप सभी तहसीलों में आजमगढ़ महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिसके परिपेक्ष में आज बूढ़नपुर तहसील में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अपनी कला प्रस्तुत करने का एक मंच प्रदान किया जा रहा हैं। जिससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा का विकास होगा।

## मनाया गया श्रीकृष्ण छठी महोत्सव

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिले में श्री कृष्ण छठी महोत्सव बुधवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इसे लेकर विभिन्न मंदिरों एवं घरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई। शिकारपुर चौकी परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने किया। चौकी प्रभारी गिरीश मिश्र ने विधि विधान के साथ श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की । सरायखवाजा थानान्तर्गत शिकारपुर चौकी पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन छठी महोत्सव पर भगवान का भव्य दरबार सजाया गया। मंदिर में वहीं अलौकिक सिंगार के साथ नन्हे कान्हा का झूला लगाया गया और झूले में नन्हे कान्हा को बिठाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया मौके पर विभिन्न गायकों द्वारा गाए भजनों से पूरा परिसर गुंजायमान होता रहा।बीच-बीच में भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## दबंगों ने बन्द किया सैयद बाबा के स्थान पर जाने का रास्ता

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम अमुड़ी निवासी अशोक कुमार ने बताया कि हमारे पट्टीदार अमर बहादुर पुत्र हुबराज के मकान के बीच से 10 कड़ी का रास्ता बाबा सैयद की मजार तक गया था प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी पट्टीदारो की सहमति से सैयद स्थान तक जाने के लिए रास्ता छोड़ा गया था सिससे सभी पट्टीदार व गाव के लोग उसी रास्ते से मजार तक जाते है 11 की बनबढ गोलबंद सीनाजोर किस्म का ब्यक्ति अमरबहादुर व चार पाच अन्य लोगो के साथ एक जूट होकर रास्ते को कब्जा करने की नियत से पक्की दिवाल उठा कर कब्जा कर रहे था घर पर सिर्फ महिलाए व एक लडका -राहुल यादव पुत्र विजयबहादुर यादव था जब मना करने गया तो दबगो ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिया दबगो की हमले से महिला व प्रार्थी का भतीजा राहुल व एक महिला बुरी तरह घायल हो गया जिसकी सूचना थाना मुबारकपुर पर लिखित दिया गया प्रार्थना पत्र पर चौकी प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करते हुए मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर भेज दिया एव दोनो पक्षो को 151 मे चालन कर दिया गया प्रार्थी जब जमानत कराकर घर पहूचा तो दबंगो ने पूनरू गाली गलौज देने लगे प्रार्थी दबंगो के डर से कूछ नही बोला को आजमगढ तहसील पर बनी हुई मजार का कागजात लेने गया था उसी बीच पट्टीदार से फोन आया कि आप लोगो को झुठे मुकदमे मे फसाने के लिए हुबराज पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देने गया है प्रार्थी जब पता किया तो दबंगो ने फर्जी प्रार्थना पत्र मे सी सी कैमरा की तोडफोड, सी सी कैमरा व मशीन को उठा ले जाना दिखा कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को दिया है जब की सरासर गलत व निराधार है पत्रकारो से वार्ता करते हुए प्रार्थी नवजीवन सन्तोष कुमार यादव ने बताया कि ऐसी कोई घटना नही हुई है । आरोप हमारे व हमारे परिवार व पट्टीदार के उपर लगाए जा रहे है सब निराधार व झूठा है। हमने उपजिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र दिया हूॅ। उपजिलाधिकारी महोदय ने बताया है की जाच करके जल्द ही सैयद पर मजार प जाने वाले रास्ते खोलवा दिया जाएगा प्रार्थी ने पत्रकारो से बताया । कि जिस जमीन पर सैयद की मजार है वह जमीन सरकारी है उसी जमीन को कब्जा करने की नियत से दबंगो ने झूठी कहानी रची है कि हमारा परिवार फस जाए और हम पूरी जमीन को कब्जा कर सकें।

# मास्टरकार्ड इंडिया के चेयरमैन बने एसबीआइ के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े पेमेंट प्रोसेसिंग नेटवर्क में से एक मास्टरकार्ड ने आज मास्टरकार्ड इंडिया के लिए रजनीश कुमार को अपना नया चेयरमैन नियुक्त किया है। मास्टरकार्ड ने एक बयान में कहा कि रजनीश कुमार घरेलू भुगतान परिदृश्य को आगे बढ़ाने में मास्टरकार्ड की दक्षिण एशिया कार्यकारी नेतृत्व टीम का मार्गदर्शन करेंगे, जिसका नेतृत्व गौतम अग्रवाल, दक्षिण एशिया के डिवीजन अध्यक्ष और भारत के कंट्री कॉर्पोरेट ऑफिसर, करेंगे। आपको बता दें कि एसबीआई के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार के पास देश का सबसे बड़ा बैंक, एसबीआई में लगभग 40 साल




का अनुभव है। भारत के अलावा उन्होंने ब्रिटेन और कनाडा में बैंक के महत्वपूर्ण परिचालनों के प्रबंधन में विभिन्न लीडरशिप भूमिकाएं निभाईं हैं। एसबीआई के YONO प्लेटफॉर्म का नेतृत्व करने का भी श्रेय उन्हें ही दिया जाता है। रजनीश कुमार का कार्यकाल एसबीआई अध्यक्ष के रूप में अक्टूबर 2020 में समाप्त हुआ। रजनीश कुमार कॉर्पोरेट क्रेडिट और प्रोजेक्ट फाइनेंस के एक्सपर्ट हैं, रजनीश कुमार के पास एचएसबीसी एशिया पैसिफिक, एलएंडटी और ब्रुकफील्ड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट जैसे कॉर्पोरेट दिग्गजों के बोर्ड में सीटों सहित कई निदेशक पद भी हैं। वह भारत पे के बोर्ड और अग्रणी प्रबंधन संस्थान एमडीआई, गुड़गांव के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष भी हैं। मास्टरकार्ड पेमेंट ट्रांजैक्शन प्रोसेसिंग और अन्य संबंधित-भुगतान सेवाओं जैसे यात्रा-संबंधित भुगतान और बुकिंग की एक श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी का कनेक्शन 210 देशों में है। यह दुनिया के पेमेंट नेटवर्क प्रोवाइडर में से एक है। रजनीश कुमार एक भारतीय बैंकर हैं जिन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष का पद संभाला है।

## फिच ने 6.3 प्रतिशत के विकास के अनुमानों को रखा बरकरार, इस साल के अंत तक महंगाई के बढ़ने की जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग ने आज वित्त वर्ष 24 के भारत के ग्रोथ के अनुमानों को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। फिच ने कहा कि कड़ी मौद्रिक नीति और एक्सपोर्ट में कमजोरी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन दिख रहा है। फिच ने कहा कि अल नीनो के खतरे के कारण साल के अंत में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। अभी हाल में पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़े जारी हुए थे जिसमें अप्रैल-जून तिमाही




में भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत पर रही थी। इसके अलावा फिच ने कहा कि अगले वित्त वर्ष यानी स्न्ड्ड25 में विकास दर 6.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है। आपको बता दें कि दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए फिच ने विकास की गति धीमी होने की संभावना जताई है। फिच ने इसका कारण कमजोर निर्यात को बताया है। इसके अलावा, क्रेडिट ग्रोथ सपाट और उपभोक्ता आय और रोजगार की संभावनाएं भी कम रहने के आसार हैं। मूल्य के मोर्चे पर, फिच ने कहा कि आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति में अस्थायी वृद्धि, विशेष रूप से बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति, परिवारों के खर्च को और कम कर सकती है। भारत वैश्विक आर्थिक मंदी से अछूता नहीं रहेगा और घरेलू अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष आरबीआई की 250 बीपीएस बढ़ोतरी के विलंबित प्रभाव से प्रभावित होगी, जबकि खराब मानसून का मौसम आरबीआई के मुद्रास्फीति नियंत्रण को जटिल बना सकता है आपको बता दें कि वार्षिक सकल मुद्रास्फीति जुलाई में 7.4 प्रतिशत और जून में 4.9 प्रतिशत के बाद अगस्त में 6.8 प्रतिशत थी। फिच ने कहा कि खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के जोखिम के बावजूद, फिच ने इस कैलेंडर वर्ष के अंत के लिए आरबीआई के बेंचमार्क ब्याज दर के पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

# चालू वित्त वर्ष में कम रहेगा बैंकों का क्रेडिट ग्रोथ ग्रॉस एनपीए भी कम होने की उम्मीदः इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने आज एक रिपोर्ट जारी करते हुए बाताय कि बैंकों का क्रेडिट ग्रोथ चालू वित्त वर्ष में कम रहेगा। इक्रा के मुताबिक इस वित्त वर्ष क्रेडिट ग्रोथ एक साल पहली की 15.4 प्रतिशत से घटकर 12.1-13.2 प्रतिशत रह जाएगा। इसके अलावा इक्रा ने यह भी कहा कि बैंकों का जीएनपीए यानी ग्रॉस एनपीए जून तिमाही के अंत में 3.7 प्रतिशत से घटकर 2.8-3 प्रतिशत पर आने की उम्मीद है। इक्रा ने अपने रिपोर्ट में कहा कि इस वित्त वर्ष बैंकों में कुल जमा वृद्धि 9 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है। ज्यादा जमा के कारण बैंकों की लाभप्रदता प्रभावित होगी और परिसंपत्तियों पर रिटर्न में मामूली कमी आएगी। इक्रा ने कहा कि वह संपत्ति की गुणवत्ता पर व्यापक आर्थिक झटकों के असर को लेकर सतर्क है। इक्रा के मुताबिक सरकारी बैंक के साथ-साथ निजी क्षेत्र के बैंक भी पूंजीकरण के मोर्चे पर सहज होंगे, साथ ही सरकार को अपने किसी भी बैंक में पैसा लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। दरअसल




बैंकों का कमाने का सबसे बड़ा जरिया उधार यानी लोन यानी क्रेडिट होता है। बैंक अगर ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा लोन देते हैं तो वो अच्छा माना जाता है क्योंकि उतनी ही ज्यादा ब्याज पर बैंक पैसा कमा सकती है।

क्रेडिट ग्रोथ का मतलब बैंकों के लोन देने में वृद्धि होना, यानी लोग ज्यादा लोन ले रहे हैं। सरल भाषा में कहे तो क्रेडिट ग्रोथ का मतलब वह लोन जो बैंक कंपनियों, व्यवसायियों या व्यक्तियों को प्रदान करते हैं। जितने अधिक लोग बैंकों से लोन लेंगे, बैंक क्रेडिट में उतनी ही अधिक वृद्धि होगी।द्बष्ह्र लिमिटेड (पूर्व में भारतीय निवेश सूचना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी लिमिटेड) की स्थापना 1991 में अग्रणी वित्तीय/निवेश संस्थानों, वाणिज्यिक बैंकों और वित्तीय सेवा कंपनियों द्वारा एक स्वतंत्र और पेशेवर निवेश सूचना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के रूप में की गई थी।

# नया रेंज रोवर वेलारः आकर्षक डिजाइन के साथ बेमिसाल सुंदरता

**नई दिल्ली।** भारत- 14 सितंबर 2023ू जेएलआर इंडिया ने आधिकारिक तौर पर भारत में नई और कई नए फीचर्स से युक्त रेंज रोवर वेलार को लॉन्च कर दिया है। रेंज रोवर वेलार आधुनिक समय के लग्जरी की बेहतरीन अभिव्यक्ति है,



जो कई नई लेटेस्ट तकनीक, रेंजरोवर की पहचान रही उत्कृष्टता और बेहद आकर्षक व रिडक्टिव नई डिजाइन से लैस है। नई रेंज रोवर वेलार दो पावर ट्रेन विकल्पों के साथ डायनैमिक एचएसई में उपलब्ध है। 2.0 लीटर पेट्रोल इंजन वाला विकल्प, जो 184 किलोवाट की शक्ति और 365 एनएम टॉर्क प्रदान करता है, वहीं दूसरा विकल्प 2.0 लीटर इंजीनियम डीजल इंजन है, जो 150 किलोवाट की शक्ति और 430 एनएम टॉर्क प्रदान करता है। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक, राजन अंबा ने कहा नई रेंज रोवर वेलार भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उत्कृष्टता के साथ तैयार की गई कार है, जो इसे दिलचस्प और मनचाहा दोनों ही बनाता है। इसे हमारे समझदार ग्राहकों के बदलते मिजाज के लिहाज से बारीकी से तैयार किया गया है, जो भारत में लक्जरी यात्रा के स्तर को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नई रेंज रोवर वेलार एक बेमिसाल सुंदरता और रोमांचक मौजूदगी के साथ स्वाभाविक उत्कृष्टता का प्रतीक है। इसकी नवीनतम तकनीक और रिडक्टिव डिजाइन आधुनिक लक्जरी पर हमारे लक्ष य के मुताबिक है। रेंज रोवर वेलार अपडेटेड एक्सटीरियर और नए इंटीरियर के साथ ब्रांड केरिडक्टिव डिजाइन में अग्रणी है। डिजाइन में एक नई ग्रिल है, जो विशिष्ट फ्लोटिंग छत, अनब्रोकेन वेस्टलाइन और फ्लश डोर हैंडल के साथ है। स्स्अंदर में तकनीक की पूरी श्रृंखला यात्री के आराम और सेहत का ख्याल रखता है, जिससे मध्यम आकार की लक्जरी एसयूवी आराम तलब उपभोक्ताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन

## क्रॉम्प्टन ने अपनी नई मिक्सर ग्राइंडर सीरीज रेंज - ड्यूरोएलीट, ड्यूरोरॉयल एवं बोल्टमिक्स लॉन्च की

**मुंबई।** उत्कृष्टता से भरपूर भरोसेमंद ब्रांड, क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (सीजीसीईएल) ने अपने नए मास्टपीस- मिक्सर ग्राइंडर की एक नई सीरीज- ड्यूरोएलीट प्लस, ड्यूरोरॉयल, बोल्टमिक्स प्रो और



बोल्टमिक्स कूल की पेशकश की है। इन नए उत्पादों के साथ कंपनी का नवाचारों को पेश करने का सिलसिला जारी है। लंबे समय तक इस्तेमाल करने के लिए पावरट्रॉर्न मोटर के साथ, यह लगातार 45 मिनट तक पिसाई कर सकता है। आधुनिक भारतीय किचन को नया रूप देने के लिए इस रेंज में बनावट और फंक्शन का एक मेल किया गया है। इसे कम से कम समय में बारीक पिसाई के इच्छुक ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। आसान ब्लेंडिंग से लेकर टिकाउ एवं खूबसूरत डिजाइन तक, इस रेंज में सुंदरता और दक्षता का बेजोड़ मिश्रण है। यही चीज इसे 'बेहतरीन स्वाद का सीक्रेट' बना रही है और पाक कला की उत्कृष्टता के लिए नए मानदंड स्थापित कर रही है। हर घर में किचन उसका मुख्य आकर्षण होता है। जैसे-जैसे खाना पकाने को लेकर हमारा प्यार बढ़ता जा रहा है, होम शेफ उतनी ही कुशलता से विभिन्न स्वादों को मिलाने में ज्यादा प्रयोग करने लगे हैं। इसके साथ ही, त्योहार के आगामी मौसम को देखते हुए, पारंपरिक और स्थानीय स्वादों की खुशबू के साथ किचन बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय पकवानों में स्वाद और मसालों के मिश्रण में सटीकता का तड़का जरूरी होता है, इसलिए किचन के लिए उन्नत तकनीकों की जरूरत बढ़ती जा रही है।

# विकास के लिये लॉन्च हुआ गैजेट ऑन व्हील

**नई दिल्ली।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, टाटा मोटर्स की सहायक कंपनी और भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में बदलाव लाने में अग्रणी, ने आज ऑल-न्यू Ne&on.ev को लॉन्च किया। अपने नए अवतार में सबसे ज्यादा बिकने वाला और इलेक्ट्रिक वाहनों की विरासत में काफी समृद्ध, यह इलेक्ट्रिक वाहन भारत की पूरी ऑटो इंडस्ट्री की एक उल्लेखनीय छलांग का प्रतीक बनकर उभरा है। बोल्ड डिजिटल डिजाइन लैंग्वेज के साथ यह भविष्य को ध्यान में रखकर यात्रियों को तकनीक से लैस यात्रा अनुभव प्रदान करता है। इसमें सहज रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले नए-नए फीचर्स पेश किये गये हैं, इन्हें गैजेट्स के माध्यम से आसानी से एक्सेस किया जा सकता है, जोकि एक असली गेमचेंजर के तौर पर नई Ne&on.ev का हॉलमार्क है। इसका निर्माण Tata.ev की स्थिरता, सामुदायिकता और तकनीक के ब्रैंड मूल्यों के आधार पर किया गया है। यह तीन अलग-अलग बनावट- इंपावर्ड, फियरलेस और क्रिएटिव में उपलब्ध है। इससे यह अलग-अलग उपभोक्ताओं के व्यक्तित्व और लाइफस्टाइल की झलक पेश करता




है। Ne&on.ev INR 14.74 लाख रुपये के शुरुआती दाम से उपलब्ध होगी और इसकी बिक्री देशभर की अधिकृत डीलरशिप द्वारा की जाएगी।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक श्री शैलेश चंद्रा ने नई Ne&on.e1 की लॉन्चिंग करते हुए कहा, ईवी के उपभोक्ता एक ऐसे अनोखे समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका तेजी से विकास हो रहा है। इन उपभोक्ताओं को इनकी नई-नई पसंद के चलते पहचाना जाता है। इनमें नेक्सट जेनरेशन की तकनीक अपनाने की चाहत और वाहन को अपनी पर्सनैलिटी के अनुकल ढालने का जज्बा दिखाई देता है। ये उपभोक्ता स्वच्छ पर्यावरण को बनाए रखने के प्रति भी काफी सजग हैं। Ne&on.ev काफी शानदार तरीके से उनकी नई-नई पसंद और प्राथमिकताओं को पूरा करती है। इसके साथ ही यह उनको तकनीकी रूप से आधुनिक आने-जाने का साधन मुहैया कराता है, जो उनकी समकालीन जिंदगी में पूरी तरह घुल-मिल जाता है। यह नया आधुनिक वाहन ना सिर्फ अपनी क्षमता के दायरे से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

# निसान ने मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन पेश किया

**गुरुग्राम।** निसान ने लगातार 8वें साल आईसीसी के साथ अपनी पार्टनरशिप जारी रखी है और मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की आधिकारिक पार्टनर के तौर पर जुड़ने का जश्न मनाते हुए मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके चलते, ग्राहकों को आईसीसी वर्ल्ड कप के साथ अपने जुड़ाव का भव्य अंदाज़ में जश्न मनाने का प्रीमियम विकल्प उपलब्ध होगा। निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने आज मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन की प्री-बुकिंग सुविधा भी शुरू करने की घोषणा की है। KURO जापानी भाषा का शब्द है जिसका मतलब है ''ब्लैक''यानि काला और यह नाम इस स्पेशल एडिशन की खूबियों को बखूबी अपने आप में समेटे हुए है, जो दरअसल, जबर्दस्त स्टाइल और जापानी नफासत के मेल को पेश करने वाला एक अद्भुत प्रोडक्ट है। चत्रक्षथीम और स्पेशल एडिशन एसयूवी वास्तव में, प्रीमियम क्वालिटी और विश्वसनीयता को प्रस्तुत करती है। निसान मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन आगामी त्योहारी सीज़न का मिज़ाज तय करने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है और इसका आधिकारिक लॉन्च तथा कीमत की घोषणा अक्टूबर 2023 में की जाएगी। आज से इसकी प्री-बुकिंग 11,000 रु में शुरू हो और यह सभी मैगनाइट XV MT, मैगनाइट टर्बो XV MT




तथा मैगनाइट टर्बो XV CVT समेत सभी उन्नत ग्रेड्स के लिए उपलब्ध है। राकेश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, निसान मोटर इंडिया, ने कहा, इस बार त्योहारों के अवसर पर हम वैल्यू और इनोवेशन पसंद करने वाले अपने खास ग्राहकों के लिए निसान मैगनाइट चत्रक्ष स्पेशल एडिशन लॉन्च कर रहे हैं जो अपनी ऑल-ब्लैक नफासत के साथ-साथ प्रीमियम फीचर्स, स्टाइल और वैल्यू तथा सेफ्टी जैसी खूबियों के चलते ड्राइविंग का सही मायने में सुखद अनुभव दिलाएगी।

मैगनाइट KUROपेशल एडिशन में ऑल-ब्लैक एक्सटीरियर और इंटीरियर है जो इसे प्रीमियम, शानदार और स्टाइलिश बनाती है, साथ ही, इसमें सौम्यता और नफासत भी जबर्दस्त मेल है। शानदार और बोल्ड डिजाइन का प्रदर्शन करने वाली इस नई एसयूवी के एक्सटीरियर फीचर्स भी कलात्मक हैं जिनमें ऑल ब्लैक ग्राइल, स्किड प्लेट, रूफ रेल्स, ब्लैक एलॉयज़, ब्लैक फिनिशर के साथहैडलैंप और एक खास बैज है जो चत्रक्षके खास और अलग दिखायी देने वाले डिजाइन में योगदान करते हैं। इसके अलावा, मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन का इंटीरियर भी बेहद खास है जिसमें प्रीमियम ग्लॉस ब्लैक इंस्ट्रूमेंट पैनल, ब्लैकर इंटीरियर एक्सैंट्स, ब्लैक डोर ट्रिक इन्सर्ट्स शामिल हैं जो इसके डिजाइन पहलू को देते हैं स्टाइल का एक अलग अंदाज़ जो ग्राहकों को वाकई पसंद आएगा। इस स्पेशल एडिशन में है कुछ फीचर अपग्रेड्स जैसे 360-डिग्री अराउंड व्यू मॉनीटर रियर एसी के साथ एक सेंटर कंसोल आर्मरैस्ट, अधिक चौड़ा आईआरवीएम, थीम आधारित फ्लोर मैट, तथा अतिरिक्त सुविधा और स्टाइल के लिए वायरलैस चार्जर। ग्लोबल एनसीएपी रेटिंग द्वारा निसान मैगनाइट को अपने वर्ग में बेहतर सुरक्षा की पेशकश के चलते हाल में एडल्ट ऑक्यूपेंट सेफ्टी के लिए 4-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्रदान की गई है।

## एसओटीआई नेक्स्ट जेन कैम्पस रिक्रूटमेंट ड्राइव ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अव्वल प्रतिभाओं को किया आकर्षित

**नई दिल्ली।** एंटरप्राइज मोबिलिटी मैनेजमेंट (ईएमएम) समाधान के अग्रणी प्रदाता, एसओटीआई ने 1 सितंबर, 2023 को प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकीय जाँच परीक्षा आयोजित करके लखनऊ के प्रतिष्ठित कॉलेजों में सफलतापूर्वक अपना पहला भर्ती अभियान चलाया।

इस भर्ती प्रक्रिया में कोडिंग टेस्ट, टेक्निकल और एचआर साक्षात्कार शामिल रहे, जिनका एसओटीआई की आंतरिक टीम द्वारा ध्यानपूर्वक मूल्यांकन किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय एमिटी विश्वविद्यालय और बीबीडी विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्रों ने एसओटीआई नेक्स्ट जेन रोड शो में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में युवा प्रतिभाओं को एक कंपनी के रूप में एसओटीआई, इसकी वैश्विक पहुंच और पिछले दो दशकों में लगातार 110 प्लस तिमाहियों से लाभप्रदता की उल्लेखनीय वृद्धि के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। नेक्स्ट जेन रोड शो में, छात्रों को एसओटीआई वन प्लेटफॉर्म का व्यापक परिचय दिया गया, इसके बाद एक लाइव प्रदर्शन किया गया जिसमें बताया गया कि एसोटीआई के उत्पाद व्यवसाय से जुड़ी प्रमुख गतिशीलता चुनौतियों को प्रभावी ढंग से कैसे हल कर सकते हैं। एसओटीआई में इंडिया डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट, मनीष गर्ग ने कहा, एसओटीआई में, हम नए दौर की प्रतिभा को सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं।

हमारा नेक्स्ट जेन कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव केवल नए स्नातकों की नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी तरक्की और विकास में निवेश करने के बारे में भी है।

हम अपने नए कर्मचारियों को प्रतिस्पर्धी वेतन से लेकर हमारे समृद्ध न्यू हायर ओरिएंटेशन प्रोग्राम और सीखने के अवसरों की दुनिया तक व्यापक सहायता प्रणाली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम एक टीम का निर्माण नहीं कर रहे हैं, हम एक साथ भविष्य को आकार दे रहे हैं।

## इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस ने गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान लांच किया है

**लखनऊ।** इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडियाफर्स्ट लाइफ) ने एक अनूठी पेशकश - इंडियाफर्स्ट लाइफ गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान पेश की है। यह अनूठी योजना व्यक्तियों को वित्तीय सुरक्षा और बचत का एक सहज कांबिनेशन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए विरासत और धन योजना में मदद करते हुए उनकी दीर्घकालिक सुरक्षा जरूरतों को पूरा करता है। इंडियाफर्स्ट लाइफ गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान (जीएसपीपी) एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, सिंगल प्रीमियम बचत योजना है, जो लंबी पॉलिसी अवधि में ग्राहक को गारंटीशुदा रिटर्न प्रदान करती है। पॉलिसी शुरू होने से पहले एकमुश्त प्रीमियम भुगतान के साथ, ग्राहक एक ही



पॉलिसी से वित्तीय सुरक्षा और बचत के दोहरे लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहकों के पास कई विकल्पों में से अपना वांछित जीवन कवर विकल्प चुनने की सुविधा है, जिसमें एकल प्रीमियम के बदले 1.25 गुना या 10 गुना जीवन कवर शामिल है। यह अनूठा अनुकूलन व्यक्तियों को अपने कवरेज को उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करने में सशक्त बनाता है। पॉलिसी अवधि वर्षों में 5, 10, 15, 20, 25 व 30 है। गारंटीशुदा परिपक्वता गुणक जीएमएम 1.25 , 1.75, 2.5, 3.5 , 5.7 लांच के बारे में बताते हुए- इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस के डिप्टी सीईओ रुषभ गांधी ने कहा ÷हमारा विचार है कि निकट भविष्य में ब्याज दरें स्थिर रहेंगी और मध्यम से लंबी अवधि में नरमी शुरू हो जाएंगी। ऐसे परिदृश्य में यह फायदेमंद है। ग्राहक प्रचलित उच्च ब्याज दरों का लाभ उठा सकते हैं और लंबी अवधि के लिए गारंटीकृत रिटर्न लॉक कर सकते हैं। इंडियाफर्स्ट लाइफ गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान 30 साल की पॉलिसी अवधि के लिए 7 गुना रिटर्न की गारंटी देता है, जो इसे सेवानिवृत्ति योजना और विरासत दोनों के लिए एक आदर्श उत्पाद बनाता है।

## उत्तर प्रदेश में रीजेंसी हॉस्पिटल ने लैप्रोस्कोपिक व्हिपल प्रक्रिया से पैनक्रियाटिक कैंसर केयर में नया कीर्तिमान स्थापित किया

**कानपुर।** पेट की सभी बीमारियों एव कैंसर की सर्जरी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में एक विशेष स्थान रखने वाले रीजेंसी गैस्ट्रो एवं कैंसर अस्पताल कानपुर के डा. अभिमन्यु कपूर एवं उनकी टीम द्वारा अग्नाशय के कैंसर का दूरवीन से



ऑपरेशन किया गया। डा. अभिमन्यु कपूर द्वारा कैंसर के अनेकों ऑपरेशन किये गये हैं। सामान्यतया अग्नाशय के कैंसर का ऑपरेशन जिसको बोलते हैं इसका ऑपरेशन चीरे द्वारा किया जाता है परन्तु डा. अभिमन्यु कपूर एवं उनकी टीम के द्वारा इस कैंसर से ग्रसित 5-6 मरीजो का ऑपरेशन अत्यन्त आधुनिक एवं सरलतम दूरवीन विधि से सफलतापूर्वक किया गया है। यह रीजेंसी अस्पताल की उत्तर प्रदेश में कैंसर के ऑपरेशन में एक बड़ी. उपलब्धि है जिसका श्रेय डा. अभिमन्यु कपूर एवं उनकी समस्त टीम को जाता ळें अग्नाश्य के कैंसर का ऑपरेशन जिसको भी कहा जाता है, जो कि बेहद ही जटिल एवं तकनीकीपूर्ण होता है। इस ऑपरेशन में सर्जन द्वारा एक बड़ा चीरा लगया जाता रहा है। इस ऑपरेशन में अग्नाशय में स्थित गाँठ, छोटी आँत का कुछ हिस्सा, पित्त की थैली एवं पित्त की नली को हटाया जाता है। साथ ही में आँत को अग्नाश्य, लिवर एवं आँत के साथ कुल 3 जोड़ लगाकर ऑपरेशन को पूर्ण किया जाता है। ऑपरेशन की इस प्रक्रिया में 5 से 10 घण्टे का समय लगता है यह ऑपरेशन बेहद ही जटिल होता है। यह ऑपरेशन गैस्ट्रो सर्जन द्वारा चीरा लगाकर किया जाता रहा है। कानपुर के रीजेंसी गैस्ट्रो एवं कैंसर अस्पताल में डा. अभिमन्यु कपूर, डा. स्नेहा झा एवं समस्त सर्जिकल गैस्ट्रो विभाग की टीम के द्वारा अग्नाशय के इस कैंसर की अत्यन्त आधुनिक एवं सरलतम दूरबीन विधि द्वारा इस जटिलतम ऑपरेशन को अनेकों मरीजों में किया गया है, एवं अस्पताल में देख रेख के बाद सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया है। दुरबीन विधि द्वारा यह ऑपरेशन विश्व के कुछ ही अस्पतालों में किया जाता है। इस कैंसर का ऑपरेशन डा. अभिमन्यु कपूर, डा. स्नेहा झा एवं सर्जिकल गैस्ट्रो विभाग की टीम द्वारा उत्तर प्रदेश में पहली बार किया गया है। उत्तर प्रदेश में रीजेंसी अस्पताल की यह एक बडी उप्लब्धि है एवं डा. अभिमन्यु कपूर, डा. स्नेहा झा ने रीजेंसी को विश्व में बुलंदियो पर पहुँचाया है रीजेंसी हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट सर्जिकल कंसलटेंट डॉ अभिमन्यु कपूर ने कहा, लैप्रोस्कोपिक व्हिपल प्रक्रिया को टोटल लैप्रोस्कॉपिक पैनक्रियाटिकोड्यूडिनेक्टोमी के नाम से भी जाना जाता है।

# द बिग बिलियन डेज से पहले फ्लिपकार्ट के सेलर्स की संख्या 14 लाख के पार पहुंची

**लखनऊ।** अपने सालाना फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण से पहले फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर 14 लाख से अधिक सेलर्स को जोड़ने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल की तुलना में प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं की संख्या में 27 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ यह उपलब्धि देश में विक्रेताओं एवं एमएसएमई के मजबूत हो रहे इकोसिस्टम को दर्शाता है। यह उस भरोसे का प्रमाण है जो अपने व्यवसाय को डिजिटल एवं आधुनिक बनाने बाजार में पहुंच का विस्तार करने और आय में सुधार के लिए ई-कॉमर्स की ताकत का लाभ उठाने के लिए विश्वसनीय भागीदार के रूप में शॉप्सी एवं फ्लिपकार्ट पर भारतीय एमएसएमई, छोटे कारोबारियों एवं उद्यमियों ने जताया है। विक्रेताओं की संख्या को लेकर इस उपलब्धि पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा फ्लिपकार्ट में हम भारतीय कारोबारियों विशेष रूप से एमएसएमई के लिए ई-कॉमर्स के माध्यम से अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमने कारीगरों, शिल्पकारों, महिलाओं और दिव्यांगों समेत सेलर्स के विस्तृत वर्ग के लिए ई-कॉमर्स को अधिक समावेशी बनाने में मदद के लिए अपने फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम के माध्यम से कई कदम उठाए हैं। हम लाखों नई नौकरियाँ पैदा करते हुए डिजिटल अर्थव्यवस्था द्वारा मिलने वाले अवसरों में देशभर के विक्रेताओं की भागीदारी से प्रोत्साहित हैं। हमें इस सफर में योगदान देने पर बेहद गर्व है। इस उपलब्धि पर फ्लिपकार्ट के वाइस-प्रेसिडेंट एवं हेड मार्केटप्लेस राकेश कृष्णन ने कहा फ्लिपकार्ट भारतीय एमएसएमई के लिए एक अत्याधुनिक ई-कॉमर्स इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। त्योहारी सीजन की ओर बढ़ते हुए हम इनोवेटिव टूल्स और इनीशिएटिव के माध्यम से सेलर्स को सफलता दिलाने के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध हैं 14 लाख विक्रेताओं को जोड़ना हमारी सेलर कम्युनिटी में समावेश एवं सहूलियत को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट के समर्पण को रेखांकित करता है। सेलर्स का सहयोग करने और सशक्त बनाने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता के तहत ही हमने हाल ही मे ऑल इंडिया सेलर्स कॉन्क्लेव की एक सीरीज का समापन किया है, जिसमें 4,500 से अधिक सेलर्स की भागीदारी देखी गई। गुड प्राइस स्टोर नामक लाइटिंग और ऑडियो व्यवसाय के मालिक एवं फ्लिपकार्ट विक्रेता सलमान शेख ने कहा अपने सफर के बारे में सोचते हुए यह देखना संतुष्टिदायक है कि फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर मेरा व्यवसाय कैसे विकसित हुआ है।

## जिंदगी में मिली हर ना ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है! हिप हॉप इंडिया के विजेता राहुल भगत से एक्सक्लूसिव बातचीत

**नई दिल्ली।** अमेज़ॅन मिनी टीवी अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा पर हाल ही में डांस रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया का ग्रैंड फिनाले हुआ। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नर्तकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अंतिम विजेता की घोषणा होने तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था कि इस प्रतियोगिता में कौन विजयी होगा। आखिरकार, रांची के राहुल भगत ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत हासिल की और उन्हें निसान कंपनी की मैग्नेट गीज़ा कार से पुरस्कृत किया गया। एक छोटे शहर से इस असाधारण प्रतियोगिता के विजेता बनने तक की उनकी यात्रा के बारे में जानने के लिए हमने राहुल से बात की। विजेता का स्थान प्राप्त करने का एकमात्र तरीका लगातार प्रयास करना है। मैंने जीवन में मिले हर ना को एक मूल्यवान सबक के रूप में देखा है और इसका उपयोग खुद को बेहतर बनाने के लिए किया है। यही सटीक कारण है कि मैं आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। शुरू से ही मेरी ख्वाहिश एक डांसर बनने की थी। मैंने डांसर बनने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है और यही वजह है कि आज मैं इस मुकाम तक पहुंचने में सफल हुआ हूं। जब से मैंने डांसर बनने का निर्णय लिया है, एक रियलिटी



शो में हिस्सा लेना मेरे लिए सपना जैसा रहा। मेरे ऑडिशन कोलकाता और मुंबई दोनों जगह हुए। हालाँकि, देश के सभी कोनों से असाधारण प्रतिभाशाली डान्सर्स की उपस्थिति के कारण मुख्य प्रतियोगिता तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। मेरा पहला मुकाबला प्रतिभाशाली 'सार्थक' से हुआ, जिन्हें 'बस्क मैन' के नाम से भी जाना जाता है, अगला मुकाबला 'अंशिका' से हुआ और दोनों मुकाबलें बेहद कठिन थे।

# महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थलीय को विश्व पटल पर ख्याति देना ही मुख्य उद्देश्यः डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र कुशीनगर के विकास हेतु टेंपल मैनेजमेंट कमेटी की आवश्यक बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता और अपर जिलाधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में कुशीनगर टेंपल एरिया में अब तक हुए विकास कार्यों और भावी समय में कराए जाने वाले विकाश कार्यों को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण उपजिलाधिकारी कसया द्वारा किया गया, तथा पर्यटन क्षेत्र के रूप में विश्व स्तर पर विकसित करने, पर्यटकों को लुभाने व अन्य विकास कार्यों के लिए कमेटी के सदस्यों द्वारा सुझाव व आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव भी मांगे गए। बैठक दौरान विकास खण्ड फाजिलनगर के तरफ से कराए जाने वाले निर्माण कार्यों बुद्ध गमन मार्ग,

**कुशीनगर टेंपल एरिया मैनेजमेंट की बैठक सम्पन्न**

दुराव, फरेंदहा अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्य जाने की जानकारी दी गई। (उस्मानपुर) प्राचीन नाम घोड़नाथ, कुकुत्था नदी (पुरैना घाट) आदि को पर्यटन क्षेत्र, नौका विहार, ग्रीन पार्क एरिया आदि के रूप में विकास का कार्य भी कराया जाएगा। पर्यटकों की बेहतर सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए कुशीनगर पर्यटन थाना क्षेत्र की शुरुआत की गई है। भरौली पोखरा जिसका क्षेत्रफल 1.600 हे. है जिसे विकसित करने हेतु प्रस्ताव कमेटी में प्रस्तुतिकरण किया गया। उक्त एरिया को विकसित किए जाने के सम्बन्ध में उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि शिव मंदिर का विकास किया जाएगा वहां बोट/नाव चलाया जाएगा। चारों तरफ ग्रीन एरिया विकसित किया जाएगा। बुद्ध की प्रतिमा भी लगवाई जाएगी। करुणा सागर पार्क को पर्यटन के रूप में विकास कर पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके अलावे गांधी चौक को लखनऊ के हजरतगंज मार्केट चौराहे के रूप में विकसित किए जाने की भी बात कही गई। प्रस्तावित बुद्धा उपवन व एयरपोर्ट

**तुरिज्म को आर्थिक विकास क्षेत्र व पर्यटन को विकसित करना लक्ष्य**

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि कुशीनगर को विश्व स्तर पर ख्याति देना मेरा उद्देश्य है, जहां बुद्ध की इस धरती को विकसित करना ही लक्ष्य है, इस एरिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास करना है, महात्मा बुद्ध की धरती है जिन्होंने ऐसे सिद्धांत दिए जिसे पूरे विश्व ने स्वीकार किया। उनके उद्देश्यों, उनके लक्ष्यों को आगे बढ़ाना है, तथा यहां के टूरिज्म को, आर्थिक विकास के क्षेत्र को, पर्यटन को विकास करना ही लक्ष्य है। इस अवसर पर सरकारी कागजात में बकया नाला का नाम बदलकर हिरण्यवती नदी नाम रखे जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी ने अब तक हुए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नियमित बैठक होती रहेगी।

कुशीनगर के विकास का भी प्रस्ताव रखा गया। कसया पडरौना मार्ग पर फूड पार्क बनाए जाने, फूड स्टाल लगवाए जाने व टैक्सी स्टैंड बनवाए जाने सहित स्ट्रीट फूड हब कुशीनगर, रामाभार स्तूप के सामने सरकारी भूमि पर पब्लिक लाइब्रेरी, कैफेटेरिया, रैन बसेरा बनवाकर विकसित किए जाने हेतु प्रस्तावित किया गया। कुशीनगर टेंपल एरिया में वर्तमान में हो रहे कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि बुद्धा थीम पार्क, विपश्यना उपवन जो वर्तमान में निर्माणाधीन है तथा फाजिलनगर में जैन मंदिर की प्रगति शून्य बताई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी कसया, भिक्षु भदन्त ज्ञानेश्वर भंते, डॉ नन्द रतन फेरो श्रीलंका बुद्ध विहार, प्रबंधक पथिक निवास, भिक्षु सोंग करन थाई बुद्ध विहार, पर्यटक सूचना अधिकारी प्राण रंजन सहित अन्य सभी सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## ईएमटी और पाइलट ने घायल व्यक्ति की बचाई जान

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिले में 108 एंबुलेंस ने एक बार फिर से समय से मरीज को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई है। सलेमपुर देवरिया मार्ग पर मूसैला चौराहे के मार्ग दुर्घटना में घायल मझगंवा ब्लाक के उसरा बाजार निवासी बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। वहां ईएमटी अखिलेश और पायलट उमेश कुमार बबलू को प्राथमिक उपचार देते हुए महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे जहाँ शीघ्र इलाज शुरू होने के कारण बबलू की जान बचाई जा सकी। 108 एंबुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर श्यामसुंदर ने बताया कि घायल बबलू को ईएमटी अखिलेश और पायलट बृजेश उमेश ने समय से मेडिकल पहुंचाकर उसकी जान बचा ली। 102, 108 एंबुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर श्यामसुंदर यादव ने बताया कि इस उत्कृष्ट कार्य के लिए संबंधित स्टाफ को पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि हमारे जनपद में 108 के 35 व 102 की 38 एंबुलेंस चल रही हैं जो हर समय सभी लाभार्थियों को सुविधा देने के लिए 24 घंटे तैयार रहती हैं।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का अयोजन गुरुद्वारा परिसर में किया गया। रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताया कि युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतियां दूर हो चुकी हैं और वह अब रक्तदान के प्रति जागरूक हो गए हैं। अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने कहा कि रक्तदान से तीन जिन्दगी बचाई जा सकती है तथा स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है तथा कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य जगनैन सिंह नीटू के सुपुत्र तेग सिंह ने अपने 18 वर्ष होने के उपलक्ष में रक्तदान करके जन्मदिन मनाया। आज के रक्तदान शिविर में श्रीमती सुरेंद्र कौर, अरविंद गुप्ता, सरदार प्रभु जीत, हर्षपुरी, अमरप्रीत, समीर सहित लगभग 15 लोगों ने रक्तदान किया। आज के रक्तदान शिविर में जसपाल सिंह, जगनैन सिंह नीटू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त नगर के गणमान्य लोग रक्तदाताओं के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित थे। ब्लड बैंक के मोबाइल टीम के साथ टेक्निशियन गिरीश पाठक, संदीप यादव, निधि नायक, उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदान शिविर को संपन्न कराया।

## अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर फूंका पुतला



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** हापुड़ में पिछले दिनों अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज मामले को लेकर जनपद मुख्यालय सहित विभिन्न तहसीलों में अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी है। गुरुवार को अपनी मांगों के समर्थन में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट सहित तहसीलों में भी प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और सरकार का पुतला दहन किया।अधिवक्ताओं ने अपनी मांग दोहराई जिसमें कहा कि हापुड़ जनपद के डीएम और एसपी का तबादला तत्काल किया जाए। दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की जाए अधिवक्ताओं पर दर्ज़ मुकदमे वापस लिए जाएं। लाठी चार्ज में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाए। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। उक्त मांगों के समर्थन में अधिवक्ता आज भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ताओं के इस हड़ताल का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। लोग प्रतिदिन कचहरी और तहसील का चक्कर लगा रहे हैं वादकरियों का हित प्रभावित हो रहा है।

## भाकियू ने लगाई पंचायत, दिया ज्ञापन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर



भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने गुरुवार को स्थानीय तहसील में पंचायत लगाई। जिसमें किसान नेताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर भड़ास निकाली। उसके बाद स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया है जल निगम के ठेकेदारों द्वारा फेल हुई बोरिंग के बोर और बोरिंग करने हेतु खोदे गए गड्ढे को सुरक्षित तरीके से पाटा जाए। बिछ रही पाइप लाइन की खुदाई से बर्बाद हो रही सड़के जिस पर जिला प्रशासन को अमल करना चाहिए। ग्राम पंचायत लोहर्ता के अहिरावल में जमीन पर अवैध कब्जा, ग्राम पंचायत कुशीताली में पेड़ चोरी की शिकायत का लंबित है मामला, सहित विभिन्न समस्याओं को उजागर करते हुए ज्ञापन में उनके निराकरण की मांग की गई। संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार पांडे की अगुवाई में आयोजित किसान पंचायत में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# गंडक नदी में बुजुर्ग की डूबने की आशंका, तलाश में जुटी पुलिस

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम दवनहा के समीप उस समय ग्रामीणों की भींड जमा हो गई जब संदिग्ध परिस्थितयों में लापता एक व्यक्ति के गंडक नहर में डूबने की आशंका व्यक्त की जाने लगी। गांव के समीप बने नहर के पुल की रेलिंग पर लापता व्यक्ति का साइकिल, चश्मा व मोबाइल मिलने पर परिजन किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए परेशान हो उठे।

वही घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की पड़ताल करते हुए लापता व्यक्ति के तलाश व अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम दवनहा के समीप बड़ी गंडक नहर के पुल की रेलिंग पर एक व्यक्ति का साइकिल, चश्मा एवं मोबाइल मिलने पर ग्रामीणों द्वारा नहर के पानी में किसी के डूबने की आशंका व्यक्त की गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भींड जमा हो गई। इस दौरान मामले की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल होने पर तमकुहीराज थाना क्षेत्र के ग्राम गोसाई पट्टी निवासी सरल पाल पुत्र राधारी पाल उम्र लगभग 55 साल की संदिग्ध परिस्थियों में लापता होने पर परिजन तलाश करते हुए मौके पर पहुंच साइकिल, चश्मा व मोबाइल की पहचान कर किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए तत्काल इसकी सूचना लापता व्यक्ति के पुत्र अनंत पाल द्वारा 112 पीआरवी को दी गई। वही घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच मामले की पड़ताल करते हुए संदिग्ध परिस्थियों में लापता व्यक्ति की तलाश व अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक लापता व्यक्ति का कही पता नही चल सका था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सेवरही हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। लापता व्यक्ति के तलाश के साथ अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# जनपद का रहूंगा आजीवन ऋणीः रवींद्र

**देवरिया के लोग हमेशा रहेंगे स्मृतियों में जीवंतः रवींद्र कुमार**

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार का विदाई समारोह आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनपद देवरिया में उनका कार्यकाल दो वर्ष एक माह का रहा। इस दौरान विकासपरक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे जनपद में विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। इस कार्य में देवनगरी देवरिया की देवतुल्य जनता तथा यहां के जनप्रतिनिधियों का अनन्त सहयोग मिला। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में उनका कार्यकाल बहुत अच्छे अनुभव के साथ बीता। यहां सीखने को बहुत कुछ मिला, जो भविष्य में काम आएगा। जनपद का हमेशा ऋणी रहूंगा। यह जनपद और यहां के लोग हमेशा अच्छी यादों के साथ स्मृति में जीवंत रहेंगे। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की कार्यशैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिस अनुशासन एवं कर्मठता के साथ वे काम करते हैं, उसे प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को आत्मसात करना चाहिए। सुबह समय से कार्यालय आना और देर रात तक जनसमस्यायों के समाधान के लिए उपलब्ध रहना शासन की नीतियों के क्रियान्वयन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। जिलाधिकारी ने रुच्चापार स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय को स्मार्ट विद्यालय बनाने के लिए उनकी सराहना भी की। विदाई समारोह के दौरान विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारियों ने निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित करते हुए उनके साथ अपने अनुभवों को साझा किया। आदर्श प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार के प्रधानाचार्य नित्यानन्द चौबे एवं अन्य अध्यापकों ने सीडीओ को प्रतीकचिन्ह दिया। विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन डीपीओ कृष्णकांत राय ने किया। विदाई समारोह के दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, डीएफओ जगदीश आर, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजेश सोनकर, एसडीएम रुद्रपुर विपिन द्विवेदी, एसडीएम सलेमपुर सीमा पांडेय, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीपीआरओ सर्वेश पांडेय, पीडी अनिल कुमार, जिला समाज

# एक परिवार जो बिना बिजली के सीख रहा जीना

अवधनामा संवाददाता

**परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण नहीं लिया बिजली कनेक्शन**

**गोरखपुर।** आज बिजली हर घर हर इंसान की एक आवश्यकता बन गई है। थोड़ी देर की बिजली कटौती में ही पसीने छूट जा रहे हैं और जब कभी कई घण्टा बिजली गायब हो जाती है तो लगता है अब दम ही निकल जायेगा। ऐसे में गोरखपुर के कोतवाली थाना इलाके के इस्माइलपुर में अलाउद्दीन का परिवार रहता है जिसके घर में बिजली नही है। दो सगे भाइयों वाले इस घर में बूढ़ी बीमार माँ और 5 या 6 बच्चे और उनकी पत्नियां हैं।

दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन रात का समय ये परिवार ज़्यादातर जग कर गुज़ारता है क्योंकि ये नही जगेंगे तो बच्चे कैसे सोएंगे। बच्चे तभी सोएंगे जब घर के बड़े उन्हें हाथ से पंखा झलेंगे। अलाउद्दीन लाइट के लिए रिचार्जेबल बल्ब और पावर बैंक से चलने वाला एक छोटा पंखा का प्रयोग करता है क्योंकि अंधेरा रहने पर चूहे किसी को भी काट लेते हैं। अलाउद्दीन जहां काम करता है वहां वह दिन में पावर बैंक और पंखा चार्ज करता है और रात को घर पर उसी का इस्तेमाल करता है। बात करने पर उसने बताया कि शुरू से चिराग बत्ती के सहारे रहते थे लेकिन अब बच्चे इस भीषण गर्मी में नही रह पाए रहे हैं। पहले घर की माली हालत भी तर्क नही थी इसलिए बिजली कनेक्शन नही लिया था। बहरहाल इस गरीब परिवार के पास बिजली जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव है और उसी अभाव में इस परिवार ने जीना सीख लिया है। वही इस सम्बंध में बक्शीपुर विधुत उपकेंद्र के जेई मुकेश कुमार का कहना है कि कनेक्शन क्यों नही मिला इसकी जानकारी उन्हें नही है, यदि आवेदन किया जाता है तो तत्काल कनेक्शन दिया जाएगा।

# हिंदी दुनिया में बोली जाने बोली जाने वाली तीसरी बड़ी भाषा हैः डॉ पवन




**भाटपार रानी देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि हिंदी भारत में सबसे अधिक लोगों के द्वारा बोली और समझी जाने वाली भाषा है। बीतते समय के साथ इसकी लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है। 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने जनभाषा हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। उक्त बातें डॉ राय गुरुवार को मालवीय संस्थान के स्मार्ट क्लास में आयोजित भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता÷ नमक गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में हिंदी भाषा तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। प्रोफेसर कमलेश नारायण मिश्र ने भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता पर अपना पक्ष रखा। डॉ दिनेश शर्मा ने भारत की भाषाई विविधता पर प्रकाश डालते हुए चरणबद्ध तरीके से सहमत एवं प्रेम भाव से हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने की बात कही। डॉ जय सिंह यादव ने अपने वक्तव्य में हिंदी को सरल व्यावहारिक और समयानुकूल बनाने पर जोर दी। अध्यक्षीय संबोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश चंद्र गौड़ ने हिंदी भाषा के साथ आने वाली चुनौतियां एवं उसकी निदान पर अपना विचार विस्तार पूर्वक रखा।संचालन विभागाध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने की। इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार, डॉ श्रीनिवास मिश्र, डॉ पूनम यादव, डॉ कनक लता, डॉ कमलेश कुमार, डॉ अधोक्षजानंद ओझा, प्रवीण शाही, शिव प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा मण्डल सलेमपुर द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन कस्बा सलेमपुर में किया गया। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने घर-घर से मिट्टी एवम अक्षत एकत्रित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मिट्टी को नमन एवम वीरों को वंदन का नारा लगाते हुए घर- घर से अक्षत और मिट्टी एकत्रित की गई। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा कर्तव्य पथ अमृत वाटिका बनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें प्रत्येक कस्बे, गांवो के घर घर से मिट्टी लेकर वाटिका में लगाया जायेगा। इन योद्धाओं के कारण ही हमारा देश अंग्रेजों के चंगुल से आजाद हुआ था और सैनिकों के पराक्रम, शौर्य एवं बलिदान के कारण आज हम सुरक्षित हैं। इन स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य है। सांसद ने सलेमपुर के निजामाबाद एवम नादघाट में भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष कन्हैयालाल जायसवाल ने एवम संचालन अशोक तिवारी ने किया। कार्यक्रम में अमरेश सिंह बबलू, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, अजय दूबे वत्स, अनिल ठाकुर, राघवेंद्र पासवान, पिंटू तिवारी, अमरदत्त यादव, माया जायसवाल, अभिषेक मिश्र सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## हर भारतीयों के दिल में विराजमान है हिन्दीः डॉ शैलेन्द्र



**तरकुलवा, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शुकदेव प्रसाद त्रिपाठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय भठहीं खुर्द कुशीनगर में हिन्दी दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो हर भारतीयों के दिल में बिराजमान है।यह भाषा आज विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। भारत में 14 सितम्बर 1949को संविधान सभा द्वारा सर्वसम्मति से इसे राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। इस अवसर पर बी एड की छात्रा कुमारी संध्या मिश्रा और कुमारी प्रिती तथा बी ए की छात्राओं कुमारी मधु तिवारी,नीमा कुशवाहा, तकसीम जहां, सबीना खातुन, ने भी हिन्दी दिवस पर अपना भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ दिलीप तिवारी, आनन्द मिश्रा, प्रदीप दूबे, साधना राव, कमलेश चौरसिया, सच्चिदानंद राय,शशिकर शुक्ला, अश्विनी शुक्ला, अंकित शुक्ला, सर्वेश दूबे, प्रिन्स दूबे,अंजन मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा, अनूप शुक्ला, रामेश्वर प्रसाद, अमित त्रिपाठी सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन कमलेश चौरसिया के द्वारा किया गया।

# हिंदी दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद में हिंदी दिवस पर गुरुवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं-कहीं शैक्षणिक संस्थाओं में निबंध प्रतियोगिता तो कहीं अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सामाजिक संगठनों की ओर से विचार गोष्ठियों का भी आयोजन किया गया। जहां हिंदी को लेकर विषयगत चर्चा हुई।विकास भवन सभागार गौरीगंज में गोष्ठी एवं शपथ का आयोजन किया गया।नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने महानिदेश नेहरू युवा केन्द्र नितेश मिश्र की अपील को पढ़कर सुनाया जिसका सारगर्भित मतलब था की सभी अपने कार्यालयी कामकाज और वार्तालाप हिंदी में ही करें।उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है।भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती थी इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है।बताया कि 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत पोस्टर बनाना हिंदी अंताक्षरी प्रतोयोगिता निबंध प्रतोयोगिता नारा लेखन संगोष्ठी टिप्पड लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा। समापन पर सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।गोष्ठी के उपरांत परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने सभी को शपथ दिलाई।इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी बीडीओ संग्रामपुर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रितेश वर्मा वीडीओ मुसाफिर खाना शुकुल बाजार अंजलि सरोज जिला युवा परिसद अध्यक्ष नेयुके राघवेंद्र सिंह राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विवेकमिश्र अमेठी विकाश शुक्ल यगेश श्रीवास्तव शिवानी आकाश दीपशिखा रमेश सीमा शिवानी सुमित्रा देवी रोली सिंह अभय आदि मौजूद रहे।नगर स्थित आरआरपीजी कॉलेज में हिन्दी दिवस समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ सीमा सिंह की पुस्तक का विमोचन भी हुआ। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ दिलीप कुमार सिंह ने राजभाषा के संवैधानिक स्थिति पर चर्चा किया और कहा कि हिन्दी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने की जरूरत है।

## सम्मानित होंगे अधिकारी और कर्मचारी

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक हुई। इसमें डीएम ने संस्थागत प्रसव, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, आशाओं के द्वारा होम विजिट, मंत्रा और ई-कवच एप पर डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार आदि की समीक्षा की। डीएम उमेश मिश्र ने ब्लॅड स्टोरेज यूनिट मंत्रा रिपोर्ट, मां नवजात ट्रैकिंग एप की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी बेहतर कार्य करेंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा, लेकिन खराब प्रदर्शन वाले कर्मचारियों को कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर सभी उपकरण उपलब्ध होने चाहिए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करें। संस्थागत प्रसव के मामले में प्रगति सुधार करें। शासन की स्वास्थ्य योजनाएं प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति तैयार कर क्रियांवित करें।

# योगी सरकार की दस्तक से काबू में वेक्टर जनित रोग

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर मंडल में जेई से होने वाली मौतों की संख्या में 98 फीसद कमी**

**इस साल संचारी रोगों से गोरखपुर जिले में एक भी मौत नहीं, पिछले साल सिर्फ एक**

**गोरखपुर।** दशकों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसून का सीजन वेक्टर जनित रोगों से भयावहता का सीजन रहा है। खासकर जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) जैसे रोग तो यहां मौत का तांडव मचाते थे। वर्ष 2017 तक के हालात तो ऐसे ही थे पर, योगी सरकार के संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान ने वेक्टर जनित रोगों पर शिकंजा कस दिया है।

इस अभियान की सफलता को इसी से समझा जा सकता है कि गोरखपुर में वेक्टर जनित रोगों से एक भी मौत नहीं हुई है जबकि पिछले साल भी यह संख्या मात्र एक थी। बात सिर्फ जेई और एईएस पर काबू की ही नहीं है, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और कालाजार जैसे रोगों से भी बीते कई साल से गोरखपुर में एक भी मृत्यु नहीं हुई है। चार दशक तक पूर्वी उत्तर के मासूमों पर कहर बरपाने वाली महामारी इंसेफेलाइटिस (शुरुआत में जापानी इंसेफेलाइटिस, उसके बाद एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम भी) से 2017 के पूर्व होने वाली मौतों की संख्या प्रतिवर्ष सैकडों और किसी किसी वर्ष हजारों में होती थी।

स्थिति इतनी भयावह थी कि पूर्व की सरकारों ने इस बीमारी के आगे घुटने टेक दिए थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1978 में पहली बार दस्तक देने वाली इस विषाणु जनित बीमारी की चपेट में 2017 तक हजारों बच्चे असमय काल के गाल में समा गए और जो बचे भी उनमें से अधिकांश जीवन भर के लिए शारीरिक व मानसिक विकलांगता के शिकार हो गए। पर,अब यह इतिहास की बात होगी। पिछले पांच सालों में ये आंकड़े दहाई से होते हुए इकाई में सिमटते हुए शून्य की तरफ हैं। आंकड़ों की तुलना से यह बात स्थापित भी होती है। मसलन, 2017 में गोरखपुर मंडल में जेई के कुल 389 मरीज मिले थे जिनमें से 51 की मौत हो गई थी। जबकि 2022 में मरीजों की संख्या 50 और मृतकों की संख्या मात्र एक रही। वर्ष 2023 में एक भी मरीज की मौत नहीं हुई। आंकड़े बताते हैं कि एईस रोगियों में वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2022 में 84 फ़ीसदी की कमी, मृतकों की संख्या में 97 फ़ीसदी की कमी तथा मृत्यु दर में 80 फीसदी की कमी आई है। इसी तरह जेई रोगियों में वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2022 में 87 फ़ीसदी की कमी, मृतकों की संख्या में 98 फ़ीसदी की कमी तथा मृत्यु दर में 88 फ़ीसदी की कमी आई है।

**संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान में भागीदार**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम/शहरी विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, सूचना विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग।

**साझीदारः यूनिसेफ, पाथ, डब्लूएचओ - एनपीएसपी**

**उच्च जोखिम वाले गांवों की संख्या भी सिमटी**

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता को इससे भी समझा जा सकता है कि गोरखपुर मंडल में उच्च जोखिम वाले गांवों की संख्या में विगत पांच वर्षों में भारी कमी आई है। 2018 में जहां उच्च जोखिम वाले गांवों की संख्या 499 थी, वहीं 2023 में घटकर 93 रह गई है। वर्ष 2018 में गोरखपुर में 144, देवरिया में 220, कुशीनगर में 47 तथा महाराजगंज में 88 गांव उच्च जोखिम वाले थे। वर्ष 2023 में गोरखपुर में यह संख्या 20, देवरिया में 23, कुशीनगर में 26 और महाराजगंज में 24 रह गई है।

# तीन न्याय पंचायतों में सचालित हुआ 'सेवा से संतृप्तिकरण' अभियान

- मण्डल के सभी जिलों में लागू होगा सेवा से संतृप्तिकरण का माडल
- रसिक बिहारी डिग्री कालेज में विभागों द्वारा सजाये गये पण्डाल

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर ब्लाक विशेश्वरगंज अन्तर्गत 03 न्याय पंचायतों लखनगोंडा के समस्त ग्राम पंचायतों राजापुरगिरन्ट, बनघुसरा, गुजरा, चंदईपुर, लखनगोंडा, फत्तेपुरवा, प्रतापपुरतरहर, शिवपुरवैरागी, न्याय पंचायत गंगवल की ग्राम पंचायत झूरीकुईया, जमुनहाकला, शेखापुर, मांगूदेवर, मनिकपुर, जैसोरा, गंगवल व दिगितपुरवा तथा नयाय पंचायत नेवलापुर की ग्राम पंचायत रनियापुर गोबरही, नेठिया, नेवलापुर, उधरनासरहदी, कटोरवा, पूरेशिवसहाय, धनघटा, ककरा मोहम्मदपुर, सुल्तानामाफी व कन्छर में विभागीय अधिकारियों के भ्रमण एवं निरीक्षण के माध्यम से पात्र असंतृप्त अभ्यर्थियों को आच्छादित किया गया। आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका राम व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ ग्राम पंचायत कंछर स्थित रसिक बिहारी डिग्री कालेज परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा सजाये स्टालों का



अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों से दिन भर संचालित की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि अभियान में आने वाले ग्रामवासियों से मित्रवत व्यवहार करें तथा उनकी सभी समस्याओं का समाधान कराया जाय ताकि आयोजन की सार्थकता प्रमाणित हो सके। आयुक्त श्री मिश्र ने कहा कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के अभिनव पहल तहत बहराइच में ये अच्छा कार्य हो रहा है और इससे गांधी जी के ग्राम स्वाराज का सपना साकार हो रहा है। मा. प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विजन व सोच को सेवा से संतृप्तिकरण शिविर के माध्यम से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। मेरा प्रयास होगा कि यह व्यवस्था मण्डल के अन्य जनपदों में भी लागू किया जाय। सेवा से संतृप्तिकरण अभियान में 42 विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं सेवाओं से बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। यहां पर आयोजित शिविर में लगभग 06 हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है। इस आयोजन के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिले के सभी अधिकारी बधाई के पात्र है। यहां आकर मुझे बड़ी प्रसन्न्ता हुई है।विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा भी यही है सरकार जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कराये तथा अपरिहार्य कारणों से वंचित पात्र ज़रूरतमन्द लोगों को उनका हक दिलाया जाय। श्री त्रिपाठी ने यह आयोजन सरकार एवं मा. मुख्यमंत्री जी की अपेक्षाओं को पूरा करने में सफल हो रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि अभियान के दौरान ग्रामवासियों की भारी भीड़ इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाणहै कि लोगों के बीच अभियान की लोकप्रियता बढ़ रही है साथ ही लोगों को इस बात का विश्वास भी है यहां पर आने से उनकी समस्याओं का समाधान भी होगा। श्री त्रिपाठी ने अभियान के सफल आयोजन हेतु डीएम, सीडीओ सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि यह अभियान जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वार की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि आमजन का भरोसा कायम रखें तथा इस बात का प्रयास करें कि आने वाले ज़रूरतमन्द लोगों की अधिकतर समस्याओं का समाधान करा दिया जाय। मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अभियान के दौरान अब तक विभागवार लाभान्वित लोगों का विवरण प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये करें आवेदन

**गोण्डा।** द्विजिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के युवक व युवतियों को ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराया जाना है। इसके लिए इच्छुक प्रशिक्षार्थी ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित 20 सितंबर तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कक्ष सं0 2106 विकास भवन में जमा किया जा सकता है।

### 21 सितम्बर तक जमा होंगे दावे और आपत्तियां

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 के नियम 4 के अन्तर्गत जनपद में स्थित सम्पत्तियों की पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची आगामी एक अक्टूबर से जनपद गोण्डा में लागू किया जाना है। जिसके लिए अनन्तिम पुनरीक्षित दर सूची तैयार कर ली गयी है। जो जनपद के सभी उपनिबन्धक, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0). गोण्डा के कार्यालय में सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ रखी गई है । पुनरीक्षित दरों के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति / सुझाव हो तो वह आगामी 21 सितम्बर सायं 5 बजे तक लिखित रूप से सम्बंधित तहसीलदार, उपनिबन्धक, उप जिलाधिकारी, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), गोण्डा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है इसके बाद प्राप्त किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### कांग्रेस का बार एसोसिएशन को मिला समर्थन



**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ललितपुर व विधि विभाग कांग्रेस कमेटी ने जिला बार एसोसिएशन को एक समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार राय के निर्देशनुसार जिला कांग्रेस कमेटी ने विधि विभाग के जिलाध्यक्ष मो.आसिफ एड. व कांग्रेसियों के साथ अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम समित सभी मांगो का समर्थन किया। प्रदेश सरकार से मांग की राजस्थान की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाये, जिससे दूसरों को नया दिलाने वाले अधिवक्ता भी सुरक्षित रहें। देश में लोगों को सुसंगत न्याय मिल सके कांग्रेसियों ने समर्थन पत्र जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेंद्र यादव व महामंत्री महेंद्र जैन को सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह, विधि विभाग जिलाध्यक्ष मो.आसिफ एड., बहादुर अहिरवार एड., वैभव जैन एड., अजय प्रताप सिंह तोमर, भारती कुशवाहा एड., कांग्रेस नगराध्यक्ष नवनीत किलेदार, रविकांत दीक्षित एड., गजेंद्र सिंह बुंदेला, अशोक स्वर्णकार, अंकित यादव, मोंटी शुक्ला, मनीष श्रीमाली, रामनरेश दुबे, राजकिशोर एड., अशरफ खान एड., कुलदीप पाठक, उपासना पाठक, असलम खान, लक्ष्मी कुशवाहा, रानी तिवारी, सुमित, नेहा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर-घर जाकर कलश में इकट्ठा की मिट्टी

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय,सुलतानपुर।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत चल रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली,नंदौली व सिंघनी गांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम प्रीत, ग्राम प्रधान और सचिव के नेतृत्व में घर-घर जाकर कलश में मिट्टी इकट्ठा की गई। पार्टी के पदाधिकारियों ने इसके उद्देश्य के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। वृहस्पतिवार की सुबह गांव के प्राथमिक विद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि, प्रधान विकास यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम प्रीत, भाजपा नेता आचार्य सूर्यभान पांड़े व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजधर शुक्ला सहित ग्रामीणों ने कलश में मिट्टी रखा। कलश लेकर गांव के मुख्य मार्ग, मोहल्लों, सिंघनी, नन्दौली, गनापुर और पूरे फत्ते भरसइया में घर-घर जाकर कलश में मिट्टी इकट्ठा किया गया। बल्दीराय भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए बहुत से लोगों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनकी शहादत की वजह से आज हम सब आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता आचार्य सूर्यभान पांड़े ने कहा कि पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करना है। इनके संघर्ष व त्याग की बदौलत ही आज हमें आजादी मिली है। इन्हीं की याद में दिल्ली में अमृत वाटिका बनाई जा रही है। इसी के लिए कलश में मिट्टी जमा की जा रही है। इस दौरान हरिभान सिंह, उदय भान यादव, वेद प्रकाश अग्रहरि, प्रधान जय प्रकाश मिश्रा, सचिव रवि कुमार राणा, भाजपा नेता फैयाज अहमद, अनिल मिश्रा, घनश्याम तिवारी, बद्री विशाल आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका

**ललितपुर।** हापुड़ की घटना को लेकर ललितपुर के अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। कचहरी में नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। न्यायालय के गेट के सामने एकजुट होकर अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए सरकार का पुतला दहन किया। अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर वकीलों ने आज विरोध प्रदर्शन तेज करते हुए करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। वहीं, अधिवक्ताओं ने तहसील और दीवानी में अदालती कामकाज का बहिष्कार करते हुए मांगों पर सरकार की उदासीनता नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। नाराज वकीलों ने कचहरी के मुख्य द्वार पर सरकार एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं को कचहरी गेट पर बुलाकर इकट्ठा हुए और वकीलों ने अब तक हापुड़ के डीएम और एसपी का तबादला होने को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए।

# ओवरब्रिज की सर्विस रोड निर्माण की मांग



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम एवं मोहल्ले वासियों के द्वारा रेलवे ओवरब्रिज देवगढ़ की दोनों तरफ की सर्विस रोड निर्माण हेतु जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मोहल्ले वासियों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम ओवर ब्रिज की सर्विस रोड के निर्माण हेतु समस्या बताते हुए कहा कि चंडी मंदिर नई बस्ती मोहल्ले में 20-25 हजार लोगों की आबादी है, लेकिन सर्विस रोड ना होने के कारण मोहल्ले वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन यहां ट्रैफिक की समस्या होती है। साथ ही साथ अगर कोई बीमार है या कोई गर्भवती महिला है तो उसके लिए एंबुलेंस की सुविधा भी उसके घर तक नहीं पहुंच सकती। मोहल्ले वासियों ने यह भी बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हुआ है लेकिन सर्विस रोड अभी तक नहीं बनी है। पिछले जिला अधिकारी को मोहल्लेवासी एवं हिंदू संगठनों चंडी मंदिर धाम के द्वारा कई सारे ज्ञापन दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिला प्रशासन से लोगों ने मांग उठायी है कि सर्विस रोड का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाये। यह भी बताया कि सर्विस रोड का निर्माण नहीं होता है तो धरना प्रदर्शन व उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर किया प्रदर्शन

- जनता का उत्पीड़न कांग्रेस कतई नहीं करेगी बर्दाश्त: अभिषेक

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर बृहस्पतिवार (गुरुवार) को सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय से निकालकर लालडिग्गी चौराहा , डाकखाना चौराहा, होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां इंकलाब जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद,पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, योगी मोदी मुर्दाबाद, नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के प्रांगण में जमकर हंगामा काटा, उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन खत्म कर 14 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आये उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिक्षेत्र में स्थित शहीदों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों के प्रतीक स्थल की दुर्दशा बरकरार है एक तरफ हमारा देश आजादी की 75 वी वर्षगांठ मना रहा है तो दूसरी तरफ शासकीय व्यवस्था से हमारे गौरवशाली इतिहास के प्रतीक चिन्हों का अपमान किया जा रहा है। नगर पालिका के वर्तमान अधिशासी अधिकारी (ईओ) का व्यवहार सदैव आमर्यादित रहता है, जब किसी राष्ट्रीय कार्यक्रम अथवा अन्य किसी कार्यक्रम के बाबत कहने पर बड़ी ही बेरुखी से वार्ता करते हैं, और ससमय कार्य भी नहीं करवाते ऐसे अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शहर की अति महत्वपूर्ण गभड़िया नाले की छत का निर्माण कर बिना सड़क बनाए काम बंद कर दिया गया सही सड़क न होने के कारण राहगीर बच्चे आए दिन चोटिल हो रहे हैं। नगर के राहुल चौराहे से लेकर लोहरामऊ रेलवे क्रासिंग तक निर्माणधीन सीसी रोड मानक के विपरीत बनाई जा रही है सड़क हेतु जरूरी बेस का अभाव है जिससे सड़क अल्पसमय में ही खराब हो जाएगी।

## पुलिस व प्रशासन से व्यवस्थायें दुरुस्त कराने की मांग

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने एक ज्ञापन समिति अध्यक्ष पं.ब्रजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, ईओ नगर पालिका, नपाध्यक्ष को जल बिहार के संबंध में मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बताया गया कि 25 सितंबर दिन रविवार को जलबिहार (डोल ग्यारस) पर्व आ रहा है, जिसके संबंध में जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया कि उक्त पर्व के पूर्व सभी देवालयों के सड़क व समतलीकरण वा सफाई व्यवस्था व पूर्ण रूप से किए जाना अति आवश्यक है। शोभायात्रा श्रीरघुनाथ जी मंदिर चौबयाना से रावरपुरा, महावीरपुरा, घंटाघर, सावरकर चौक होते हुए सुमेरा तालाब पर जल बिहार के लिए जाते है। इसलिए सुमेरा तालाब के घाटों की सफाई वा बिजली की व्यवस्था किए जाने वा उक्त व्यवस्था को अपने स्तर से संबंधित विभागों को निर्देश जारी करना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में भी ट्रैफिक वा तालाब पर महिला वा पुरुष पुलिस की वा गोताखोर की व्यवस्था, उप जिलाधिकारी, ईओ व नपाध्यक्ष को दिए ज्ञापन में सुमेरा तालाब पर वोट कल्ब का स्थान प्रवर्तन किए जाने हेतु ज्ञापन दिया गया।

# संस्कारों से जीवन के मूल्य को पहिचानें: आर्यिकाश्री



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उच्चारणाचार्य विनम्रसागर महाराज की संघस्थ आर्यिका विमलश्री माताजी ने श्राविकाओं को जीवन का मूल्य पहिचानने के टिप्स दिए और कहा मां संस्कारों की जननी होती है। जव वह स्वयं संस्कारित होगी तभी आगे आने वालों को संस्कार दे पाएगी। जीवन जन्म और मृत्यु के बीच सिमटा है हमें इसके ज्वाइस करना है कि जीवन कैसा विताना है। आर्यिकाश्री ने धर्म को संस्कारों की जननी बताते हुए कहा धार्मिक आचरण से संस्कारों का जन्म होता है। आर्यिकाश्री ने कुरीतियों से बचने और जीवन को संवारने के लिए अनेक टिप्स देते हुए अपना जन्म सार्थक करने की प्रेरणा दी। महिला संस्कार शिविर व्राहमी सुन्दरी महिला मण्डल के तत्वावधान में गणाचार्यश्री विराग सागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलन महिला मण्डल द्वारा किया गया। जिसमें आर्यिका विमलश्री माताजी के अतिरिक्त नगर गौरव आर्यिका विनेहश्री माता, वितपश्री माताजी, विसमश्री माताजी, विपुलश्री माताजी, विमुदश्री माताजी, विभव्यश्री माताजी, विशर्वश्री माताजी, प्रमाश्री माताजी विराजमान रही। स्मरण रहे कि महिला मण्डल, व्राहमी सुन्दरी मण्डल, सुधा कलश महिला मण्डल, विद्या पूजा मण्डल के संयुक्त प्रयास से महिला संस्कार शिविर की संयोजना की जा रही है जिसमें स्वयं को पहिचानों, भारती नारी के संस्कार, जिन्दगी क्या है, चेहरे का वास्तु, आप और आपका श्रंगार, शुद्धि और सिद्धि विषय पर आर्यिकाश्री समाज में सकारात्मक चेतना की प्रेरणा दे रही हैं। सुबह अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त भारतीय जैन मिलन सिविल लाइन के तत्वावधान में युवा प्रगति शिविर के माध्यम से युवाओं को संस्कारित किया जा रहा है।

## इंटरशिप ट्रेनी सूरज के सहारे चल रही है पीएचसी

**सुलतानपुर।** कुड़वार विकास क्षेत्र के भंडरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों डॉक्टर और अन्य स्टॉफ की लापरवाही से अपनी बदहाली पर आंसू बहां रहा हैं। मरीज जब स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं तो उन्हें डॉक्टर नहीं मिलते है। जिससे मरीजों को या तो प्राइवेट चिकित्सकों के यहां जाकर इलाज कराना पड़ता है या मजबूरी में सुलतानपुर शहर या लखनऊ जाना पड़ता है । इससे लोगों का समय के साथ ही पैसे की भी बर्बादी होती है।

भंडरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वहां पर तैनात डॉक्टर स्मिता सिंह की मनमानी से बेहाल हो गया है। मरीज बेबस हैं। स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं भी नदारद हैं। हालत यह है कि मरीजों को निजी अस्पतालों की सेवाएं लेना पड़ रही हैं जिससे मरीजों को आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। डॉक्टर स्मिता सिंह की लापरवाही से लोगों में आक्रोश है। हालात ये हैं की अस्पताल में डॉक्टर स्मिता सिंह कब आती हैं और कब चली जाती हैं इसका पता ही नहीं चलता। आरोप है कि डॉक्टर स्मिता सिंह समय से अस्पताल नहीं आती हैं। जिसके कारण मरीज परेशान होते है और नीम हकीम या निजी अस्पताल में उपचार कराने के लिए जाते है। ऐसे में गरीब तबके के मरीज भगवान भरोसे डाक्टर के इंतजार में बैठे रहते हैं।

# मनियारपुर में 27 सफ़र को निकाला गया जुलूस

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर, कुड़वार।** ब्लाक क्षेत्र के मनियारपुर गांव में अंजुमन हैदरिया के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को जुलूस निकाला गया। जिसमें सोज़खानी दिलावर हुसैन ने किया। मजलिस को खेताब करते हुए मौलाना हैदर मेहदी ने कहा कुरआन में कायनात का पूरा इल्म है। हक़ हमेशा ज़ालिम पर भारी होता है और जालिमों का मुहॅ काला होता है, मौलाना ने कहा हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके घर वालों को एक साल तक कैदखाने में रखा गया। लेकिन सच्चाई हक़ इंसाफ बचाने के लिए हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने बहत्तर साथियों के साथ शहीद शहीद हो गए। आज हक़ जिन्दा है ये मजलिस जालिमों का मुहॅ काला करने और मज़लूम का साथ देकर हक़ जिन्दाबाद कहने का पैगाम देती है। मौलाना ने शहीदाने कर्बला के दर्दनाक मसाएब पड़े जिसे सुनकर अजादार फफक कर रो पड़े। जिसमें नेकाबत जीशान हैदर आज़मी ने किया और निजामत गौहर सुल्तानपुरी ने किया जिसमें प्रदेश की प्रसिद्ध अंजुमने अंजुमन नासुरूल अजा इलाहाबाद अंजुमन आरफी बघरा मुजफ्फरनगर अंजुमन जिनतुल अजा अलीगढ़ अंजुमन हैदरिया मनियारपुर ने नौहा मातम किया। जिसमे आबिद हुसैन, मोहम्मद आमिर, अनसर रिज़्वी, जियाफत हुसैन, शहंशाह हुसैन, लकउल हसन, गजनफर, शहबाज आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंजुमन हैदरिया के अध्यक्ष आबिद हुसैन ने आए हुए सभी अज़ादारो का शुक्रिया अदा। ये जानकारी फज़्ल रिज़्वी फैज़ ने दी।

## उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष का आगमन 15 सितम्बर को

**बहराइच।** अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर), उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ. देवेन्द्र शर्मा का 15 सितम्बर 2023 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। अध्यक्ष श्री शर्मा 15 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 05:30 बजे निरीक्षण भवन लो.नि.वि. बहराइच रात्रि विश्राम करेगें। डॉ. शर्मा 16 सितम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे जिला अस्पताल, पीकू वार्ड, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पोषण पुनर्वास केन्द्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं कोविड से प्रभावित बच्चे एवं एकल परिवारों के आवास पर संवाद करेगें। अध्यक्ष डॉ. शर्मा अपरान्ह 02:30 बजे जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थान पर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व अपरान्ह 03:30 बजे मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करेगें। अध्यक्ष डॉ. शर्मा अपरान्ह 04:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेगें। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

## मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा के लिए नामित किये गये नोडल अधिकारी

**बहराइच।** जनपद में अमृत कलश यात्रा के सफल आयोजन हेतु ग्राम, ब्लाक एवं जनपद स्तर पर आयोजित होने विविध कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा प्रत्येक स्तर के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र हेतु उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, युवा कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, ए.एन.एम., आशा व पंचायत सहायक को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंनेअपना नाम नमिता के स्थान पर नमिता मित्तल रख लिया है ,भविष्य में मुझे नमिता मित्तल के नाम से जाना व पहचान जाए।

**नमिता मित्तल पुत्री श्री राम अवतार मित्तल 4/317, रुचि खंड-1 शारदा नगर लखनऊ**

ग्राम पंचायत- जनियाजोत वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.09.2023 से 17.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 17.09.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

पशुराम मणि त्रिपाठी
सचिव
ग्रा.पं. जनियाजोत

रमेश चौधरी
प्रधान
ग्रा.पं. जनियाजोत

ग्राम पंचायत-सतवाढ़ी वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.09.2023 से 17.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 17.09.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रद्धा श्रीवास्तव
सचिव
ग्रा.पं. सतवाढ़ी

अली हुसैन
प्रधान
ग्रा.पं. सतवाढ़ी

# मेरी माटी मेरा देश मेरा गौरव भी: ज्योति गुप्ता

## हर घर से एक मुट्ठी चावल लेकर अभियान का किया श्रीगणेश



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर** अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत महिला मोर्चा चौक मंडल की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने आज घर घर जाकर अपनी टीम के साथ एक मुट्ठी चावल ग्रहण किया। जैसा कि विदित हो अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर ज्योति गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को मेरी माटी मेरा देश अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया उन्होंने कहा भारत के प्रत्येक नागरिक को इस अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी है। यह अभियान पर्यावरण के लिए अमृत साबित होने वाला है। महानगर अध्यक्ष ने बताया बलिदानियों की वीर गाथाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है ज्योति गुप्ता ने बताया पिछले साल केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा झंडा अभियान चलाया था वही इस साल देशवासी मेरी माटी मेरा देश भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना है स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया एक विकसित देश बनाने गुलामी की मानसिकता को खत्म करने हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने एकता और एकजुटता बनाए रखना नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करना है।

## पुत्री की शादी में अनुदान पानें के लिए करें आवेदन

**हमीरपुर।** आज के महगाई के दौर में बेटियों की शादी मे लगानें वाले जहेज नें आम आदमी की कमर तोड़ कर रखदी है ऐसे में यदि सरकार की ओर से अनुदान मिलता जाता है तो बड़जि मदद होजाती है इस सिलसिले मे जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राम लखन गुर्जर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में रु0 56,460 एवं ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46,080 प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये, अपनी पुत्री की शादी अनुदान हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। शादी अनुदान राशि शासन द्वारा रू0 20000.00 निर्धारित हैं। अनुदान हेतु विभागीय वेबसाइट www.shaadianudan.upsdc-gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से जनसेवा केन्द्र, लोकवाणी केन्द्र, साईवर कैफे, निजी इण्टरनेट के माध्यम से ऑनलाईन कर सकते हैं। आनलाईन आवेदन करने के उपरान्त आवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नकों सहित सम्बन्धित उपजिलाधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में 07 दिन के अन्दर जमा किया जायेगा।

# जनपद में 22 पैथालोजी हैं पंजीकृत दर्जनों चल रही हैं अवैध

अवधनामा संवाददाता



- सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

**हमीरपुर-मौदहा।** जिले भर में अवैध पैथोलॉजी लैबों की बाढ़ सी आ गई है। कलेक्शन सेंटर की आड़ में धड़ल्ले से अवैध पैथोलॉजी लैबों का संचालन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सामने ही चल रहीं है अनेकों अवैध पैथोलॉजी। बिना रजिस्ट्रेशन व अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रहीं पैथोलॉजी लैबों की जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अनुसार जिले में केवल 22 पैथोलॉजी लैब ही पंजीकृत हैं।मौदहा में 2 पैथालोजी ही पंजीकृत हैं लेकिन चल रही हैं अनेक कमो बेश यही हाल जिला मुख्यालय का भी है जहाँ अनगिनत अवैध लैब कलेक्शन सेंटर की आड़ में चल रही हैं। जिले भर में यह आंकड़ा दर्जनों की संख्या में बताया जा रहा है। इन लैब का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है और लोगों के सैंपल लेकर जांच की जा रही है। **यह हैं सुप्रीम कोर्ट के आदेश** - 12 दिसंबर 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश क्रमांक 32596/2010 अनुसार पैथालॉजी लैब में कार्यरत पैथालॉजिस्ट जिसके पास एमडी अथवा डीसीपी की डिग्री हो, वही व्यक्ति रिपोर्ट पर हस्ताक्षर कर सकता है। इसके अलावा भले ही वह एमबीबीएस डॉक्टर्स क्यों न हो, उसे रिपोर्ट में हस्ताक्षर करने का अधिकार नहीं है। इस मामले में टैक्नीशियन की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। लेकिन इसके बाद भी जिले भर मे कस्बों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी अवैधरूप से सैकड़ों पैथालॉजी लैब का संचालन अयोग्यों द्वारा किया जा रहा है। **न योग्यता न रजिस्ट्रेशनः** लैब संचालन के लिए शासन द्वारा विधिवत नियम लागू किए गए हैं, लेकिन जिले में आश्चर्यजनक रूप से डीएमएलटी व उनके सहयोगी तक लैब संचालित कर रहे हैं, वे ही रिपोर्ट में साइन करके दे रहे हैं, जबकि लैब संचालक एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजिस्ट होना चाहिए। इतना ही नहीं अवैध तरीके से संचालित हो रहीं लैब के पास न ही नियमानुसार पॉल्यूशन बोर्ड का रजिस्ट्रेशन है और न ही पंजीकृत मेडिकल वेस्ट फर्म का पंजीयन है। लैब के पास पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का रजिस्ट्रेशन, पंजीकृत मेडिकल वेस्ट सर्विस से एग्रीमेंट, सीएमएचओ ऑफिस का रजिस्ट्रेशन लेकिन नियमों को ताक पर रखकर पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं। और स्वास्थ्य विभाग मौन है।

# हत्या की घटना का अभियुक्त गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** 11.09.2023 को नई बस्ती जुगियाना कस्बा राठ की रहने वाली संगीता देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी हरिश्चन्द्र अनुरागी की हत्या करने के सम्बंध में मृतका के पुत्र अंशुल अनुरागी द्वारा तहरीर दी गई कि उसके पिता हरिश्चन्द्र अनुरागी पुत्र भगवतीलाल ने उसकी माँ की हत्या कर दी है। जिसके आधार पर थाना राठ में मु0अ0सं0-467/23 धारा-302 आईपीसी बनाम हरिश्चन्द्र पंजीकृत किया गया।

इस सामान्य पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना राठ पुलिस को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 14.09.2023 को थाना राठ पुलिस टीम द्वारा ग्राम औंता से हमीरपुर जाने वाली रोड पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि उसकी पत्नी दिल्ली में काम करती थी वह उसे मना करता था कि काम मत करों मेरे साथ रहो, आरोपी को शक था कि किसी व्यक्ति से नाजायज सम्बंध है जिसके कारण अक्सर दोनो के मध्य विवाद होता था। वह दिल्ली से बच्चो को लेकर आयी थी, मैं उसको मना कर रहा था कि तुमको अब दिल्ली नहीं जाना है परन्तु वह नहीं मानी तभी मुझे गुस्सा आ गया उस समय घर मे कोई नहीं था बच्चे स्कूल चले गए थे, घर में किसी के न होने के कारण आरोपी ने उसका गला दबा कर, पहने हुए साड़ी से गले में फंदा कसकर उसकी हत्या कर दी और भाग गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बांसी व देवरार के पास सर्राफ व्यवसायी से लूट

## पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, पांच टीमें लगाई गई

अवधनामा संवाददाता



जिला अस्पताल के आई वार्ड में भर्ती घायल सर्राफा व्यवसायी अनिल

**बांदा।** नरैनी क्षेत्र में जिस तरह से बाइक सवार सर्राफ व्यवसायी को रोककर रास्ते में लूट लिया गया, उससे तो यही प्रतीत होता है कि लुटेरों को पुलिस का तनिक भी खौफ नहीं है। घायल हालत में सर्राफा व्यवसायी अनिल सेन अस्पताल में भर्ती है।उसने बताया कि लूट की घटना को अंजाम देने आए दो लुटेरों के चेहरे खुले थे, जबकि तीसरे का चेहरा नकाब में था।

ऐसा प्रतीत होता है कि वही लुटेरों का सरगना था। जिन लुटेरों के चहरे खुले हुए थे उन्होंने स्अंप और बल्ले से जमकर वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। बाद में नकाबपोश लुटेरे ने तमंचा उसके सीने में लगा दिया और रुपयों तथा जेवरों से भरा बैग लेकर भाग निकले। इधर, गिरवां थाना पुलिस ने तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि एसओजी और सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है। शहर के फूटाकुआं इलाके में रहने वाला अनिल सेन बने बनाए जेवर सर्राफा कारोबारियों को देने का काम करता है। उसके गांवों में भी संपर्क हैं। वहां भी तमाम लोग सर्राफ का काम करते हैं। बुधवार की शाम को वह नरैनी से वसूली का एक लाख 46 हजार रुपया, सोने चांदी के जेवर बैग में लेकर बाइक से घर आ रहा था, तभी बांसी देवरार गांव के पास तीन लुटेरों ने उसे रोक दिया। और उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए तमंचा लगा दिया। उसका रुपयों और जेवरों से भरा बैग लेकर भाग निकले। थाना प्रभारी गिरवां संदीप तिवारी ने बताया कि एक-एक टीम एसओजी की और थाने की टीम टीमें लुटेरों को खोजने का प्रयास कर रही हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही लुटेरे पकड़े जाएंगे।

अज्ञात तीन लुटेरों के खिलाफ धारा 394 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। लूट की घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा और लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस की पांच टीमें वैसे ही लगा दी गई हैं। इसके साथ ही सर्राफ व्यवसायी अनिल सेन का मोबाइल फिलहाल कब्जे में लिया गया है। सीडीआर निकालकर लुटेरो को पकड़ने में मदद ली जाएगी। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### मै चिल्लाता रहा, गुहार लगाता रहा किसी से नहीं बचाया: अनिल

**बांदा।** जिला अस्पताल में भर्ती घायल सर्राफ व्यवसायी अनिल सेन ने बताया कि घटनास्थल से कुछ ही दूर पर तमाम लोग खड़े हुए थे। लुटेरों ने जब उसके साथ मारपीट की तो उसने बचाने की गुहार लोगों से लगाई, लेकिन कोई भी बचाने के लिए नहीं आया। घायल सर्राफा व्यवसायी अनिल सेन ने बताया कि उसके बैग में वसूली का एक लाख 46 हजार रुपया नगद था। इसके साथ ही 23 ग्राम सोना जिसकी कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए थी। इसके अलावा चांदी के जेवरात भी थे। कुल मिलाकर बैग में नगदी समेत पांच लाख रुपए का माल था।

- लुटेरों में खुले थे दो के चेहरे, एक लुटेरा नकाब में रहा

# टूरिस्ट परमिट वाली बसें ढो रहीं है सवारियां

अवधनामा संवाददाता





- जगह जगह बनें हैं इनके कार्यालय सरकार को हो रहा भारी राजस्व का नुकसान विभागीय अधिकारी मौन

**मौदहा हमीरपुर।** टूरिस्ट परमिट लेकर हमीरपुर जिले में अनेकों बसें स्थानीय सवारियां ढो रही है। यह सारा खेल परिवहन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से चल रहा है। टूरिस्ट परमिट वाली इन बसों के खेल के बारे में पुलिस को भी पूरी जानकारी है लेकिन पुलिस कभी इधर ध्यान देती ही नही। यह बसें प्रतिदिन मौदहा से दिल्ली और दिल्ली से मौदहा सरपट दौड़ रही हैं। यह बसें सुमेरपुर में लबे सड़क और मुख्यालय में रोडवेज के करीब पीडबलू कार्यालय के सामनें खड़ी हो कर सवारी बैठाती उतारती हैं जबकि यहां कोई स्टैंड भी नहीं है। बावजूद इसके यह बसें इन स्थानों पर सवारी उठाती हैं।

टूरिस्ट परमिट की आड़ में दिल्ली प्रांत से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में सवारियों को यहां लाने ले जाने का काम किया जा रहा है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन बसों में दिल्ली से बिना बिल के व्यापारियों का सामान भी लाया जाता है जिस से सरकार का नुकसान हो रहा है मजे की बात यह है कि जिन रास्तों से यह बसें गुजरती हैं, उन पर थाना, कोतवाली व पुलिस चौकी भी पड़ती है। हाईवे पर लाहो लश्कर के साथ एआरटीओ से लेकर यातायात पुलिसकर्मी भी मौजूद होते हैं,लेकिन इन बसों पर शिकंजा क्यों नहीं कस पा रहा है, यह बात जगजाहिर है। फीलगुड का अहसास कर विभागीय अधिकारी और वाहन मालिकों की गठजोड़ से चल रही बसों में सवारियों को भूसे की तरह भरकर लाया और ले जाया जा रहा है। नेशनल टूरिस्ट परमिट का नियम यह है कि वाहन एक जगह से बुक करके सवारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जाता है।बीच में न कही सवारी ली जा सकती है और न ही उतारी जा सकती है लेकिन मौदहा, सुमेरपुर, हमीरपुर में यह बसे हाईवे के किनारे खडी हो कर सवारी बैठाती हैं जो परिवहन के नियमों का उल्लंघन है। किसी निर्धारित रूट पर फुटकर सवारी बस में बैठाने के लिए स्टेट परमिट का अलग प्रावधान है। लेकिन कागजी प्रक्रिया और टैक्स से बचने के लिए वाहन स्वामी नेशनल टूरिस्ट परमिट लेकर मोटी कमाई कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार टूरिस्ट परमिट लेकर सवारी ढोने वाली बसों से अच्छी खासी वसूली की जाती है।इन बसों की जानकारी परिवहन विभाग के पास है। बसों से वसूली के लिए किसी प्राइवेट व्यक्ति को लगाया गया है, जिसके बारे में पूरा महकमा जानता है। टूरिस्ट परमिट लेकर बसों से सवारी ढोना परमिट शर्तो का उल्लंघन है।यह देखना है दिलचस्प होगा कि नियमों को धुएँ में उड़ा रही इन बसों को परिवहन व पुलिस विभाग कब अनकुश लगानें मे सफल होता है।

# आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज रेणुकूट में मनाया गया हिन्दी दिवस



**सोनभद्र/ रेणुकूट अवधनामा संवाददाता।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में गुरुवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य श्री विजय भागवत पाटिल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। तदुपरान्त वरिष्ठ शिक्षक केशभान राय ने उप- प्रधानाचार्य महोदय का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जहां छात्र -छात्राओं ने संगीत शिक्षिका ज्योति मिश्रा द्वारा संगीतबद्ध खूबसूरत गीत हिन्दी हमारी जान है प्रस्तुत किया वहीं शिक्षिका डॉ. स्मिता सिंह व बिन्दु द्वारा निर्देशित हिन्दी नाटक गुरू की महिमा की प्रस्तुति बेहद शानदार रही। छात्राओं ने शिक्षिका पुष्पिता पाठक के निर्देशन में बेहद मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं की छात्रा दिव्यांशी चौबे व कक्षा 11वीं की छात्रा मीनू ने भी अपने विचार रखे। श्री पाटिल ने अपने उद्बोधन में सभी को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इसकी उपयोगिता, इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही आधुनिक जीवन में हिन्दी की आवश्यकता एवं राष्ट्र व समाज के निर्माण में उसकी भूमिका के विषय में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# डेंगू का प्रकोप और बढ़ा, छह डेंगू पीड़ित अस्पताल में भर्ती

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। डेंगू की जांच के लिए 21 सेंपल गुरुवार को लिए गए। जांच के दौरान मरीज महिला मरीज पाजिटिव मिलीं। इसके अलावा पिछले चौबीस घंटों में चार अन्य डेंगू पीड़ित मरीजों को अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया है। इस तरह से डेंगू पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। इधर, वायरल फीवर के साथ ही डायरिया और खांसी जुकाम पीड़ित मरीजों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है।

बारिश की वजह से जगह-जगह जलभराव और गंदगी होने के कारण बीमारियों में इजाफा हो रहा है। पहले तो वायरल फीवर और अन्य बीमारियों ने लोगों को छकाया, अब डेंगू अपना असर दिखा रहा है। प्रतिदिन दो-तीन मरीज पाजिटिव मिल रहे हैं। गुरुवार को बुखार पीड़ित मरीज काफी संख्या में जिला अस्पताल पहुंचे। इनमें 21 मरीजों के सेंपल डेंगू जांच को लिए गए। जांच के दौरान दो महिला मरीज नीतू (19) पुत्री महेंद्र निवासी शंकर नगर और मंजू (35) पत्नी राजू निवासी बंगालीपुरा डेंगू पाजिटिव मिलीं। इन्हें तत्काल डेंगू वार्ड में भर्ती कर लिया गया और उपचार शुरू किया गया। इधर पिछले चौबीस घंटों में चार डेंगू पीड़ितो को जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया। इनमें शिवम (24) पुत्र सुशील सिंह पद्माकर चौराहा, विक्रम सिंह (24) पुत्र दद्दू सिंह जहाज बिल्डिंग पद्माकर चौराहा, शैलेश (25) पुत्र बाबूलाल यादव पिपरी और लवकुश (18) पुत्र रामकेश शामिल हैं। इन सभी मरीजों को मिलाकर अब तक 25 डेंगू पाजिटिव मरीज मिल चुके हैं। इधर, जिला अस्पताल में सुबह से ही वायरल फीवर और अन्य मरीजों की जिला अस्पताल में भीड़ लगी रही। कई बुखार पीड़ितों को भी जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया गया।

## एनटीपीसी रिहंद में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

**सोनभद्र /बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में 14 से 29 सितंबर 2023 तक मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ प्रशासनिक भवन में गुरुवार को हिन्दी में कार्य करने के शपथ के साथ किया गया। परियोजना प्रमुख (रिहंद) श्री संजीव कुमार ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी के संवर्धन हेतु हिन्दी में कार्य करने की शपथ दिलाई तत्पश्चात उन्होने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि वे कार्यालयीन काम-काज एवं बोल-चाल में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करके हिन्दी के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। इस वर्ष मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़ के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। प्रतियोगिताओं की कड़ी में सर्वप्रथम गुरुवार की सुबह स्टेशन के आधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिन्दी हस्ताक्षर प्रतियोगिता में भाग लिया। आगामी दिनों में एनटीपीसी कर्मचारियों, सहयोगी संस्थाओं के कर्मचारियों, टाउनशिप की महिलाओं एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु शीर्षक लेखन, पोस्टर, स्वरचित कविता, गीत गायन, निबंध लेखन, सुलेख, हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं हिंदी कार्यशाला आदि का आयोजन किया जाएगा।

# बीमार बच्चों का छात्रावास अधीक्षक ने कराया उपचार



**बांदा अवधनामा संवाददाता।** वैसे तो मौसमी बीमारियों की चपेट में पूरा जिला है। हर घर में एक-दो मरीज पड़े हुए हैं। जिला अस्पताल भी मरीजों से लगभग फुल नजर आ रहा है। ऐसे में महोखर स्थित दृष्टिबाधित इंटर कालेज के बच्चों को वायरल फीवर ने अपनी चपेट में ले लिया। गुरुवार को 13 बच्चों का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया। चिकित्सक ने बच्चों को दवाएं दीं। इसके साथ ही सावधानी बरतने की हिदायत दी है। मौसमी परिवर्तन घातक साबित हो रहा है। बारिश के बाद फैली गंदगी की वजह से इन दिनों वायरल फीवर और खांसी जुकाम की बीमारी लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। महोखर गांव स्थित अंध विद्यालय के बच्चे भी वायरल फीवर की चपेट में आ गए। धीरे-धीरे 13 बच्चो को बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया, जबकि कई बच्चे खांसी जुकाम से परेशान हैं। गुरुवार को छात्रावास अधीक्षक अजीत प्रताप बच्चों को अस्पताल लाए। इनमें सूरजपाल, मिथलेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, मनोज कुमार समेत 13 बच्चे शामिल रहे। इन सभी बच्चों को बुखार और खांसी जुकाम था। सभी बच्चों से चिकित्सकों ने पूछतांछ की और उन्हें दवाइयां दी। जिला अस्पताल के चिकित्सक ने कहा कि स्वच्छ भोजन और पेयजल का सेवन करें। इसके साथ ही अगर दवा से हालत में सुधार न हो तो फिर से जिला अस्पताल में उपचार कराएं।


# पुलिस ने किया लूट की घटना का खुलासा लूट के माल सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** थाना कुरारा क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक 12.09.2023 को अजय पुत्र रघुबीर निषाद निवासी ग्राम पड़ुई थाना कुरारा जनपद हमीरपुर ने शिकायती तहरीर दी थी कि 03 अज्ञात लोगों नें उसके साथ डण्डे से मारपीट कर उस की मोटरसाइकिल अपाचे व मोबाइल वीवो कंपनी के साथ 1000/- रूपये छीन ले हैं। जिसके संबन्ध में थाना कुरारा पर मु0अ0सं0-324/23, धारा-394 आईपीसी पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण हेतु थाना कुरारा पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 14/09/2023 को थाना कुरारा पुलिस टीम को लूट की घटना से संबन्धित अरोपियों की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त हुई। उपरोक्त सूचना पर पुलिस टीम बताये हुए स्थान के पास पहुँचे तो एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति ग्राम पतारा तिराहे की तरफ से आते दिखाई दिये जिनको रोकने का इशारा किया गया तो तीनों लोग पतारा की तरफ मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर मोटरसाइकिल सहित तीनों को पकड़ लिया गया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई टीवीएस अपाचे मो0साईकिल, मोबाइल फोन व 1000/- रु नगद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा लूट की घटना कारित करने स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त मो0साइकिल आरोपियों की निशादेही पर घर से बरामद की गई। आरोपियों से बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0-324/23 धारा 394 आईपीसी में धारा 411 आईपीसी की बढोत्तरी की गयी, तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेन्डर को 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया। अभियुक्तगणों के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय भेजा जा रहा है।

# एनसीएल में राजभाषा पखवाड़ा 2023 का हुआ शुभारंभ





**सोनभद्र/ सिंगरौली अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में हिन्दी दिवस के अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री भोला सिंह ने राजभाषा पखवाड़ा-2023 का शुभारंभ किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सीएमडी श्री भोला सिंह ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि भारत की राजभाषा हिंदी हैं। हिंदी जीविकोपार्जन के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक सरोकार की भी भाषा हैं। श्री सिंह ने हिंदी के उपयोग के लिए आत्मावलोकन पर बल दिया एवं उपस्थित सभी से अपने घर से लेकर कार्यालय तक हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दी का प्रचार प्रसार करें तथा हिंदी के प्रयोग को आचरण में लाकर इसे सार्थक बनाएँ। कार्यक्रम के दौरान कंपनी सीएमडी श्री भोला सिंह के अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेन्द्र मालिक , निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह, कंपनी जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई प्रतिनिधि एवम मुख्यालय के विभागाध्यक्ष व अन्य कम्पनी कर्मी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के कार्यों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से विभिन्न संकाय के हाल में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों के गुणवत्ता को भी देखा, उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में जो भी सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता बेहतर हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज के भवन निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जॉच करायी जायेगी, जॉच में यदि गुणवत्ता में कमी पायी जाती है, तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन भवन के दूसरा व तीसरे तल पर कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किये तो कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्करों की संख्या बढ़ाकर कार्यों मे तेजी लायी जाये और जो तकनीकी कार्य अभी तक शुरू नहीं किये गये हैं, उन कार्यों को हर हाल में शीघ्र ही शुरू कराया जाये इसमें शिथिलता न बरती जाये, ताकि जल्द से जल्द मेडिकल कालेज को शुरू कराकर पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बिछाये जा रहे इण्टरलाकिंग के ईंट को स्वयं उठाकर उसके गुणवत्ता को देखा, जिसकी गुणवत्ता प्रथम दृष्टया ठीक नहीं पायी गयी तो सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि इण्टरलाकिंग में लगाये जा रहे ईंट बेहतर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, इसलिए अच्छी क्वालिटी के ईंट का प्रयोग इण्टरलाकिंग के कार्य में लगाया जाये, इसमें लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य हेतु नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज में प्रयोग की जा रही तकनीकी सामग्रियों का जो प्रयोग किया जा रहा है।

# सबको शिक्षा उत्तम शिक्षा






## स्कूल चलो अभियान में 1.92 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन

## ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.40 लाख से अधिक

प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास

आजमगढ़, अलीगढ़ एवं सहारनपुर में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना

लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस का निर्माण

280 नवीन राजकीय इंटर कॉलेज एवं हाईस्कूल का संचालन
60 नवीन इंटर कॉलेजों की स्वीकृति

41 नए इंटर कॉलेज, 215 राजकीय हाईस्कूल एवं
77 बालिका छात्रावासों के भवन निर्मित

असेवित क्षेत्रों में 39 नवीन हाईस्कूल एवं 14 नवीन इंटर कॉलेजों का निर्माण

स्टार्टअप नीति के तहत 15 इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना

22 निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत

119 राजकीय महाविद्यालयों में ई-लर्निंग पार्क का विकास

78 नए राजकीय महाविद्यालयों का निर्माण गतिमान

87 राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की व्यवस्था

प्रयागराज में राजेंद्र प्रसाद विधि विश्वविद्यालय का निर्माण गतिमान

मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण गतिमान

कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
की स्थापना का निर्णय

विंध्याचल, देवीपाटन एवं मुरादाबाद मंडल में
राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय



## सबको शिक्षा का अधिकार - डबल इंजन की सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश